दैनिक
# सत्ता सुधार
जनता के साथ जनता की आवाज
श्योपुर ■ गुरुवार 03 जुलाई 2025 ■ वर्ष-19 ■ अंक-354 ■ पृष्ठ-16 ■ मूल्य-₹04

**सुविचार**

बच्चों को पालना, उन्हें अच्छे व्यवहार की शिक्षा देना भी सेवाकार्य है, क्योंकि यह उनका जीवन सुखी बनाता है। -स्वामी रामसुखदास

### भाजपा के नए प्रदेश अध्यक्ष ने संभाला पदभार, गर्मजोशी से हुआ स्वागत

# पार्टी से जो दाएं-बाएं होगा उसे होगी परेशानी : खंडेलवाल

- सत्ता और संगठन दोनों मिलकर काम करेंगे
- कार्यकर्ताओं के सम्मान में नहीं आएगी कोई कमी

### सीएम डॉ. यादव व पूर्व प्रदेशाध्यक्ष ने मिठाई खिलाकर दी शुभकामनाएं



सत्ता सुधार ■ भोपाल

बुधवार को आयोजित कार्यक्रम में हेमंत विजय खंडेलवाल ने मध्य प्रदेश भाजपा के नए प्रदेश अध्यक्ष के रूप में पदभार संभाला। इस मौके पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान, निवर्तमान प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा समेत भाजपा के कई वरिष्ठ नेता मौजूद थे। प्रदेश अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी मिलने पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और सांसद वीडी शर्मा ने खंडेलवाल को मिठाई खिलाकर शुभकामनाएं दीं। पार्टी कार्यकर्ताओं और नेताओं ने इस मौके पर खंडेलवाल का गर्मजोशी से स्वागत किया और उनके नेतृत्व में संगठन को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने की उम्मीद जताई।

बुधवार को भोपाल में केंद्रीय पर्यवेक्षक एवं केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान की उपस्थिति में खंडेलवाल के नाम पर सर्वसम्मति से मुहर लगाई गई। खंडेलवाल का चयन निर्विरोध रहा, जिसे पार्टी के भीतर अनुशासन और एकजुटता का प्रतीक माना जा रहा है। प्रदेश अध्यक्ष बनते ही हेमंत खंडेलवाल ने अपने विचार भी रखे हैं। नए बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल ने भाजपा में अनुशासन की बात की। उन्होंने कहा कि पार्टी में अनुशासन बड़ा होता है। सब मिलकर काम करते हैं। इस वजह से यहां पर सभी का सम्मान होता है। भाजपा का परिवार कई वर्षों से कांग्रेस के विरुद्ध झंडा बुलंद करता आया है और आगे भी करता रहेगा उन्होंने कहा कि कार्यकर्ताओं के सम्मान में कोई कमी नहीं आएगी। भाजपा उनके रग रग में है। हेमंत खंडेलवाल ने ये भी मैसेज देने की कोशिश की पार्टी सर्वोपरि है। उन्होंने कहा कि पार्टी से जो दाएं-बाएं होगा उसको परेशानी होगी। सत्ता और संगठन दोनों मिलकर काम करेंगे।

#### हेमंत ऋतु का आनंद ही अलग है: सीएम

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा वैसे तो हर ऋतु का अपना मजा है लेकिन हेमंत ऋतु की बात ही अलग होती है। हेमंत ऋतु के बाद त्योहार के दिन शुरू होते हैं। दशहरे के बाद दिवाली के त्योहारों का मजा ही अलग है। बीजेपी में वीडी शर्मा के बाद हेमंत खंडेलवाल पार्टी के खजाने में कई माल हैं।

#### शिवराज बोले- हेमंतजी चुनौती बड़ी है

इसके पहले केन्द्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि हेमंत चुनौती बड़ी है, आसान नहीं है। वीडी शर्मा पहले ही 29



में से 29 सीटें लोकसभा की दे चुके हैं। 163 विधानसभा सीट जीत चुके हैं। वोटिंग प्रतिशत भी बहुत आगे है। अब इसे आगे ले जाना है। मुझे यकीन है कि हेमंतजी के नेतृत्व में बीजेपी के कार्यकर्ता और यह टीम पार्टी को नई ऊंचाई पर लेकर जाएगी।

#### खंडेलवाल एक आदर्श कार्यकर्ता : वीडी शर्मा

भाजपा सांसद वीडी शर्मा ने कहा कि हेमंत खंडेलवाल प्रदेश अध्यक्ष निर्विरोध निर्वाचित हुए हैं। भाजपा दुनिया का सबसे बड़ा राजनैतिक दल है। भाजपा एक आदर्श संगठन है...इस यात्रा को आगे बढ़ाने के लिए सभी की भूमिका रही है। मैं मानता हूं कि हेमंत खंडेलवाल एक आदर्श कार्यकर्ता हैं...हम उनके नेतृत्व में इस यात्रा को मिलकर आगे बढ़ाएंगे। शर्मा ने कहा कि उनके कार्यकाल के दौरान उनके किसी काम और व्यवहार से किसी को चोट पहुंची हो, तो मैं माफी मांगता हूं।

## सुप्रीम कोर्ट ने पहली बार भर्तियों में लागू किया आरक्षण




### एससी और एसटी कोटे की मांग पूरी, हर साल 200 पदों पर भर्ती

एजेंसी ■ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट के प्रशासनिक पदों की भर्ती में पहली बार अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति वर्ग के लिए आरक्षण लागू हुआ है। 24 जून को जारी किए गए सर्कुलर में पदों के आरक्षण की जानकारी दी गई है। सुप्रीम कोर्ट में हर साल 200 पदों पर भर्ती की मंजूरी। इस तरह हर साल होने वाली भर्ती में 15 फीसदी एससी और 7.5 फीसदी एसटी आरक्षण लागू रहेगा। ऐसे में कुल 30 पदों को एससी आरक्षित किया जाएगा। इसके अलावा 15 पद एसटी वर्ग के लिए तय किए जाएंगे। सुप्रीम कोर्ट का यह फैसला सामाजिक न्याय की मांग को देखते हुए अहम है। लंबे समय से मांग होती रही है कि कोर्ट की भर्तियों में भी कोटा लागू किया जाए।

कोर्ट की ओर से बताया गया कि सीनियर पर्सनल असिस्टेंट के 94 पदों पर भर्ती में 14 एससी कोटे के लिए होंगी। इसके अलावा 6 पद एसटी कोटे के लिए आरक्षित रहेंगी। 74 पदों को अनारक्षित किया जाएगा। इसी तरह असिस्टेंट लाइब्रेरियन के 20 पदों में से 3 को एससी और एक को एसटी कोटे में रखा गया है। जूनियर कोर्ट असिस्टेंट की बात करें तो कुल 437 पद हैं, जिनमें से 65 पद एससी के लिए आरक्षित होंगे। इसके अलावा 32 पोस्ट एसटी के लिए होंगी। 340 पद अनारक्षित रहेंगे।

यही नहीं जूनियर कोर्ट असिस्टेंट के 20 पदों पर भी कोटा लागू रहेगा। जूनियर कोर्ट अटेंडेंट के भी 600 पदों पर आरक्षण लागू रहेगा। यही नहीं चेंबर अटेंडेंट के पद भी कोटा लागू होगा। सर्कुलर में कहा गया है कि यदि आरक्षण के नियम को लागू नहीं किया जाता है तो उसकी शिकायत रजिस्ट्रार से की जाए।

## ब्रीफ न्यूज

#### ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में शामिल नहीं होंगे जिनपिंग

**बीजिंग।** चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग ब्राजील में होने वाले ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में भाग नहीं लेंगे। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता माओ निंग ने इस बात की पुष्टि की। उन्होंने बताया कि राष्ट्रपति जिनपिंग की जगह प्रधानमंत्री ली च्यांग ब्रिक्स शिखर सम्मेलम में चीन का प्रतिनिधित्व करेंगे। उन्होंने यह नहीं बताया कि जिनपिंग ने यह निर्णय क्यों लिया। पिछले एक दशक में यह पहली बार होगा जब वे ब्रिक्स के सम्मेलन में शामिल नहीं होंगे। बता दें ब्राजील के रियो डी जनेरियो में 6 और 7 जुलाई को आयोजित हो रहे ब्रिक्स देशों का वार्षिक शिखर सम्मेलन में पीएम मोदी इस सम्मेलन में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे।

#### संसद की सुरक्षा में सेंध के आरोपियों को मिली जमानत

**नई दिल्ली।** संसद की सुरक्षा में चूक के मामले में दिल्ली हाई कोर्ट ने दो आरोपियों नीलम आजाद और महेश कुमावत को जमानत दे दी है। हाईकोर्ट ने आरोपियों को 50-50 हजार रुपये के निजी मुचलके और इतनी ही राशि की दो जमानतों पर राहत प्रदान की। बता दें कि 13 दिसंबर 2023 को संसद की सुरक्षा में सेंध लगाने के मामले में अन्य आरोपियों के साथ गिरफ्तार किया गया था। इससे पहले निचली अदालत ने आरोपियों की जमानत याचिका को खारिज कर दी थी, जिसके बाद आरोपियों ने निचली अदालत के आदेश को चुनौती दी थी।

#### आपके मोबाइल में आएगा अलर्ट मैसेज, घबराए नहीं

**नई दिल्ली।** आने वाले दिनों में आपके मोबाइल में भी कोई अलर्ट का मैसेज आए। जिसमें लिखा हो कि ये एक टेस्ट मैसेज है, तो आपको परेशान होने की जरुरत नहीं है। ये मैसेज भारत सरकार के टेलीकॉम मंत्रालय की एक तैयारी का हिस्सा है ताकि सरकार समय रहते आम लोगों को किसी आपदा या इमजेंसी की सूचना लोगों तक पहुंचा सके। दूरसंचार विभाग और राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण मिलकर देशभर में मोबाइल के जरिए अलर्ट सिस्टम को मजबूत बना रहे हैं।

## बांग्लादेश: पूर्व पीएम शेख हसीना को छह माह की जेल



### कोर्ट की अवमानना का पाया दोषी, तीन सदस्यों वाली पीठ ने सुनाया फैसला

**ढाका।** बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना को अदालत की अवमानना के आरोप में दोषी ठहराया गया है और छह महीने जेल की सजा सुनाई गई है। अंतरराष्ट्रीय अपराध न्यायाधिकरण ने सजा का एलान किया है। बुधवार को तीन सदस्यों वाली पीठ ने यह फैसला सुनाया। बांग्लादेशी मीडिया के अनुसार, अंतरराष्ट्रीय अपराध न्यायाधिकरण की पीठ की अध्यक्षता जस्टिस मोहम्मद गुलाम मुर्तजा मजूमदार ने की। यह पहली बार है जब किसी मामले में शेख हसीना को जेल की सजा सुनाई गई है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, बीते साल शेख हसीना की एक ऑडियो क्लिप लीक हुई थी। यह ऑडियो क्लिप सोशल मीडिया पर वायरल हुई और उसके बाद बांग्लादेशी मीडिया ने भी इसे प्रसारित किया था। इस ऑडियो क्लिप में कथित तौर पर शेख हसीना गोबिंदगंज उपजिला चेयरमैन शकील बुलबुल से बात कर रहीं थी, जिसमें उन्होंने कहा कि मेरे खिलाफ 227 मामले दर्ज हुए हैं, इसलिए मुझे 227 लोगों को मारने का लाइसेंस मिल गया है। अदालत की अवमानना के मामले में अंतरराष्ट्रीय अपराध न्यायाधिकरण शकील बुलबुल को भी दो महीने जेल की सजा सुना चुका है।

#### गवाहों को धमकाने की कोशिश का आरोप

अंतरराष्ट्रीय अपराध न्यायाधिकरण ने शेख हसीना के बयान को अवज्ञा माना और उन्हें अदालत को कमतर आंकने का दोषी ठहराया। अदालत ने कहा कि जब दोषी कोर्ट में आत्मसमर्पण कर देंगे या पुलिस द्वारा उन्हें गिरफ्तार कर लिया जाएगा, उसके बाद ही सजा शुरू होगी। यह सश्रम कारावास नहीं होगा। 30 अप्रैल को अंतरराष्ट्रीय अपराध न्यायाधिकरण के मुख्य अभियोजक ताजुल इस्लाम ने न्यायाधिकरण के सामने मामले को पेश किया था और शेख हसीना के बयान को पीड़ितों और गवाहों को धमकाने की कोशिश बताया।

## हां, मैं पांच साल सीएम रहूंगा..., इसमें कोई शक?

### सिद्धारमैया ने नेतृत्व परिवर्तन की अटकलों को किया खारिज

**चिक्कबल्लापुर।** कर्नाटक सीएम सिद्धारमैया ने बुधवार को राज्य में नेतृत्व परिवर्तन की अटकलों को खारिज किया। उन्होंने कहा कि वह पांच साल तक राज्य के मुख्यमंत्री बने रहेंगे। इसमें किसी को कोई शक नहीं होना चाहिए। सिद्धारमैया ने से पूछा गया कि क्या वह पांच साल तक मुख्यमंत्री बने रहेंगे, तो उन्होंने जवाब दिया, हां, मैं रहूंगा। आपको इसमें कोई शक है? इससे पहले राज्य मंत्री प्रियांक खड़गे ने भी राज्य में मुख्यमंत्री बदलने की अटकलों को खारिज किया। पूछे जाने पर उन्होंने कहा, ऐसा किसने कहा?



वहीं, मुख्यमंत्री बदलने की अटकलों पर डीके शिवकुमार ने कहा कि पार्टी अनुशासन महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि मैंने किसी से मुख्यमंत्री बनाने के लिए नहीं कहा है। इस दौरान शिवकुमार ने चेतावनी दी कि अगर नेतृत्व परिवर्तन के मुद्दे पर कोई भी नेता सार्वजनिक बयान देता है तो उसे नोटिस जारी किया जाएगा।

### नेशनल हेराल्ड मामले में सोनिया-राहुल गांधी की बढ़ीं मुश्किलें

## ईडी ने एजेएल अधिग्रहण में फर्जी लेन-देन का किया दावा

**नई दिल्ली।** नेशनल हेराल्ड मामले में सोनिया गांधी और राहुल गांधी की मुश्किलें बढ़ती दिख रही हैं। ईडी ने कोर्ट में दावा किया है कि एसोसिएटेड जर्नल्स लिमिटेड (एजेएल) के अधिग्रहण में फर्जी लेन-देन किया गया। असिस्टेंट सॉलिसिटर जनरल एसवी राजू ईडी की तरफ से कोर्ट में पेश हुए। राजू ने बताया कि यंग इंडियन नामक कंपनी ने एसोसिएटेड जर्नल्स लिमिटेड का अधिग्रहण किया। एजेएल की संपत्ति 2000 करोड़ रुपए है। एजेएल के अधिग्रहण के लिए ही यंग इंडियन प्राइवेट लिमिटेड को बनाया गया था। उन्होंने बताया एजेएल के निदेशक ने ऑल इंडिया कांग्रेस कमेटी को पत्र लिखा था, जिसमें कहा गया कि वे कर्ज चुकाने में सक्षम नहीं हैं क्योंकि अखबार का प्रकाशन बंद हो चुका है और उनके पास आय का कोई साधन नहीं है। राजू ने कहा कि यंग इंडियन में सोनिया गांधी, राहुल गांधी, सुमन दुबे और सैम पित्रोदा प्रबंधकीय पदों पर थे। राजू ने कहा कि कंपनी एजेएल के पास करीब 2000 करोड़ रुपये की संपत्ति है, जिसका 90 करोड़ रुपए के कर्ज के बदले अधिग्रहण कर लिया गया। यह एक धांधली है, जिसमें कोई असल लेन-देन नहीं हुआ। एजेएल का अधिग्रहण कांग्रेस ने नहीं किया बल्कि यंग इंडियन ने किया।



## सरपंच के घर डेढ़ करोड़ की डकैती, कनपटी पर बंदूक अड़ाकर 60 तोला सोना व 90 लाख कैश उड़ाया

सत्ता सुधार ■ मुरैना

जिले के जौरा थाना अंतर्गत अलापुर क्षेत्र की महिला सरपंच श्रीमती मंजू राजकुमार यादव के घर मंगलवार बुधवार की देर रात 4 सशस्त्र बदमाशों ने कनपटी पर बंदूक अडाकर सरपंच पति को बंधक बना लिया और अलमारी में रखा नगदी लगभग 90 लाख रुपया, 60 तोला सोना एवं दो राइफल ले गए। बदमाश 10 मिनट में अपना काम कर गए और वहां से नहर किनारे निकलकर गायब हो गए। घटना की सूचना तत्काल



सरपंच पति ने पुलिस को दी। इतनी बड़ी डकैती की सूचना पाकर पुलिस स्तब्ध रह गई और तुरंत मौके पर पहुंची तथा मामले की छानबीन में जुट गई। सुबह पुलिस अधीक्षक भी घटनास्थल पर पहुंचे और निरीक्षण कर अधीनस्थ अधिकारियों को दिशा निर्देश दिए।

प्राप्त जानकारी के अनुसार अलापुर की सरपंच श्रीमती मंजू राजकुमार यादव पुत्र पुरुषोत्तम यादव अपने परिवार के साथ रात्रि को घर में सो रहे थे, तभी मुंह बांधकर आए चार सशस्त्र बदमाश खिड़की में से हाथ डालकर पेचकस से किवाड़ की कुंडी खोलकर राजकुमार के कमरे में दाखिल हो गए और उन्होंने बंदूक उसकी कनपटी पर रख दी। इसके पश्चात बदमाशों ने अलमारी की चाबी लेकर उसे खोल तथा उसमें रखा लगभग 60 तोला सोना एवं 90 लाख रुपया कैश अपने बैग में भर लिया। बदमाशों ने 10 मिनट में अपना पूरा काम कर लिया और राजकुमार को मुक्त कर तेज गति से वहां से भाग निकले। बदमाशों के चंगुल से छूटने के बाद राजकुमार यादव ने तत्काल पुलिस अधिकारियों को सूचना दी। इसके बाद स्थानीय पुलिस के अधिकारी व पुलिस बल मौके पर पहुंचा। काफी दूर तक पुलिस टीम द्वारा बदमाशों को ढूंढने का प्रयास किया गया, मगर कोई सफलता नहीं मिली।

#### पाकिस्तान कैसे बन गया यूएनएससी का अध्यक्ष

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने पाकिस्तान को संयुक्त राष्ट्र में अहम पद मिलने पर बुधवार को केंद्र सरकार पर निशाना साधा। कांग्रेस ने कहा है कि पाकिस्तान को यह पद मिलना भारत की विदेश नीति की विफलता है। कांग्रेस ने इसे भारत के लिए एक बड़ा कूटनीतिक झटका भी बताया। सुरजेवाला ने कहा पाकिस्तान एक आतंकवादी देश है आतंकवादियों को शरण देने, आतंकवाद को बढ़ावा देने और भारत में आतंक फैलाने का इतिहास है और ऐसे में उसे वैश्विक नेतृत्व की भूमिकाएं दी जा रही हैं, जबकि भारत आज भी पाक प्रायोजित आतंकवादी हमलों का सामना कर रहा है।

**अध्ययन** आईसीएमआर व एम्स ने शोध कर किया दावा, कर्नाटक सीएम ने उठाए थे सवाल

# कोरोना वैक्सीन और अचानक होने वाली मौतों के बीच कोई संबंध नहीं

एजेंसी ■ नई दिल्ली

इंडियन काउंसिल ऑफ मेडिकल रिसर्च (आईसीएमआर) और एम्स ने मिलकर एक अध्ययन किया है, जिसके आधार पर दावा किया गया है कि देश में हो रहीं अचानक मौतों की वजह कोरोना वैक्सीन नहीं है। देश में 40 साल से कम उम्र के लोगों में हार्ट अटैक के मामले बढ़े हैं और खासकर कोरोना महामारी के बाद इनमें खासी बढ़ोतरी हुई है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने भी इस बात की पुष्टि की है कि कोरोना वैक्सीन और युवाओं में दिल का दौरा पड़ने में कोई संबंध नहीं है। आईसीएमआर और एनसीडीसी ने 18 से 45 साल के लोगों के बीच अध्ययन किया। यह अध्ययन मई 2023 से लेकर अगस्त 2023 तक 47 क्षेत्रीय अस्पतालों और 19 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में किया गया। इस अध्ययन में उन लोगों की जांच की गई जो अक्तूबर 2021 से लेकर मार्च 2023 के बीच अचानक मौत का शिकार हुए। अध्ययन में पता चला कि इन अचानक मौतों का कोरोना वैक्सीन से संबंध नहीं है। अब एम्स द्वारा भी ऐसा ही एक अध्ययन किया जा रहा है, जिसकी फंडिंग आईसीएमआर द्वारा की गई है। दरअसल कर्नाटक के हासन जिले में दिल का दौरा पड़ने से कई युवाओं की मौत हुई है, जिसके बाद कर्नाटक के सीएम सिद्धारमैया ने अपने एक बयान में दिल का दौरा पड़ने के लिए कोरोना वैक्सीन को जिम्मेदार बताया था, लेकिन केंद्र सरकार ने उनके दावे को खारिज कर दिया है। बता दें सिद्धारमैया ने मंगलवार को कहा था कि जल्दबाजी में कोरोना वैक्सीन को मंजूरी दी गई और फिर तेजी से वैक्सीन का वितरण किया गया, ऐसे में हो सकता है कि अचानक हो रही मौतों की वजह कोरोना वैक्सीन भी हो सकती है। उन्होंने लोगों से अपील करते हुए कहा कि अगर किसी को भी सीने में दर्द, या सांस लेने में तकलीफ की समस्या हो तो तुरंत नजदीकी अस्पताल में अपना चेकअप कराएं और लक्षणों को बिल्कुल भी नजरअंदाज न करें।



#### अचानक मौत के कई कारण

स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा है कि अचानक हो रहीं मौतों की देश की विभिन्न एजेंसियों ने जांच की है और जांच में पाया गया है कि इनका कोरोना वैक्सीन से सीधा संबंध नहीं हैं। आईसीएमआर और नेशनल सेंटर फॉर डिजीज कंट्रोल ने भी अपने अध्ययन में इसकी पुष्टि की है। सरकार ने कहा कि कोरोना वैक्सीन सुरक्षित और प्रभावकारी है। स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा कि अचानक हो रही मौतों के कई कारण हो सकते हैं, जिनमें जेनेटिक्स, हमारा रहन-सहन और दिनचर्या, पहले से कोई बीमारी और कोरोना संक्रमित होने के बाद की दिक्कतें शामिल हैं।

#### सरकार ने कहा- दावे आधारहीन

अध्ययन में पाया गया है कि जेनेटिक म्यूटेशन के चलते दिल का दौरा पड़ने जैसी घटनाएं बढ़ी हैं। अभी अध्ययन चल रहा है और इसके पूरा होने के बाद ही रिपोर्ट सार्वजनिक की जाएगी। सरकार ने चेताया कि जो दावे किए जा रहे हैं, वे आधारहीन हैं और इनसे आम जनता का कोरोना वैक्सीन में विश्वास कमजोर होगा, जबकि कोरोना वैक्सीन की वजह से ही कोरोना महामारी के दौरान लाखों लोगों की जान बची थी।

## ब्रीफ न्यूज

### केंद्र ने दी पीएम मित्र पार्क की सौगात, सीएम ने माना आभार

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने धार जिले में निर्माणाधीन प्रधानमंत्री मित्र पार्क के प्रथम चरण में अधोसंरचना विकास की प्रक्रिया आरंभ होने पर पीएम मोदी और केंद्रीय कपड़ा मंत्री का हृदय से आभार माना है। केंद्र सरकार द्वारा धार की 2158 एकड़ भूमि पर लगभग 2050 करोड़ की लागत से विकसित हो रहे पीएम मित्र पार्क के लिए हाल ही में 773 करोड़ रुपए लागत के टेंडर जारी किए गए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह पहल मध्यप्रदेश में कपड़ा उद्योग को नई गति प्रदान करेगी। मध्यप्रदेश लगातार विकसित राज्य बनने की दिशा में आगे बढ़ रहा है।

### राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग कल करेगा जनसुनवाई

**भोपाल।** प्रदेश की पिछड़े वर्ग की जातियों को केन्द्र की सूची में शामिल करने के संबंध में राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग 4 जुलाई 2025 को भोपाल में जन सुनवाई करेगा। राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष हंसराज गंगाराम अहीर और आयोग के सदस्य भूवन भूषण कमल जनसुनवाई करेंगे। राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग की जनसुनवाई राज्य अतिथि गृह लालघाटी में 4 जुलाई को सुबह 11 बजे से शुरू होगी। इसमें मध्यप्रदेश की पिछड़े वर्ग की 32 जातियों को केन्द्र की सूची में शामिल करने पर सुनवाई करेंगे। उक्त जानकारी आयुक्त पिछड़ा वर्ग ने दी है।

### अंतर्राष्ट्रीय बाघ तस्कर को सजा, इंटरपोल ने दी बधाई

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्देश पर प्रदेश में वन एवं वन्य-जीव संरक्षण के किए जा रहे समग्र प्रयासों के अंतर्गत वन विभाग की स्टेट टाइगर फोर्स भोपाल द्वारा अंतर्राष्ट्रीय बाघ तस्कर ताशी शेरपा, जो मूल रूप से तिब्बत का निवासी है, जिसे 9 साल की कड़ी मेहनत के बाद पश्चिम बंगाल से गिरफ्तार किया था। आरोपी शेरपा को 9 मई को 5 वर्ष की सजा दी गई है। इंटरपोल मुख्यालय ल्योन, फ्रांस ने अंतर्राष्ट्रीय बाघ तस्कर ताशी शेरपा के सफलतापूर्वक सजा दिलवाने की उत्कृष्ट कार्रवाई के लिए मध्यप्रदेश वन विभाग को बधाई दी है।

केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान के साथ प्रदेश के उच्च शिक्षा मंत्री ने की चर्चा

# राष्ट्रीय शिक्षा नीति के नवाचारों और प्रगति से कराया अवगत



सत्ता सुधार ■ भोपाल

केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान से उच्च शिक्षा, तकनीकी शिक्षा एवं आयुष मंत्री इन्दर सिंह परमार ने बुधवार को भोपाल में भेंट कर उच्च शिक्षा एवं तकनीकी शिक्षा को लेकर सारगर्भित चर्चा की। परमार ने केंद्रीय शिक्षा मंत्री प्रधान को राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के परिप्रेक्ष्य में राज्य शासन के नीतिगत निर्णयों, शिक्षा में किए जा रहे कार्यों एवं नवाचारों से अवगत कराया।

मंत्री परमार ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुसरण में प्रदेश के समस्त जिलों में स्थापित किए गए प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस और उनमें भारतीय ज्ञान परम्परा प्रकोष्ठ की स्थापना एवं प्रगति के सम्बंध में अवगत कराया। श्री परमार ने पाठ्यक्रमों में भारतीय ज्ञान परम्परा के द्रुतगति से समावेश के लिए विभिन्न कार्यशालाओं एवं संगोष्ठियों से प्राप्त अनुशंसाओं की जानकारी भी दी। केन्द्रीय शिक्षा मंत्री प्रधान को उच्च शिक्षा एवं तकनीकी शिक्षा में भारतीय भाषा के समावेश के लिए हो रहे कार्यों की जानकारी से भी अवगत कराया। परमार ने विद्यार्थियों के गुणात्मक एवं संज्ञानात्मक विकास के लिए मजबूत आधार तैयार करने, उद्योगजगत की आवश्यकता अनुरूप रोजगारपरक पाठ्यक्रमों की समावेशिता को बढ़ावा देने और देश की सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित एवं संवर्धित करने के लिए किए जा रहे कार्यों एवं प्रगति से भी अवगत कराया। इस अवसर पर स्कूल शिक्षा एवं परिवहन मंत्री उदय प्रताप सिंह, सचिव स्कूल शिक्षा डॉ संजय गोयल, आयुक्त तकनीकी शिक्षा अवधेश शर्मा वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद थे।

### प्रदेश में मातृ भाषा हिंदी को दिया जाए बढ़ावा

केन्द्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान ने कहा है कि प्रदेश में स्कूल शिक्षा में हिन्दी को बढ़ावा देने के लिए ठोस प्रयास किए जा रहे हैं। मध्यप्रदेश में राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के अनुरूप श्रेष्ठ कार्य किया जा रहा है। प्रधान को स्कूल शिक्षा मंत्री उदय प्रताप सिंह ने बताया कि प्रदेश में 4473 शासकीय स्कूलों में पूर्व प्राथमिक कक्षाओं का संचालन किया जा रहा है। इन शालाओं में करीब एक लाख बच्चे नामांकित है। प्रदेश में ड्रॉप-आउट बच्चों की संख्या दर कम करने के लिए स्कूलों में नामांकन बढ़ाने पर विशेष जोर दिया जा रहा है। स्कूल शिक्षा मंत्री ने केन्द्रीय मंत्री को राष्ट्रीय शिक्षा नीति के क्रियान्वयन के बारे में भी जानकारी दी।

# अब लुधियाना के उद्योगपति 'एडवांटेज एमपी' के सुअवसरों से होंगे रूबरू

## मुख्यमंत्री 7 को इंटरएक्टिव सेशन और उद्योगपतियों से करेंगे संवाद

सत्ता सुधार ■ भोपाल

मध्यप्रदेश में निवेश के नए द्वार खोलने की दिशा में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में देश के प्रमुख औद्योगिक केंद्रों में चल रही औद्योगिक संवाद श्रृंखला में प्रमुख इंटरएक्टिव सेशन लुधियाना में 7 जुलाई 2025 को होने जा रहा है। बैंगलुरु और सूरत में निवेशकों से मिले सकारात्मक प्रतिसाद के बाद अब लुधियाना में तीसरा इंटरएक्टिव सेशन ऑन इन्वेस्टमेंट अपोर्चूनिटीज इन मध्यप्रदेश आयोजित होगा।

मुख्यमंत्री लुधियाना के प्रमुख उद्योगपतियों, टेक्सटाइल, ऑटोमोबाइल, इंजीनियरिंग और फूड प्रोसेसिंग सेक्टर के निवेशकों के साथ सीधे संवाद करेंगे। यह आयोजन केवल विचारों के आदान-प्रदान तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि इसमें संभावित निवेश प्रस्तावों पर ठोस चर्चा भी की जाएगी। मध्यप्रदेश की नई औद्योगिक नीति, सेक्टर-फोकस्ड रणनीतियां और ग्राउंड-रेडी इंफ्रास्ट्रक्चर इस संवाद का केंद्रीय आकर्षण होंगे। लुधियाना की पहचान भारत के विनिर्माण हब के रूप में रही है, विशेष रूप से वस्त्र और मशीनरी निर्माण में लुधियाना की विशेष पहचान है। ऐसे में इस क्षेत्र के उद्यमियों का ध्यान मध्यप्रदेश में निवेश की



संभावनाओं की ओर आकृष्ट करने के लिए यह सेशन महत्वपूर्ण साबित होगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव राज्य की विशेष औद्योगिक परियोजनाओं-जैसे एमपी टेक्सटाइल पार्क, पीएम मित्रा पार्क, इलेक्ट्रिक व्हीकल पॉलिसी और फूड प्रोसेसिंग क्लस्टर विस्तार से जानकारी देंगे।

बैंगलुरु में आईटी और इनोवेशन से जुड़े निवेशकों के साथ संवाद और सूरत में टेक्सटाइल और डायमंड इंडस्ट्री के उद्योगपतियों से मिली अभूतपूर्व प्रतिक्रिया के बाद लुधियाना का यह सेशन उद्योग जगत के लिए एक और सुअवसर बनने जा रहा है जिसमें देश के हृदय स्थल मध्यप्रदेश में निवेश की संभावनाओं से परिचित होंगे। मध्यप्रदेश विकल्प ही नहीं बल्कि प्राथमिक निवेश स्थल के रूप में उभर रहा है। सीएम की यह यात्रा उद्योग जगत को यह विश्वास दिलाएगी कि निवेश केवल समझौते तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि नीति, प्रक्रिया और प्रदर्शन तीनों स्तर पर मध्यप्रदेश पूरी तैयारी के साथ भागीदार बनेगा।

### प्रदेश में बनेगा 'जियो और जीने दो' की तर्ज पर वन्य-जीव संरक्षण ईको-सिस्टम

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि राज्य में 'जियो और जीने दो' की भावना को केंद्र में रखकर सह-अस्तित्व आधारित ईको-सिस्टम विकसित किया जा रहा है, जिससे न केवल जैव विविधता का संरक्षण हो रहा है, बल्कि पर्यटन को भी बढ़ावा मिल रहा है और वनवासियों के लिए रोजगार के नए अवसर सृजित हो रहे हैं। प्रदेश में वन्यजीव संरक्षण की दिशा में कई नवाचार किए जा रहे हैं इनमें वन्यजीव अभयारण्यों के संरक्षण और प्रबंधन में उच्च तकनीक का अनुप्रयोग, गुजरात के 'वनतारा' से प्रेरित रैस्क्यू सेंटर, दुर्लभ जीवों जैसे चीते, घड़ियाल एवं कछुओं के एक अभयारण्य से दूसरे में पुनर्स्थापन और संरक्षित क्षेत्रों की फेंसिंग शामिल हैं। मुख्यमंत्री ने वन विभाग के अधिकारियों को गुजरात के 'वनतारा' वन्यजीव पुनर्वास केंद्र का अध्ययन कर प्रदेश में भी ऐसा ही रेस्क्यू और एनिमल वेलफेयर प्रोजेक्ट स्थापित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि यह पहल वन्यजीवों के संरक्षण और पुनर्वास में एक नई मिसाल पेश करेगी। उन्होंने प्रदेश के घने वनों और वन्यजीव पर्यटन को राजस्व वृद्धि का एक प्रमुख माध्यम बताया। उन्होंने वन अधिकारी-कर्मचारियों के लिए विशेष सुविधाओं और उत्कृष्ट कार्य हेतु प्रोत्साहन की घोषणा की।

**मुख्यमंत्री के वन्य-जीव रेस्क्यू सेंटर विकसित करने के निर्देश पर अमल**

#### राजस्व में होगी उल्लेखनीय वृद्धि

उन्होंने यह भी बताया कि वन विभाग द्वारा किए जा रहे प्रयासों से प्रदेश में वन क्षेत्र और राजस्व में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। प्रदेश में वन ग्रामों को राजस्व ग्रामों में परिवर्तित करने की प्रक्रिया जारी है। जैव-विविधता को बढ़ावा देने के लिए कई स्थलों को जैव-विविधता विरासत घोषित किया गया है। वन-अग्नि की घटनाओं पर विभाग की प्रतिक्रिया अब पहले से अधिक त्वरित हुई है, जो प्रभावी वन प्रबंधन को दर्शाता है।

## शहडोल सांसद ने सरकारी स्कूल में कराया बेटी का एडमिशन



सत्ता सुधार ■ भोपाल

शहडोल सांसद हिमाद्री सिंह ने अपनी बेटी गिरीश नंदिनी सिंह का एडमिशन अनूपपुर जिले के ग्राम राजेंद्र के शासकीय प्राथमिक कन्या विद्यालय में कराया है। स्कूल शिक्षा मंत्री सिंह ने सांसद हिमाद्री सिंह के इस निर्णय की सराहना की। स्कूल शिक्षा मंत्री सिंह ने कहा कि इस सकारात्मक संदेश से अन्य जन-प्रतिनिधियों एवं नागरिकों को प्रेरणा मिलेगी। जन-सामान्य में सरकारी स्कूलों में शिक्षा की गुणवत्ता के प्रति उनका विश्वास और अधिक मजबूत होगा।

# स्पोर्ट व्हीलचेयर से होगा अच्छा प्रदर्शन प्रदेश का नाम करेंगी रोशन

## पैरा खिलाड़ी मनस्विता तिवारी की राह हुई आसान

सत्ता सुधार ■ भोपाल

पैरा एथलीट मनस्विता तिवारी अब और भी अच्छा प्रदर्शन कर प्रदेश और देश का नाम रोशन कर सकेंगी। उज्जैन कलेक्टर रौशन कुमार सिंह के निर्देश पर एवं सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन कल्याण विभाग द्वारा पैरा खिलाड़ी मनस्विता तिवारी को मंगलवार को जनसुनवाई में स्पोर्ट्स व्हीलचेयर प्रदान की गई है। बता दें मनस्विता तिवारी पैरा एथलीट हैं और विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में देश का प्रतिनिधित्व कर चुकी हैं। मनस्विता तिवारी की माता कल्पना तिवारी ने बताया कि मनस्विता पैरा स्विमिंग, पैरा कैनोइंग, ताइक्वांडो खिलाड़ी है। मनस्विता ने पैरा स्विमिंग व पैरा कैनोइंग में राष्ट्रीय खेलों में 17 गोल्ड मेडल, 5 सिल्वर मेडल तथा 3 कांस्य पदक प्राप्त किए हैं। वही ताइक्वांडो में 01 स्वर्ण पदक व 1 रजत पदक प्राप्त किया है।



मनस्विता की बचपन से ही खेलों में विशेष रुचि रही है। वह दिव्यांग है लेकिन अपनी इस कमी को ही अपनी ताकत बनाकर वह क्षेत्र व देश का नाम रोशन कर रही है। मनस्विता को अपने खेल में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिये स्पोर्ट्स व्हीलचेयर की बहुत जरूरत थी, उनकी माता इसे उपलब्ध कराने में समर्थ नहीं थीं। उन्होंने जन सुनवाई में कलेक्टर उज्जैन से बात की कि शासन द्वारा यदि बेटी को व्हीलचेयर मिल जाए तो वह और अच्छा प्रदर्शन कर सकेगी। कलेक्टर ने मनस्विता को स्पोर्ट्स व्हीलचेयर उपलब्ध कराये जाने के निर्देश संबंधित विभाग को दिए। सीईओ जिला पंचायत जयती सिंह द्वारा मनस्विता को व्हीलचेयर उपलब्ध करवाई गई। मनस्विता की माता कल्पना तिवारी ने इस अप्रतिम सहयोग के लिए राज्य शासन का आभार व्यक्त किया है।

# भारत-जर्मनी सहयोग पर नीति आयोग की राज्य स्तरीय वर्कशॉप आज

### एसडीजी इंडिया इंडेक्स 2023-24 में प्रदेश को मिला फ्रंट रनर स्टेट का दर्जा

**भोपाल।** सतत विकास के लक्ष्यों को स्थानीय स्तर पर क्रियान्वित करने में मध्यप्रदेश ने उल्लेखनीय प्रगति की है। इस क्रम में सतत विकास लक्ष्यों के क्रियान्वयन में निजी उद्योग की भूमिका और सहभागिता को बढ़ाने के लिए भारत जर्मन सहयोग परियोजना के अंतर्गत मध्यप्रदेश राज्य नीति आयोग द्वारा विशेषज्ञों की राष्ट्रीय कार्यशाला भोपाल में गुरुवार सुबह आयोजित की गई है। कार्यशाला में मध्यप्रदेश के विभिन्न विभाग, जिलों के प्रतिनिधियों, नीति आयोग, जर्मनी की संस्था जीआईजेड के प्रतिनिधियों से सतत विकास के लक्ष्यों और उनके स्थानीयकरण के मुद्दों पर चर्चा की जाएगी। मध्यप्रदेश उन राज्यों में से एक है जहां सतत विकास के लक्ष्यों के स्थानीयकरण में तेजी आई है और एसडीजी इंडिया इंडेक्स 2023-24 में मध्यप्रदेश को फ्रंट रनर स्टेट का दर्जा मिला। प्रदेश में उत्पादन और जिम्मेदार पूर्ण उपभोग, स्वच्छ ऊर्जा, टिकाऊ स्वच्छता, शहरीकरण, गरीबी उन्मूलन जैसे क्षेत्रों में मध्यप्रदेश में उल्लेखनीय काम हुआ है। मध्यप्रदेश के प्रयासों से 2.30 करोड़ व्यक्ति बहुआयामी गरीबी से बाहर आए हैं। सतत विकास के लक्ष्यों को हासिल करते हुए मध्यप्रदेश में खाद्य सुरक्षा के लिए मुख्यमंत्री अन्नपूर्णा योजना, स्वास्थ्य सुरक्षा हासिल करने के लिए आयुष्मान भारत और स्वच्छ भारत के प्रावधान के लिए जल जीवन मिशन में उल्लेखनीय काम हुआ है। मध्यप्रदेश देश के उन पहले राज्यों में से एक है जिसने भोपाल शहर के लिए स्वैच्छिहक स्थानीय समीक्षा की और इंदौर नगर निगम में ग्रीन म्युनिसिपल बांड के माध्यम से वित्त जुटाने में अग्रणी भूमिका निभाई।

# विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर ने प्रदेश अध्यक्ष बनने पर हेमंत खंडेलवाल को दी बधाई



सत्ता सुधार ■ भोपाल

मध्यप्रदेश विधानसभा के माननीय अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर ने भाजपा के मध्य प्रदेश संगठन इकाई के निर्वाचन में हेमंत खंडेलवाल के निर्विरोध निर्वाचन पर उन्हें हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं प्रदान की है। उन्होंने कहा है कि हेमंत खंडेलवाल का सुदीर्घकालीन संगठनात्मक अनुभव, संगठन के प्रति निष्ठा, प्रतिबद्धता, सहजता, सादगी एवं कार्यकर्ताओं के प्रति आत्मीय लगाव उनके इस पद पर चयन को प्रतिपादित करता है। उन्होंने कहा कि खंडेलवाल बैतूल संसदीय क्षेत्र से सांसद एवं बैतूल विधानसभा से दो बार विधायक निर्वाचित हुए हैं। खंडेलवाल बैतूल जिला संगठन के प्रदेश अध्यक्ष एवं कुशाभाउ ठाकरे भवन निर्माण समिति के प्रमुख एवं प्रदेश संगठन में कोषाध्यक्ष भी रहे हैं। उनका संगठनात्मक अनुभव कार्यकर्ताओं को नई दिशा प्रदान करने में सहायक होगा। तोमर ने कहा कि मुझे विश्वास है कि हेमंत खंडेलवाल के नेतृत्व में प्रदेश संगठन नई ऊर्जा, नवाचार और समन्वय के साथ और अधिक सशक्त होगा और कार्यकर्ताओं को केंद्र में रखकर राष्ट्र प्रथम के हमारे ध्येय की ओर अग्रसर होगा।

**विरोध** राजनीतिक द्वेष भावना से दर्ज झूठी एफआईआर निरस्त की जाए : डॉ. देवेन्द्र शर्मा

# पटवारी के खिलाफ झूठी एफआईआर को लेकर कांग्रेस ने दिया दो घंटे मौन धरना

सत्ता सुधार ■ भोपाल/ग्वालियर

मप्र कांग्रेस कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी खिलाफ झूठी एफआईआर दर्ज की गई जिसके विरोध में शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष डॉ. देवेन्द्र शर्मा की नेतृत्व एवं राज्यसभा सांसद अशोक सिंह, पूर्व मंत्री भगवान सिंह यादव, बालेंदु शुक्ला, प्रदेश महासचिव सुनील शर्मा एवं विधायक सुरेश राजे की मौजूदगी में फूलबाग स्थित गांधी उद्यान में शहर जिला कांग्रेस कमेटी ने 2 घंटे का मौन धरना दिया और धरने खत्म होने के बाद पुलिस महानिदेशक के नाम अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपा। जानकारी के मुताबिक सौंपे गए ज्ञापन में कांग्रेसजनों ने कहा कि पुलिस थाना मुंगावली में प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी के विरुद्ध मनगढ़ंत झूठे तथ्यों के आधार पर एफआईआर दर्ज की गई है, जिसमें उल्लेखित किया गया है कि गजराज लोधी एवं रघुराज लोधी निवासी ग्राम मुडरा थाना मुंगावली जिला अशोकनगर के साथ सरपंच के पुत्र विकास एवं उनके साथियों द्वारा दोनों लोधी भाइयों के साथ मारपीट की गई, उनकी मोटर साइकिल छीन ली गई है, उक्त घटना के संबंध में 25 जून को प्रदेश अध्यक्ष पटवारी के ओझर दौरा कार्यक्रम के दौरान भेंट कराई गई जिसमें आरोप लगाया गया कि पटवारी ने गजराज लोधी एवं रघुराज लोधी पीड़ित भाइयों को यह समझाया कि यह कहना कि तुम्हें मारपीट के साथ मानव मल भी खिलाया गया, यदि ऐसा कहोगे तब बाइक भी दूंगा और परिवार का ध्यान भी रखूंगा। उक्त घटनाक्रम के वार्तालाप को प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष द्वारा घटना के विवरण का वीडियो वायरल किया गया।

वीडियो वायरल होने पर जिला कलेक्टर अशोकनगर द्वारा पीड़ित लोधी बंधुओं को तलब किया गया और मानव मल खिलाने की



शर्मनाक घटना से उनके जिले की बदनामी रोकने के उद्देश्य से डरा धमकाकर पीड़ित व्यक्तियों से शपथ पत्र लिया गया जिसमें उपरोक्त घटनाक्रम के संबंध में लिखा गया जो पुलिस में दर्ज एफआईआर में उल्लेखित है। हैरानी की बात यह है कि उन परिस्थितियों की जांच होनी चाहिए कि पीड़ित व्यक्तियों द्वारा पटवारी को अपनी शिकायत दर्ज कराई हो और उसके दूसरे दिन वह बिना किसी कारण के कैसे कलेक्टर अशोकनगर को शपथ पत्र दे सकते हैं कि मानव मल खिलाने का स्टेटमेंट पटवारी के कहने पर दिया गया है यह राजनीतिक द्वेष भावना से किया जाने वाला षड्यंत्र है।

देवेंद्र वर्मा ने कि पटवारी राजनीतिक तौर पर विपक्षी दल के प्रदेश अध्यक्ष होने के नाते उनका का यह कर्तव्य है कि वह प्रदेश में हो रहे व्यक्तियों के साथ अन्याय, अत्याचार को रोकने के लिए आवाज उठाएं। पीड़ितों की मदद करें उनके द्वारा ऐसा ही कर्तव्य निभाया गया है। ना कि किसी को साजिश की गई जैसा कि पुलिस द्वारा अपनी एफआईआर में उल्लेखित किया गया है। पटवारी द्वारा वायरल किए गए वीडियो को स्पष्ट तौर पर देखा व सुना जा सकता है जिसमें पीड़ित लोधी बंधु रोते-बिलखते हुए अपनी शिकायत बता रहे हैं और न्याय दिलाने की गुहार कर रहे हैं। शहर जिला कांग्रेस कमेटी ने मांग की है कि प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष के विरुद्ध दर्ज झूठी एफआईआर निरस्त की जाएं और प्रदेश में कानून व्यवस्था को उचित ढंग से प्रभावशील किया जाए जिससे कि भविष्य में प्रदेश की जनता के साथ होने वाली अनाचार एवं अत्याचार की घटनाओं को रोका जा सके जो कि न्यायोचित होगा।धरने में प्रदेश राहुल शर्मा, महाराज सिंह पटेल, राम पांडे, आरपी सिंह, आसिफ उस्मानी, राशिद उस्मानी, अब्दुल हुसैन, दशरथ सिंह गुर्जर, वीर सिंह तोमर, प्रभूदयाल जौहरे, हेवरन सिंह कंसाना, सुरेन्द्र यादव, चतुर्भुज धनोलिया, संजय सिंह यादव, सरमन राय, जेएच जाफरी, जयराज सिंह चौहान, सीमा समाधिया, दर्शन मिश्रा, मीनू परिहार, हरेन्द्र गुर्जर, उपेन्द्र सिंह राजपूत, कैलाश चावला, संजीव दीक्षित, नाजिम खान, सलमान शेख, मुन्नालाल खरे, ओमप्रकाश सिंह सिकरवार समेत अनेक कांग्रेसजन मौजूद थे।

## ब्रीफ न्यूज

### किसानों को बीज का निशुल्क वितरण

**श्योपुर।** कलेक्टर अर्पित वर्मा के मार्गदर्शन में कृषि विभाग द्वारा किसानों को बीज का निशुल्क वितरण किया जा रहा है। इसी क्रम में कृषि विभाग के श्योपुर विकासखण्ड कार्यालय पर जिला पंचायत की कृषि स्थाई समिति के अध्यक्ष श्री गिरधारी बैरवा के मुख्य आतिथ्य में 50 किसानों को उडद तथा 6 किसानों को धान बीज का निशुल्क वितरण किया गया। इस अवसर पर वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी शरद रघुवंशी, कृषि विस्तार अधिकारी जय सेन, देशराज सेमिल आदि उपस्थित थे।

### भतीजे ने घर मे घुसकर चाचा से की गाली गलौच, केस दर्ज

**श्योपुर।** जिले के बडौदा थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पांडोला में एक भतीजे ने बीते महीने शुक्रवार 27 जून को रात्रि 11 बजे अपने चाचा के मकान में घुसकर तिरपाल हटाने की बात को लेकर गाली गलौच की है। पुलिस ने जानकारी दी कि फरियादी पूरण बैरवा ने थाने में रिपोर्ट लिखाई कि बीते महीने शुक्रवार को रात में पडौस में रहने वाला उसका भतीजा बनवारी बैरवा घर में घुस आया और तिरपाल हटाने की बात को लेकर झगड़ा करने लगा तथा गाली गलौच कर दी। पुलिस ने मामले में आरोपी भतीजे के खिलाफ धारा 331 (4), 296 भारतीय न्याय संहिता के तहत प्रकरण दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है।

### अवैध शराब के साथ एक आरोपी गिरफ्तार, केस दर्ज

**श्योपुर।** जिले के मानपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम जवासा में पुलिस ने एक आरोपी को अवैध शराब के साथ मंगलवार की रात्रि 9 बजे गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मंगलवार की सुबह 8 बजे केस दर्ज कर लिया है। पुलिस ने जानकारी देते हुए बताया कि आरोपी रामअवतार पुत्र मांगीलाल बैरवा उम्र 33 साल नि. जवासा गांव में पुलिया के पास बनी गुमठी पर अवैध रूप से 17 क्वार्टर देसी प्लेन मदिरा का विक्रय कर रहा था, जिसकी जानकारी मिलने के बाद मौके से आरोपी को मय शराब के साथ गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 34 आबकारी एक्ट के तहत केस दर्ज कर लिया है।

### गाय हटाने की बात को लेकर युवक से मारपीट, केस दर्ज

**श्योपुर।** जिले के देहात थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम डाबरसा में एक युवक से गाय हटाने की बात को लेकर मंगलवार की रात्रि 9 बजे मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी गई है। पुलिस ने जानकारी दी कि फरियादी मांगीलाल पुत्र उंकार गूर्जर उम्र 40 साल ने थाने आकर रिपोर्ट दर्ज कराई कि मंगलवार की रात्रि में पुरूषोत्तम मीणा के घर के सामने ग्राम डाबरसा में आरोपीगण जगन्नाथ बैरवा, लख्मीचंद बैरवा और रामलखन बैरवा ने फरियादी को रास्ते से गाय हटाने की बात को लेकर गाली गलौच करते हुए मारपीट कर दी तथा जान से मारने की धमकी दी है। पुलिस ने मामले में आरोपियो के खिलाफ धारा 115 (2), 296,351 (2), 3(5) बीएनएस के तहत केस दर्ज कर लिया है।

# मातमी पर्व मोहर्रम को लेकर कलेक्टर-एसपी ने निकाला फ्लेग मार्च

## शहर में कानून एवं शांति व्यवस्था बनाये रखने की अपील, आज निकलेंगे अलम निशान

सत्ता सुधार ■ श्योपुर

शहर में बुधवार को शाम 5 बजे कलेक्टर अर्पित वर्मा एवं पुलिस अधीक्षक वीरेन्द्र जैन के संयुक्त नेतृत्व में कानून एवं शांति व्यवस्था बनाये

रखने के लिए फ्लैगमार्च निकाला गया। यह फ्लेग मार्च कोतवाली थाने से शुरू हुआ जो विभिन्न मार्गों से होकर निकला, इस दौरान कलेक्टर और एसपी ने सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस और प्रशासन के अधिकारियों को दिशा निर्देश भी दिये हैं।

मोहर्रम पर्व की शुरूआत आज गुरूवार को दोपहर 2 बजे अलम निशानो की परम्परागत दौड़ के साथ होगा वहीं रविवार 6 जुलाई को मोहर्रम पर्व पर ताजिए निकाले जायेंगे। जिन मार्गों से ताजिए निकाले जायेंगे वहां सुरक्षा व्यवस्था का अवलोकन करते हुए कलेक्टर और एसपी ने समस्त अमले के साथ फ्लैगमार्च निकालकर भ्रमण किया। इस दौरान ताजियों के रूट तथा बडा इमामबाडा सहित



करबला पहुंचकर अधिकारियों ने सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। फ्लैगमार्च कोतवाली थाना से शुरू हुआ जो शहर के मैन बाजार, गणेश बाजार, गणेश गली, बडा इमामबाडा, पीर मदार, करबला, भैसपाडा आदि क्षेत्र एवं मार्ग पर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया। इस अवसर पर एडिशनल एसपी प्रवीण भूरिया, एसडीएम बीएस श्रीवास्तव, एसडीओपी राजीव गुप्ता, तहसीलदार मनीषा मिश्रा, आरआई अखिलेश शर्मा, कोतवाली टीआई दिनेश राजपूत, यातायात प्रभारी संजय राजपूत सहित अन्य प्रशासनिक एवं पुलिस के अधिकारी मौजूद रहें।

### ये अधिकारी सम्हालेंगे मोहर्रम पर्व की सुरक्षा व्यवस्था

मोहर्रम पर्व की सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत कलेक्टर अर्पित वर्मा प्रशासन के अधिकारियों की ड्यूटी लगाई गई है जिसमें अति. जिला दण्डाधिकारी अतेन्द्र सिंह गुर्जर संपूर्ण कानून व्यवस्था के प्रभारी रहेंगे वहीं एसडीएम श्योपुर बीएस श्रीवास्तव श्योपुर के प्रभारी रहेंगे। एसडीएम विजयपुर अभिषेक मिश्रा विजयपुर शहर के प्रभारी रहेंगे। एसडीएम कराहल मनोज गढवाल 6 जुलाई मोहर्रम पर्व के अवसर पर गणेश मंदिर श्योपुर पर दोपहर 2 बजे से ताजिये निकलने तक उपस्थित रहेंगे। डिप्टी कलेक्टर संजय जैन को मोहर्रम पर्व में बडौदा की जिम्मेदारी सौपी गई है।

तहसीलदार मनीषा मिश्रा मोहर्रम के पर्व पर होने वाली समस्त गतिविधियों की शहर क्षेत्र श्योपुर की प्रभारी होगी तथा 3 जुलाई को अलम निशान जुलूस, 5 जुलाई की रात्रि तथा 6 जुलाई को निकलने वाले ताजियों के दौरान सुबात चौराहा क्षेत्र में उपस्थित रहेगी। तहसीलदार विजयपुर टीएस लकडा को संपूर्ण शहरी क्षेत्र विजयपुर तथा तहसीलदार नरेश रायपुरिया को वीरपुर का दायित्व सौपा गया है। प्रभारी तहसीलदार रोशनी शेख संपूर्ण कराहल क्षेत्र की प्रभारी होगी। नायब तहसीलदार शैलेन्द्र देव सिंह सेगर को मानपुर क्षेत्र की जिम्मेदारी दी गई है।

# प्रेम से भगवान को जीता जा सकता हैः मिश्र





- रूकमणी विवाह में झूमे श्रृद्धालु, सुदामा चरित्र का भी सुनाया प्रसंग
- छप्पन भोग प्रसाद का किया वितरण, समापन आज

सत्ता सुधार ■ श्योपुर

शहर के पाली रोड स्थित पीली कोठी में श्रीदुर्गामाता मंदिर पर चौहान परिवार द्वारा आयोजित श्रीमद्भागवत कथा में बुधवार को श्रीकृष्ण रूकमणी विवाह, सुदामा चरित्र, कंस वध एवं परीक्षित मोक्ष की कथा का वर्णन किया गया। कथा में रूकमणी विवाह के दौरान भगवान के भजनो पर श्रृद्धालु झूमते नजर आए तो वहीं पूरे पांडाल को फुल गुब्बारो से सजाया गया। कथा आचार्य पं. वैद्यनाथ मिश्र ने कथा में रूकमणी विवाह के प्रसंग का वर्णन करते हुए कहा कि रुक्मणी विदर्भ देश के राजा भीष्म की पुत्री और साक्षात लक्ष्मी जी का अवतार थी। रुक्मणी ने जब देवर्षि नारद के मुख से श्रीकृष्ण के रूप, सौंदर्य एवं गुणों की प्रशंसा सुनी तो उसने मन ही मन श्रीकृष्ण से विवाह करने का निश्चय किया। रुक्मणी का बड़ा भाई रुक्मी श्रीकृष्ण से शत्रुता रखता था और अपनी बहन का विवाह चेदिनरेश राजा दमघोष के पुत्र शिशुपाल से कराना चाहता था। रुक्मणी को जब इस बात का पता चला तो उन्होंने एक ब्राह्मण संदेशवाहक द्वारा श्रीकृष्ण के पास अपना परिणय संदेश भिजवाया। तब श्रीकृष्ण विदर्भ देश की नगरी कुंडीनपुर पहुंचे और वहां बारात लेकर आए शिशुपाल व उसके मित्र राजाओं शाल्व, जरासंध, दंतवक्त्र, विदुरथ और पौंडरक को युद्ध में परास्त करके रुक्मणी का उनकी इच्छा से हरण कर लाए। वे द्वारिकापुरी आ ही रहे थे कि उनका मार्ग रुक्मी ने रोक लिया और कृष्ण को युद्ध के लिए ललकारा। तब युद्ध में श्रीकृष्ण व बलराम ने रुक्मी को पराजित करके दंडित किया। तत्पश्चात श्रीकृष्ण ने द्वारिका में अपने संबंधियों के समक्ष रुक्मणी से विवाह किया। इसके अलावा कथा में कथाव्यास पं. मिश्र ने सुदामा चरित्र की कथा का प्रसंग सुनाया और श्रीकृष्ण-सुदामा की मित्रता का व्याख्या की, उन्होंने कहा कि जीवन में सुदामा जैसा मित्र हो तो श्रीकृष्ण का स्नेह उसे प्राप्त हो सकता है। एक बार सुदामा जी अपने बचपन सखा मित्र कृष्ण से मिलने द्वारिका पहुंचे, कृष्ण और सुदामा की मित्रता अमर है। अंत में महाआरती कर छप्पन भोग का प्रसाद वितरित किया गया। आज गुरूवार को कथा में हवन पूर्णाहुति के साथ भंडारे का आयोजन किया जायेगा। कथा में प्रमुख रूप से मुख्य यजमान ठा. अनिल सिंह चौहान, ग्वालियर से पधारे देवेन्द्र प्रताप सिंह तोमर रामू भैया, प्रदीप सिंह चौहान, आलोक चौहान, आदित्य चौहान, सौरभ चौहान, प्रियंक चौहान, अमित सिंह चौहान, सुशील चौहान, अतुल चौहान, निशांत चौहान, आशीष चौहान, अखिल भदौरिया, प्रशांत भदौरिया, राहुल चौहान सहित बडी संख्या में श्रृद्धालु मौजूद रहे।

# किसानो को जैविक खेती के लिए करें प्रोत्साहितः सिंह

## बडौदा में 37वीं वैज्ञानिक परामर्शदात्री समिति की बैठक आयोजित



सत्ता सुधार ■ श्योपुर

बडौदा तहसील मुख्यालय पर स्थित कृषि विज्ञान केन्द्र बडौदा में आज बुधवार को दोपहर 3 बजे 37वीं वैज्ञानिक सलाहकार समिति की बैठक आयोजित की गई जिसमें मुख्य रूप से राजमाता विजयाराजे सिंधिया कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति के प्रतिनिधि डॉ. वायपी सिंह मौजूद रहे जिन्होंने बैठक की अध्यक्षता की वहीं विशेष रूप से डॉ. वायडी मिश्रा उपस्थित थे। इस अवसर पर विभागीय अधिकारी, कृषक महिला, उन्नतशील कृषकों की उपस्थित रहें। कार्यक्रम का शुभारंभ डॉ. लाखन सिंह गुर्जर द्वारा वैज्ञानिक सलाहकार समिति के महत्व बारे बताया, उन्होंने कहा कि छः माह (रबी 2024-25) की प्रगति आख्या एवं आगामी छः माह (खरीफ 2025) का कालखंड होता है, जिसका प्रस्तुतिकरण किया गया। इस मौके पर कार्यक्रम में कृषि विज्ञान केन्द्र मुरैना से डॉ. जे.सी. गुप्ता, वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख, कृषि विज्ञान केन्द्र शिवपुरी से डॉ. पुष्पेन्द्र सिंह श्योपुर जिले से सहायक संचालक कृषि मुनेश कुमार शाक्य, उद्यान विभाग से रामरेश मीणा, पशुपालन विभाग से डॉ. एच.आर शाक्य, मत्स्य विभाग कमल प्रताप, कृषि उपज मण्डी से गोविन्द प्रसाद गोड़ आदि मौजूद रहें। निदेशक विस्तार सेवायें डॉ. वाय.पी. सिंह द्वारा सुझाव दिया गया कि खरीफ फसलों में वर्षा की स्थिति के अनुसार ही कार्ययोजना बनाई जाये तथा प्राकृतिक संसाधनों को संरक्षित करने की विधियों को भी कार्ययोजना में शामिल किया जायें। अंत में कार्यक्रम में उपस्थित अधिकारियों का आभार डॉ. सी.बी.एस. जाटव द्वारा किया गया।

# शिक्षा प्राप्त कर बनें श्रेष्ठ नागरिकः शर्मा

**श्योपुर।** शहर के पाली रोड स्थित पीजी कॉलेज में बुधवार को दोपहर 3 बजे मध्यप्रदेश उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार एवं कलेक्टर अर्पित वर्मा के मार्गदर्शन में नव प्रवेशित विद्यार्थियों के लिए त्रिदिवसीय दीक्षारंभ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती पूजन एवं नव प्रवेशित विद्यार्थियों के स्वागत से हुआ। स्वागत उद्बोधन कार्यक्रम के अध्यक्ष एवं महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ ओपी शर्मा ने दिया। उन्होंने महाविद्यालय की विभिन्न इकाइयों जैसे एनसीसी, एनएसएस, आईकेएस, विवेकानंद कैरियर प्रकोष्ठ आदि की जानकारियां देते हुए विद्यार्थियों को जीवन में कुछ बड़ा करने एवं श्रेष्ठ नागरिक बनने की प्रेरणा दी। आदर्श कन्या महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. एसडी राठौर ने जीवन में श्रेष्ठ एवं उच्च उपलब्धियां को हासिल करने के लिए लक्ष्य निर्धारण एवं एकाग्र होकर उसके लिए प्रयास करने के महत्व को बताया। महाविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ विपिन बिहारी शर्मा ने अपने उच्च लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए वैज्ञानिक तरीके से अध्ययन करने की तकनीक बताई। नियमित कक्षाओं एवं समाचार पत्रों के अध्ययन के महत्व को भी स्पष्ट किया। डॉ. सीमा चौकसे ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति के उद्देश्य एवं संरचना की मुख्य बातों को बताया। महाविद्यालय में संचालित विभिन्न कोर्सेस एवं विभागों के बारे में डॉ. लोकेन्द्र सिंह जाट ने प्रकाश डाला। कार्यक्रम में आभार प्रदर्शन डॉ. उर्मिला बाथम ने किया। कार्यक्रम में वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ सुभाष चंद्र, डॉ. करण सिंह सैनी, प्रो. कविता, डॉ. रेखा सोलंकी, डॉ. वीरेंद्र रजक एवं डॉ. लक्ष्मीकांत राय सहित लगभग एक सैकड़ा विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# जीतू पटवारी के समर्थन में कांग्रेस ने घेरा एसपी दफ्तर



## डीजीपी के नाम सौंपा ज्ञापन, मोहन सरकार के खिलाफ की जमकर नारेबाजी

सत्ता सुधार ■ श्योपुर

पुलिस अधीक्षक कार्यालय का बुधवार को जिला कांग्रेस कमेटी ने घेराव करते हुए प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी पर मुंगावली में दर्ज हुए पुलिस प्रकरण को वापस लेने की मांग की गई, इस दौरान कांग्रेसियों ने भाजपा और मोहन सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। इस दौरान कांग्रेस जिलाध्यक्ष अतुल चौहान ने एक ज्ञापन पुलिस अधीक्षक वीरेंद्र जैन को पुलिस महानिदेशक के नाम सौपा है। कांग्रेस जिलाध्यक्ष अतुल चौहान, श्योपुर विधायक बाबू जंडेल एवं विजयपुर विधायक मुकेश मल्होत्रा के नेतृत्व में विरोध मार्च निकालते हुए कांग्रेसी एसपी कार्यालय पर पहुंचे जहां कांग्रेसियों ने काफी देर भाजपा सरकार और प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। इस दौरान अध्यक्ष चौहान ने कहा कि भाजपा सरकार में कानून व्यवस्था पूरी तरह चौपट है बदमाश प्रदेश में हावी है लेकिन जब पीसीसी अध्यक्ष जीतू पटवारी जनता पर हो रहे भाजपा सरकार में उत्पीड़न, अत्याचार की बात उठाते है तो डरी हुई भाजपा सरकार उन पर ही पुलिस से अशोकनगर जिले में प्रकरण दर्ज करा देते है। चौहान ने कहा कि प्रदेश में भाजपा सरकार में केवल भ्रष्टाचारियों और अत्याचारियों को संरक्षण है इस दौरान एसपी जैन को ज्ञापन दिया गया। आंदोलन के दौरान नेता गण योगेश जाट, भोलानाथ चौहान, युवराज रावत, दौलतराम गुप्ता, अंशु शुक्ला, डॉ कमल शर्मा, लक्ष्मी शिवहरे, संजू कुशवाह, रितेश तोमर, सत्यप्रकाश शर्मा, कैलाश गर्ग, सूर्यप्रकाश गर्ग, रामशंकर धीरोली, रज्जाक अहमद, मांगीलाल सुमन, इमरान खान, रामचरण मीणा, राजू वैष्णव, समीम खान, रुबीना खान, रामकुमार उमरिया, मांगीलाल फौजी, सतेंद्र गौड़, मानसिंह राठौर, रामसिंह मीणा सहित भारी संख्या में कांग्रेस जन मौजूद रहे।



# भाजपा नए प्रदेशाध्यक्ष बने हेमंत खंडेलवाल

**श्योपुर।** शहर के जय स्तम्भ चौक पर आज बुधवार को शाम 5 बजे भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा भाजपा के नए प्रदेशाध्यक्ष के रूप में हेमंत खंडेलवाल के चुने जाने पर आतीशबाजी कर मिठाई बांटी गई है। इस दौरान प्रमुख रूप से भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य महावीर सिंह सिसौदिया मौजूद रहे जिन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के 28 वें प्रदेश अध्यक्ष के रूप में हेमंत खंडेलवाल के निर्वाचन से भाजपा कार्यकर्ताओं में हर्ष की लहर है, उनका नेतृत्व प्रदेश में संगठन को और मजबूती प्रदान करेगा। विश्व के सबसे बडे संगठन भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल का नेतृत्व प्रदेश को सत्ता संगठन के साथ ही कार्यकर्ताओं की आवाज को बुलंद करेगा। इस दौरान जिला महामंत्री गिरधारी बेरवा, नगर मंडल अध्यक्ष संजय मंगल, पूर्व नगर मंडल अध्यक्ष दिनेशराज दुबौलिया, प्रेमसर मंडल अध्यक्ष मनोज सुमन, पंडोला मंडल अध्यक्ष रघुनंदन शर्मा, युवा मोर्चा अध्यक्ष मनोज सोनी, अल्पसंख्यक मोर्चा अध्यक्ष अकरम खान सहित पार्टी वरिष्ठ नेतृत्व एवं देवदुर्लभ कार्यकर्ता मौजूद रहे।

**जय स्तम्भ पर भाजपाईयों ने आतिशबाजी कर बांटी मिठाई**

# पानी की समस्या को लेकर श्योपुर-कोटा हाइवे पर लगा चक्काजाम



## प्रेमसर-गांधी नगर की महिलाओं ने किया प्रदर्शन, मौके पर पुलिस और नायब तहसीलदार ने दी समझाइश

सत्ता सुधार ■ श्योपुर

श्योपुर-कोटा हाइवे पर गांधीनगर प्रेमसर की महिलाओं ने बुधवार को सुबह 10 बजे चक्काजाम लगा दिया जो करीब डेढ़ घंटे तक जारी रहा। महिलाओं ने गांव में जल संकट काा हवाला देते हुए महिलाओं ने बताया कि बीते एक सप्ताह से गांव में पानी की मोटर खराब हो रखी है जिसके कारण महिलाओं को दूर दूर से पानी लाना पड़ रहा है और काफी मुश्किलो का सामना करना पड रहा है। ग्रामीण नरेन्द्र बैरवा ने बताया कि कई बार पंचायत सरपंच और सचिव को इस बारे में सूचित किया लेकिन कोई कार्यवाही नहीं हुई, इसके बाद परेशान होकर ग्रामीणों ने चक्काजाम करने को विवश होना पड़ा है। जाम की सूचना मिलने के बाद मौके पर देहात थाना प्रभारी शशि तोमर और नायब तहसीलदार शैलेन्द्र देव सिंह सेंगर भी पहुंच गये जिन्होंने ग्रामीण महिलाओं से चर्चा कर समस्या के समाधान की बात कही, लेकिन महिलालऐं तत्काल उनकी मोटर को ठीक कराने की मांग पर अड़ गई, जिसके बाद नायब तहसीलदार ने एसडीएम बीएस श्रीवास्तव को मामले की जानकारी दी, जिन्होंने फोन पर सभी प्रदर्शनकारी महिलाओं को आश्वस्त किया कि आज ही उनकी पानी की मोटर ठीक करा दी जायेगी, जिसके लिए पंचायत के सचिव को निर्देश दे दिया गया है। जिसके बाद महिलाओं ने जाम खोल दिया। करीब डेढ़ घंटे तक लगे जाम के कारण दोनो और वाहनो की लम्बी लम्बी कतारे लग गई और वाहन चालको को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा।

## एक लाख 74 हजार हेक्टयर में बोवनी का लक्ष्य, खरीफ फसलों की तैयारी के लिए बैठक आयोजित, उपसंचालक पशु को नोटिस जारी

# गेंदा, गुलाब आदि फूलो की खेती के लिए किसानों को प्रोत्साहित करें : डीएम

सत्ता सुधार ■ श्योपुर

कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में बुधवार को दोपहर 3 बजे कलेक्टर अर्पित वर्मा की अध्यक्षता में खरीफ फसलो की तैयारी के सम्बंध में बैठक का आयोजन किया गया जिसमें कलेक्टर अर्पित वर्मा ने कहा कि खरीफ फसलों के लिए लक्षित 1 लाख 74 हजार 700 हेक्टयर में बोवनी के अनुरूप खाद-बीज की व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जायें। उन्होने कहा कि जिले में गेंदा, गुलाब आदि फूलो की खेती फ्लोरीकल्चर के लिए किसानों को प्रोत्साहित किया जायें। उन्होने कहा कि अन्य कृषि आदान विभाग पशुपालन, उद्यानिकी, मत्स्यपालन, सहकारिता समन्वय के साथ कार्य करते हुए किसानों की आजीविका बढाने के लिए कार्य करें। बैठक में सीईओ जिला पंचायत अतेन्द्र सिंह गुर्जर, उप संचालक कृषि जीके पचौरी, उप



संचालक पशु चिकित्सा डॉ सुभाषबाबू दौहरे, उप संचालक मस्त्य बीपी झसिया, सीसीबी नोडल दिनेश गुप्ता, उद्यानिकी से एसएस प्रजापति, मंडी सचिव एसडी गुप्ता, डीपीएम सोहनकृष्ण मुदगल आदि विभागो के अधिकारी उपस्थित थे।

कलेक्टर अर्पित वर्मा ने निर्देश दिये कि जिले में दलहन और तिलहन फसलों के साथ ही फ्लोरीकल्चर को बढावा दिया जायें। किसानों को फूलो की खेती के लिए प्रोत्साहित करते हुए शासकीय योजनाओं का लाभ प्रदान किया जायें। उन्होने कहा कि राष्ट्रीय मिशन ऑन ईडिबल ऑयल (तिलहन) एनएमईओ खरीफ 2025 में प्रदर्शन घटक के अंतर्गत तिल, मूंगफली एवं सोयाबीन बीज का भंडारण विकास खण्ड स्तर पर किया जा चुका है। बैठक में बताया गया कि खरीफ के लिए इस वर्ष कुल 1 लाख 74 हजार हेक्टयर रकबा प्रस्तावित किया गया है।

### खाद का पर्याप्त भंडारण रखने के निर्देश

कलेक्टर अर्पित वर्मा ने बैठक के दौरान निर्देश दिये कि खरीफ फसलो के लिए पर्याप्त मात्रा में उर्वरक का भण्डारण सुनिश्चित किया जाये तथा आवश्यकता के समय वितरण की सुलभ सुविधा उपलब्ध कराई जायें। बैठक में जानकारी दी गई कि खरीफ फसलो के लिए यूरिया, डीएपी, एसएसपी, एमओपी एवं एनपीके की कुल मांग 47 हजार 70 मैट्रिक टन अनुमानित है। 1 अप्रैल से 29 जून 2025 तक कुल 29 हजार 289 मैट्रिक टन उर्वरक का भण्डारण कर 16 हजार 444 मैट्रिक टन का वितरण किसानों को कर दिया गया है तथा वर्तमान में 12 हजार 845 मैट्रिक टन खाद की उपलब्धता है।

### उप संचालक पशुपालन को नोटिस जारी

कलेक्टर अर्पित वर्मा ने बैठक के दौरान निर्देश दिये कि निर्देश दिये कि पशुपालन की गतिविधियों को बढाया जाये तथा दुग्ध उत्पादन से पशुपालको को जोडने हेतु मार्केट लिंकेज कराया जायें। उन्हें डॉ भीमराव अम्बेडकर कामधेनु योजना सहित अन्य पशुपालन योजनाओं का लाभ प्रदान किया जायें। राष्ट्रीय पशुपालन मिशन का बेहतर तरीके से क्रियान्वयन किया जायें, योजनाओं में प्रगति कम होने तथा दुग्ध उत्पादन गतिविधियों में अपेक्षित प्रगति नही होने के चलते उप संचालक पशुपालन डॉ सुभाषबाबू दौहरे को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश भी दिये।

## ब्रीफ न्यूज़

### भारत की आत्मा पर प्रहार है हिन्दी का विरोध : अर्पित

**भिण्ड।** महाराष्ट्र में हाल ही में हिन्दी भाषा को लेकर कुछ राजनीतिक दलों और नेताओं द्वारा दिए गए विवादास्पद और दुर्भाग्यपूर्ण बयानों पर भारत तिब्बत सहयोग मंच के युवा प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष अर्पित मुद्गल ने कड़ा विरोध जताया है। उन्होंने कहा कि हिन्दी केवल एक भाषा नहीं है, यह भारत की आत्मा, संस्कृति और संवैधानिक पहचान है। हिन्दी का विरोध करना, भारत की एकता पर हमला करना है। कुछ नेताओं द्वारा हिन्दी को 'थोपा जा रहा है' कहकर जो जहर फैलाया जा रहा है, वह भारत की भाषाई एकता को तोड़ने का षड्यंत्र है। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि हम देश की सभी भाषाओं का सम्मान करते हैं, परंतु हिन्दी का अपमान अब बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। भारत का संविधान हिन्दी को राजभाषा मानता है, इसे थोपना नहीं, जोड़ना कहते हैं।

### कांग्रेस का स्थाई जिला कार्यालय बनाने की मांग

**भिण्ड।** जिले के कांग्रेस पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने मध्यप्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी को राजीव भवन नाम से भिण्ड में जिला कांग्रेस कार्यालय बनाने के संबंध में पत्र लिखकर मांग की है। पत्र में कहा गया है कि इसके लिए शीघ्र अनुमति प्रदान की जाए।

### नव विवाहिता ने फांसी लगाई, मायके पक्ष ने लगाया हत्या का आरोप

**भिण्ड।** जिले के बरोही थाना क्षेत्र के ग्राम सेमरपुरा गांव में बुधवार की सुबह 20 वर्षीय नवविवाहिता ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मायके पक्ष ने उसकी हत्या कर फांसी पर लटकाने का आरोप लगाया है। जानकारी के मुताबिक बुधवार की अल सुबह शाजिया उम्र करीब 20 साल, पत्नी रहीम खान निवासी सेमरपुरा ने घर के कमरे में फांसी लगा ली। पति रहीम ने जब उसे फंदे पर लटका देखा तो तुरंत परिजनों और पुलिस को सूचना दी। पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भिजवाया। मृतिका शाजिया की मां गजला खान ने आरोप लगाया है कि शादी के बाद से ही रहीम और उसके परिजन दहेज में 50 हजार रुपये की मांग कर रहा था और शाजिया को प्रताड़ित कर रहा था। उन्होंने आरोप लगाया कि रहीम ने पहले बेटी के साथ मारपीट की और फिर उसे फांसी पर लटका दिया। शाजिया के शरीर पर भी चोट के कई निशान मिले हैं। घटना के बाद से ससुराल पक्ष के सभी लोग घर से फरार हैं। बरोही पुलिस के अनुसार मामला संदिग्ध है, मर्ग कायम कर जांच शुरू की गई है। पीएम रिपोर्ट और परिजनों के बयान के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक आज

**भिण्ड।** प्रभारी अधिकारी वास्ते कलेक्टर भिण्ड ने बताया कि मोहर्रम पर्व के अवसर पर साम्प्रदायिक सौहार्द, सुरक्षा व्यवस्था एवं सतर्कता बरतने के संबंध में 3 जुलाई को दोपहर 2 बजे कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में शांति समिति की बैठक आयोजित की जा रही है। उक्त बैठक में अधीक्षण यंत्री एमपीईबी भिण्ड, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी भिण्ड, कमाण्डेंट होमगार्ड भिण्ड, कार्यपालन यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग भिण्ड, मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगर पालिका भिण्ड, कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग भिण्ड उपस्थित हों।

# स्वस्थ्य जीवन के संचालन में डॉक्टर अहम कड़ी : कलेक्टर

## नवांकुर संस्था नवजीवन सहायतार्थ संगठन ने किया डॉक्टर्स का सम्मान

सत्ता सुधार ■ भिण्ड



स्वस्थ जीवन के संचालन में डॉक्टर की भूमिका अहम है, यदि डॉक्टर मरीज को सही कर देता है तो प्रशंसा मिलती है, लेकिन ईश्वरीय मंशा से मरीज नहीं रहता है तो सबसे पहले विलेन की भूमिका में डॉक्टर ही को ही समाज या परिजन देखने लगते हैं, यह ठीक नहीं है। हमें उनके कार्यशैली को समझना चाहिए। यह बात कलेक्टर संजीव श्रीवास्तव ने डॉक्टर्स डे पर होटल नारायणी पैलेस के सभागार में नवजीवन सहायतार्थ संगठन द्वारा आयोजित डॉक्टर्स सम्मान कार्यक्रम में कही। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. जेएस यादव, मप्र जन अभियान परिषद के ग्वालियर-चंबल संभाग के प्रभारी अमिताभ श्रीवास्तव, वरिष्ठ समाजसेवी केशव पांडेय, नवजीवन सहायतार्थ संगठन की संस्थापिका नितेश जैन उपस्थित थीं। कार्यक्रम का संचालन समाजसेवी गणेश भारद्वाज एवं आभार प्रदर्शन नम्रता जैन ने किया।

इस अवसर पर कलेक्टर संजीव श्रीवास्तव ने कहा कि चिकित्सीय कार्य बहुत जिम्मेदारी भरा कार्य है और दिन-दिन इस कार्य में विस्तार हो रहा है। भिण्ड जिले में स्वास्थ्य महकमा कम होने के बावजूद भी लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मिलें इसके लिए निरंतर प्रयास किया जा रहा है। आप लोगों से भी यह अनुरोध है कि भिण्ड को अधिक से अधिक डॉक्टर मिल सके यह प्रयास प्रत्येक मंच से करना चाहिए। नवजीवन सहायतार्थ संगठन के इस आयोजन में आकर अभिभूत हूं और इसके लिए मैं पूरी टीम को बधाई देता हूं।

मुख्य चिकित्सा और स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. जेएस यादव ने कहा कि पिछले कुछ दिनों से यह देखने में आ रहा है कि लोगों में डॉक्टर के प्रति सम्मान का भाव कम हो रहा है, यह बेहद चिंतनीय बात है। साथ ही यह भी एहसास है कि समाज में आज भी अच्छे कार्य करने वालों की कदर निरंतर होती है। मेरा सभी डॉक्टर से यह अनुरोध है कि नकारात्मक भावों को त्याग कर सकारात्मक होकर समाज में अपनी सेवाएं दें जिससे आप अपने व्यवसाय और सेवा के साथ न्याय कर सकें। मुख्य अतिथि मप्र जन अभियान परिषद के ग्वालियर चंबल के संभाग प्रभारी अमिताभ श्रीवास्तव ने कहा कि निरोगी रहना मानव जीवन की पहली शर्त है, और आप निरोगी रह सकें इसलिए डॉक्टर 24 घण्टे अपनी सेवाएं देते हैं। इनका कोई कार्य समय अवधि में बंधा हुआ नहीं है, किसी भी समय यह सेवाएं देने को तत्पर हैं। हमें सदैव इन चिकित्सकों का आभारी रहना चाहिए कि वह स्वस्थ समाज के निर्माण में अपनी भूमिका निभाते हैं।

समाजसेवी केशव पाण्डे ने कहा कि नवजीवन सहायतार्थ संगठन के इस कार्यक्रम में आकर मैं उत्साहित हूं। अमूमन भिण्ड में कोई अधिकारी रहना नहीं चाहता है, क्योंकि यहां पर कार्य करना दुष्कर है। ऐसे में समाजसेवी संगठन और जिला प्रशासन मिलकर बेहतर कार्य कर रहे हैं यह बहुत ही प्रशंसनीय बात है। इस अवसर पर नीलेश जैन, मुदिता भारद्वाज, गौतम सोनी, सौरभ बंगाली, धीरेन्द्र सोनी, धीरसिंह, अजीत जैन, सौरभ त्रिपाठी, पिंकू शर्मा सहित कई गणमान्य जन मौजूद रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ डॉक्टर हनुमान की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलन और माल्यार्पण से हुआ, इसके बाद अतिथियों का स्वागत किया गया। संस्था की संचालिका नितेश जैन ने नवजीवन सहायतार्थ संगठन का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। संस्था के कार्यों को विस्तार से आलोक दैपुरिया ने रखा।

**इनका हुआ सम्मान :** कार्यक्रम में 70 से अधिक डॉक्टर का सम्मान किया गया। जिसमें डॉ. सुरेश बंसल, डॉ. एसके जैन, डॉ. विनोद सक्सेना, डॉ. गुलाब सिंह, डॉ. अजीत मिश्रा, डॉ. वीसी जैन, डॉ. विनीत गुप्ता, डॉ. आरएस कुशवाह, डॉ. हिमांशु बंसल, डॉ. आरके अग्रवाल, डॉ. राधा अग्रवाल, डॉ. रविकांत जैन, डॉ. शालिनी जैन, डॉ. केके गुप्ता, डॉ. रश्मि गुप्ता, डॉ. अवधेश सोनी, डॉ. श्रीकांत शर्मा, डॉ. पंकज सिकरवार, डॉ. जीआर शाक्य, डॉ. पूनम यादव, डॉ. दीपक लहरिया, डॉ. सुनील करोसिया, डॉ. शिशुपाल शाक्य, डॉ. शशि व्यास, डॉ. एसके मीणा, डॉ. राज श्रीवास्तव, डॉ. साकार तिवारी, डॉ. वरुण शर्मा के अलावा अन्य चिकित्सकों को भी सम्मानित किया गया। इसके साथ ही कुछ समाजसेवी संगठनों और समाज सेवियों का भी सम्मान किया गया।

# कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी पर दर्ज एफआईआर निरस्त की जाए

## कांग्रेसियों ने एसपी ऑफिस पर पहुंचकर ज्ञापन सौंपा

सत्ता सुधार ■ भिण्ड




जिला कांग्रेस कमेटी ने प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी के खिलाफ अशोकनगर जिले में दर्ज एफआईआर के विरोध में बुधवार को कांग्रेस जिलाध्यक्ष मानसिंह कुशवाहा के नेतृत्व में पार्टी पदाधिकारियों ने एसपी ऑफिस पहुंचकर पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपा और एफआईआर को निरस्त करने की मांग की। इस दौरान जिला महामंत्री विवेक पचौरी सहित कई कांग्रेसी मौके पर उपस्थित रहे।

इस अवसर पर कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने उन्होंने बताया कि ग्राम मुहरा निवासी गजराज लोधी और रघुराज लोधी ने गांव के दबंग सरपंच पुत्र द्वारा मारपीट की शिकायत जीतू पटवारी से की थी। इस मामले का वीडियो वायरल हुआ, जिसमें दोनों पीड़ित अपनी आपबीती सुना रहे हैं। इसके बाद प्रशासन ने दबाव बनाकर पीड़ितों से झूठा शपथ पत्र लिया और पटवारी के खिलाफ झूठी एफआईआर दर्ज कर दी। उन्होंने कहा कि प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी पर दर्ज एफआईआर राजनीति से प्रेरित और सत्ता के दुरुपयोग का उदाहरण है।

कांग्रेस ने मांग की है कि एफआईआर को तत्काल निरस्त किया जाए और प्रदेश में लोकतांत्रिक व्यवस्था बनाए रखी जाए। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि यदि प्रशासन ने निष्पक्ष कार्रवाई नहीं की तो आंदोलन किया जाएगा। इस मौके पर बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी गण मौजूद रहे।

### अवैध हथियार के साथ सोशल मीडिया पर फोटो डालने वाला युवक गिरफ्तार



**आलमपुर।** सोशल मीडिया पर अवैध हथियार के साथ फोटो व वीडियो डालने के मामले में आलमपुर थाना पुलिस एक युवक को गिरफ्तार किया है। आलमपुर थाना प्रभारी रवि उपाध्याय ने बताया कि आलमपुर निवासी एक युवक द्वारा कुछ समय पहले अवैध हथियार के साथ सोशल मीडिया पर फोटो अपलोड की गयी थी, जिसकी लगातार तलाश की जा रही थी। मुखबिर की सूचना के आधार पर आलमपुर-गांगेपुरा मार्ग पर पशु चिकित्सालय के पास संदिग्ध रूप से खड़े एक युवक को पकड़कर जब उसकी तलाशी ली गयी, तो उसके पास से 315 बोर का एक कट्टा और एक जिंदा राउण्ड बरामद हुआ। पुलिस द्वारा पूछे जाने पर युवक ने अपना नाम सन्नी माहौर पुत्र कैलाश माहौर निवासी आलमपुर बताया गया। जिसको गिरफ्तार कर पुलिस द्वारा मामला दर्ज कर लिया गया। शोसल मीडिया अकाउंट पर डाली गयी फोटो से जब उक्त युवक का मिलान किया गया तो वह एकदम मैच हो गया।



# गांव के विकास के लिए सामुदायिक भागीदारी महत्वपूर्ण : श्रीवास्तव

## गिंगरखी और देवरी में प्रस्फुटन समिति एवं समुदाय के साथ बैठक

सत्ता सुधार ■ मेहगांव

मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद विकासखंड मेहगांव में एक दिवसीय दौरे पर आये ग्वालियर चंबल संभाग के प्रभारी अमिताभ श्रीवास्तव, संभाग समन्वयक धर्मेन्द्र सिसोदिया ने विकासखंड के प्रस्फुटन योजना अंतर्गत चयनित गांव गिंगरखी और देवरी में ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति एवं ग्राम समुदाय के साथ बैठक की। इस दौरान जिला समन्वयक शिवप्रताप सिंह भदौरिया एवं ब्लॉक समन्वयक जय प्रकाश शर्मा मौजूद रहे।

संभाग के प्रभारी अमिताभ श्रीवास्तव ने अपने उद्बोधन के दौरान कहा सामाजिक, आर्थिक एवं वैयक्तिक विकास की दिशा में सामुदायिक भागीदारी द्वारा सामाजिक शिक्षा, सामाजिक पर्यावरण, सामाजिक समृद्धि, सामाजिक स्वास्थ आदि विषयों पर विस्तृत चर्चा करते हुए गांव के अंदर संस्कार केंद्र खोलने, नर्सरी का संचालन, पुराने कला के जानकार लोगों की पहचान कर उनको चिन्हित करने एवं जन सूचना व वाचनालय केंद्र के माध्यम से गांव के लोगों को शासन के योजनाओं के लाभ दिलाने हेतु समिति को प्रेरित किया। इसके साथ ही सामाजिक परिवर्तन के लिए सामुदायिक सहभागिता की अवधारणा को समझाते हुए स्वेच्छिकता के साथ कार्य करने हेतु प्रेरित किया। एक पेड़ मां के नाम अभियान अंतर्गत दोनों ग्राम मे पौधारोपण किया गया। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष नीरज शर्मा, अरविंद सिंह भदौरिया, संजीव, खेमराज, धर्म नारायण, बृजेश शर्मा कालीचरण शाक्य, आशीष, पद्मकांत, अजय, रविकांत, गौरव, सोमकान्त, शारदा, कमला, गुड्डी बाई, जितेंद्र सिंह कौरव, अनिल शर्मा, रामशंकर त्यागी आदि सहित प्रस्फुटन समिति के सदस्य एवं ग्रामीण जन उपस्थित रहे।



# मालनपुर थाना प्रभारी ने ली शांति समिति की बैठक

**मालनपुर।** मोहर्रम पर्व पर को ध्यान में रख मालनपुर थाना प्रभारी प्रदीप कुमार सोनी द्वारा थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में नगर के गणमान्य नागरिक मौजूद रहे। इस अवसर पर थाना प्रभारी ने मोहर्रम के त्यौहार पर नगर वासियों से शांति व्यवस्था बनाने अपील की और ताजियों को लेकर चर्चा की।बैठक में मुख्य नगर पालिका अधिकारी रेहान अली, एएसआई अब्दुल समीम, रॉकी जैन, सोहवत खान, जिन्ने खान, जिया शाह, मेहंदी हसन, शमशाद खान, शब्बीर खान, आमिर खान, हफीज खान, इब्राहिम खान आदि गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# खनिज टीम ने रेत से भरा डंपर पकड़ा, दो ट्रेक्टर रेत पटककर भागे



सत्ता सुधार ■ भिण्ड

अवैध रेत परिवहन के खिलाफ कार्रवाई के संदर्भ में बुधवार की सुबह माइनिंग विभाग ने पुलिस बल के साथ ग्वालियर रोड पर चेकिंग लगाई। इस दौरान रेत से भरा एक डंपर पकड़ा गया और उसे तहसील परिसर में खड़ा करवाया गया।खनिज टीम ने इसी बीच रेत से भरे दो और ट्रैक्टर भी पकड़े लेकिन तहसील ले जाते समय चालकों ने बीच रास्ते में ही रेत सड़क पर गिराकर वाहन लेकर फरार हो गए। जब ट्रैक्टर तहसील नहीं पहुंचे, तब अधिकारियों को घटना की जानकारी मिली। खनिज निरीक्षक का कहना है कि डंपर मालिक द्वारा खनिज आरक्षक पर दबाव बनाने की कोशिश की गई।

# एसडीएम को आंगनबाड़ी केन्द्रों के भ्रमण में मिली गंभीर शिकायतें

## वर्षों से एक ही सेक्टर में पदस्थ सुपर वाईजरों के बदले सेक्टर

**लहार।** एसडीएम विजय यादव द्वारा लगातार क्षेत्र भ्रमण कर आंगनबाड़ी केन्द्रों पर भोजन की गुणवत्ता एवं बच्चों की उपस्थिति को लेकर कार्रवाई की जा रही है। विगत दिवसों में एसडीएम ने दमनापुरा, मेहदवा, इंदुर्खी इत्यादि ग्रामों का भ्रमण कर आंगनबाड़ी केन्द्रों की स्थिति देखी, जहां नियुक्त समूहों द्वारा ना हीं बच्चों को मीनू अनुसार गर्म पका हुआ भोजन दिया जा रहा है एवं ना ही केन्द्रों पर बच्चों की उपस्थिति दिखाई दी।

सुपर वाईजरों के प्रति माह निर्धारित 12 भ्रमण के विरुद्ध स्थिति यह देखने को मिली कि आंगनबाड़ी केन्द्रों पर मध्यान भोजन की स्थिति बहुत ही घटिया है। सुपर वाईजरों द्वारा न तो निर्धारित भ्रमण किए जाते एवं ग्रामीणों ने भी सुपर वाइजरों की घटिया कार्य प्रणाली को लेकर एसडीएम को अवगत कराया।

**सभी आठ सुपरवाईजरों के सेक्टर बदले:** महिला बाल विकास विभाग में आंगनबाड़ी केन्द्रों की बहुत ही खराब कार्य प्रणाली को देखते हुए एसडीएम लहार विजय यादव ने कार्रवाई करते हुए सुपरवाईजर रजनी शर्मा, सुमन राजौरिया, रेनू चतुर्वेदी, दीपा कुमारी, आरती सोलंकी, पप्पू देवी, रीना राठौर एवं रिंकी राजावत जो वर्षों से एक ही सेक्टर में पदस्थ थीं, नवीन सेक्टरों में पदस्थी का आदेश जारी कर सभी सुपर वाईजरों को निर्देशित किया है कि वह अपने नवीन सेक्टर में पहुंचकर कार्य प्रारंभ करें।

**भविष्य में लापरवाही मिली तो कार्रवाई:** विगत माह एसडीएम लहार ने इसी प्रकार कार्रवाई करते हुए लहार में भी शिकायतों के आधार पर सभी पदस्थ महिला सुपर वाईजरों के सेक्टर बदले थे। एसडीएम विजय यादव ने बताया कि भविष्य में आंगनबाड़ी केन्द्रों लहार एवं रौन के निरीक्षण में यदि लापरवाही मिलती है तो आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका एवं सुपर वाईजरों के विरुद्ध निलंबन से लेकर अन्य गंभीर कार्रवाईयां संबंधित कर्मचारियों के विरुद्ध की जाएगी।

## भाविप शाखा भिण्ड की कार्यशाला एवं दायित्व ग्रहण समारोह संपन्न

# बिना संस्कार के अधूरे हैं हम : विधायक कुशवाह

सत्ता सुधार ■ भिण्ड



भारत विकास परिषद एक सामाजिक उत्थान के लिए समर्पित संगठन है, जो समाज के हर क्षेत्र के सर्वांगीण विकास के लिए कार्यरत है। यह बात भिण्ड विधायक नरेन्द्र सिंह कुशवाह ने श्रीराम वाटिका भिण्ड में आयोजित भारत विकास विकास शाखा भिण्ड की कार्यशाला एवं नवीन कार्यकारणी का दायित्व ग्रहण तथा नवीन सदस्यों का सम्मान समारोह में बतौर मुख्य अतिथि कही। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रांतीय अध्यक्ष अमित जैन, शपथ विधि अधिकारी नीरज अग्रवाल एवं रचना गोयल और विशिष्ट अतिथि के रूप में अशोक शर्मा, जयप्रकाश शर्मा एवं राजमणि शर्मा मंचासीन रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ मां भारती व विवेकानंद जी के चित्रों पर माल्यार्पण, दीप प्रज्वलन एवं वन्देमातरम के साथ किया गया।

विधायक नरेन्द्र सिंह कुशवाह ने शाखा के कार्यों की सराहना सराहना करते हुए भारत विकास परिषद के पांच मुख्य सूत्रों संपर्क, सहयोग, संस्कार, सेवा और समर्पण पर प्रकाश डालते हुए कहा कि बिना संस्कार के हम अधूरे हैं, संस्कार होने पर ही सेवा का भाव आता है और सेवा के भाव से ही समर्पण होता है, हमारा धर्म बनता है कि समाज के लिए हमें कार्य करना चाहिए। कार्यशाला हमारे लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है जिससे हमें सीखने का अवसर मिलता है। कार्यशाला से ही उत्कृष्टता की ओर जाने वाला मार्ग प्रशस्त होता है। तदुपरांत सत्र 2024-25 का वार्षिक प्रतिवेदन शाखा सचिव राजमणि शर्मा ने पढ़ा। शाखा अध्यक्ष जयप्रकाश शर्मा ने वर्ष 2025-26 की विस्तृत कार्य योजना रखी, इसके उपरांत नीट में सफलता प्राप्त करने वाले एवं मप्र लोकसेवा आयोग परीक्षा में चयनित छात्र छात्राओं को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे अमित जैन ने भारत विकास परिषद की रीति-नीति पर प्रकाश डालते हुए कहा कि पद में अभिमान और दायित्व में कर्तव्य बोध होता है, इसलिए भारत विकास परिषद पद नहीं दायित्व की जिम्मेदारी अपने सदस्यों को सौंपती है, जिससे कि सदस्य को अपने दायित्व निर्वहन की जिम्मेदारी का हमेशा एहसास रहे। शपथ विधि अधिकारी द्वारा कार्यकारणी, गतिविधि संयोजक एवं नवीन सदस्यों को दायित्व ग्रहण कराया गया। दायित्व ग्रहण कार्यक्रम का संचालन कोषाध्यक्ष रेखा भदौरिया, आभार प्रदर्शन कमलेश सैंथिया ने किया।

इस अवसर पर प्रांतीय संयोजक डॉ. हिमांशु बंसल, सह संयोजक आलोक दैपुरिया, अवधेश दैपुरिया, राजीव त्रिपाठी, सुरेश बरुआ, जगत नारायण पाठक, ओमप्रकाश अग्रवाल, वीरेन्द्र जोशी, सियाशरण गुप्ता, अजय बसेड़िया, साकार तिवारी, विनोद दूरबार, गंगाधर थापक, कोशल शर्मा, दिलीप सिंह भदौरिया, दसरथ जोशी, नगर के गणमान्यजन आदि उपस्थित रहे।

दैनिक सत्ता सुधार
गोहद व गोरमी में एजेंसी देना है।
इच्छुक व्यक्ति संपर्क करे।
संपर्क : शैलेन्द्र मिश्रा, ब्यूरोचीफ
सत्ता सुधार समाचार पत्र
जिला- भिण्ड (म.प्र.) मो. 9713324277

## ब्रीफ न्यूज

### बीजिंग में चार रोबोट्स की टीमों ने एक अनोखा फुटबॉल मैच खेला

**बीजिंग।** चीन में रोबोटिक्स और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) के क्षेत्र में नवाचारों ने एक नई मिसाल कायम की है। 28 जून की रात बीजिंग में चार रोबोट्स की टीमों ने एक अनोखा फुटबॉल मैच खेला। ये सभी रोबोट्स एआई की मदद से पूरी तरह खुद-ब-खुद मैदान में दौड़े, पास दिया और गोल की कोशिशें कीं, वहां भी बिना किसी इंसानी हस्तक्षेप के करके दिखाया। इन ह्यूमनॉइड रोबोट्स को एडवांस्ड विजुअल सेंसर से लैस किया गया था, जिससे वे गेंद को पहचान सकते थे और दिशा तय कर सकते थे। यह इवेंट वर्ल्ड ह्यूमनॉइड रोबोट गेम्स की तैयारी का हिस्सा था, जो 15 से 17 अगस्त के बीच चीन में आयोजित होंगे। इसमें फुटबॉल के अलावा मैराथन, बॉक्सिंग जैसे खेलों में भी रोबोट्स भाग लेने वाले है। इस पहल के पीछे मौजूद कंपनी के प्रमुख ने कहा, ये खेल रोबोट्स के एल्गोरिदम और उनके हार्डवेयर-सिस्टम को परखने का बेहतरीन मौका देते हैं।

### सांप के अपनी ही पूंछ खाने के पीछे जैविक और पर्यावरणीय कारण

**लंदन।** आखिर सांप अपनी ही पूंछ को क्यों खाने लगता है, यह सवाल हमेशा लोगों के बीच चर्चाओं में रहता है। सोशल मीडिया पर कई बार ऐसे वीडियो वायरल होते हैं जिनमें सांप खुद को ही निगलने की कोशिश करता नजर आता है। रिपोर्टों के मुताबिक सांपों को हमेशा खतरनाक और जानलेवा जीव माना जाता है, लेकिन अपनी ही पूंछ को खाना उनके व्यवहार का एक जटिल पक्ष दिखाता है। वैज्ञानिकों के अनुसार इसमें कोई रहस्यमयी या अपशकुन जैसी बात नहीं है। इसके पीछे पूरी तरह से जैविक और पर्यावरणीय कारण होते हैं। विशेषज्ञ बताते हैं कि ऐसा व्यवहार सांपों में अत्यधिक तनाव, तंत्रिका संबंधी समस्याओं या बहुत ज्यादा गर्मी के कारण देखा जाता है। दरअसल सांपों की दुनिया हमारे लिए जितनी रहस्यमयी लगती है, उनके अनुभव करने का तरीका भी उतना ही अलग होता है।

### जापानी वॉकिंग है फिट रहने की आसान तकनीक

**टोक्यो।** सोचिए, अगर कोई ऐसी आसान फिटनेस तकनीक हो जिसमें न तो जिम जाना पड़े, न ही महंगे इक्विपमेंट की जरूरत हो और न ही अपनी रोजमर्रा की जिंदगी में कोई बड़ा बदलाव करना पड़े। बस जरूरत होती है आपकी चाल, आधा घंटा वक्त और थोड़ी सी लगन की। हाल में एक रिपोर्ट में जापान से आई जापानी वॉकिंग या इंटरवल वॉकिंग ट्रेनिंग को ऐसी ही आसान और असरदार तकनीक बताया गया है। यह तकनीक जापान के शिंशु विश्वविद्यालय के प्रोफेसर हिरोशी नोज़ और एसोसिएट प्रोफेसर शिजू मसुकी ने विकसित की। इसमें 3 मिनट तेज चाल से चलना होता है और फिर 3 मिनट धीमी चाल से। इस चक्र को 6 बार दोहराया जाता है जिससे पूरा सेशन 30 मिनट का हो जाता है। तेज चाल का मतलब ऐसा चलना कि आप बातचीत तो कर सकें लेकिन जोर से गाना न गा पाएं। धीमी चाल वाली वॉक बिलकुल हल्की और आरामदायक होती है।

-नेपाल, पाकिस्तान और तिब्बत में भी लग चुके हैं झटके

# भूकंप के तगड़े झटकों से दहशत में लोग: अफगानिस्तान में कांपी धरती



एजेंसी ■ काबुल

दक्षिण एशिया के कई देशों में बीते कुछ दिनों से बार-बार धरती हिल रही है। अफगानिस्तान, नेपाल, पाकिस्तान और तिब्बत में भूकंप के झटकों ने लोगों को दहशत में डाल दिया है। कहीं हल्के तो कहीं मध्यम तीव्रता के भूकंप महसूस किए गए, जिससे लोग अपने घरों से बाहर निकलकर खुले स्थानों की ओर भागते दिखे। अफगानिस्तान में आज बुधवार को 3.9 तीव्रता का भूकंप दर्ज किया गया। भूकंप के झटकों के बाद लोगों में दहशत फैल गई और कई लोग घर छोड़कर बाहर निकल आए। सोमवार को भी अफगानिस्तान में 4.7 तीव्रता के झटके महसूस किए गए थे, जिनका असर पाकिस्तान और तजाकिस्तान के कुछ हिस्सों में भी देखने को मिला था। राहत की बात यह रही कि अभी तक किसी तरह के जान-माल के नुकसान की कोई सूचना नहीं मिली है।

#### यहां पहले कांप चुकी धरती

नेपाल में सोमवार, 30 जून को सुबह 8:24 बजे नेपाल में भूकंप के तेज झटके महसूस किए गए थे। रिक्टर स्केल पर इसकी तीव्रता 3.9 मापी गई। नेशनल सेंटर फॉर सीस्मोलॉजी के अनुसार, इसका केंद्र 29.24अंश नॉर्थ अक्षांश और 81.77अंश ईस्ट देशांतर पर, जमीन से 14 किलोमीटर गहराई में था। भूकंप के कारण लोग घबराकर घरों से बाहर आ गए।

#### तिब्बत में भी हिली ज़मीन


नेपाल से सटे तिब्बत में 23 मई को सुबह 9:27 बजे 4.2 तीव्रता का भूकंप आया था। इसका केंद्र जमीन से 20 किलोमीटर की गहराई में था। हालांकि, इससे किसी प्रकार के जान-माल के नुकसान की खबर नहीं मिली थी। पाकिस्तान में रविवार तड़के करीब 3:54 बजे भूकंप के तेज झटके महसूस किए गए। इसकी तीव्रता 5.3 रही। भूकंप का केंद्र 30.25अंश नॉर्थ अक्षांश और 69.82अंश ईस्ट देशांतर पर, जमीन से 150 किलोमीटर गहराई में स्थित था। भूकंप की वजह से लोग घबराकर घरों से बाहर निकल आए।


#### विशेषज्ञों की चेतावनी

भूकंप के इन लगातार झटकों ने इस पूरे क्षेत्र की भूकंपीय संवेदनशीलता पर फिर से ध्यान केंद्रित कर दिया है। विशेषज्ञों की राय है कि हिमालयी क्षेत्र और उसके आसपास की भूगर्भीय प्लेटें लगातार सक्रिय हैं, जिससे ऐसे झटके आगे भी आ सकते हैं। इसे देखते हुए प्रशासन लगातार लोगों से सतर्क रहते हुए सजग रहने की अपील कर रहा है।

# पाकिस्तान ने माना भारत नहीं देगा एक बूंद पानी, अब करेगा जल भंडारण

पाकिस्तान भारत से संधि को बहाल करने की गुहार लगा रहा है





एजेंसी ■ इस्लामाबाद


पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत ने पाकिस्तान के साथ सिंधु जल संधि को स्थगित कर दिया था। तब से पाकिस्तान भारत से संधि को बहाल करने की गुहार लगा रहा है। पाकिस्तान के पीएम शहबाज शरीफ ने मंगलवार को कहा कि भारत पानी को हथियार बना रहा है। उन्होंने कहा कि भारत के इरादों के जवाब में पाकिस्तान को अपनी जल भंडारण क्षमता बढ़ानी होगी। उन्होंने भारत पर सिंधु जल संधि को एकतरफा निलंबित करने का आरोप लगाया। सिंधु जल संधि 1960 में भारत और पाकिस्तान के बीच विश्व बैंक की मध्यस्थता में हस्ताक्षरित एक ऐतिहासिक समझौता है, जो सिंधु नदी प्रणाली की छह नदियों के जल बंटवारे को नियंत्रित करता है। इसके तहत, भारत को सतलज, ब्यास और रावी नदियों पर पूर्ण नियंत्रण दिया गया है, जबकि सिंधु, झेलम और चिनाब नदियों का पानी मुख्य रूप से पाकिस्तान को आवंटित किया था। पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद भारत ने संधि को निलंबित करने की घोषणा की। भारत ने इस हमले के लिए पाकिस्तान को जिम्मेदार ठहराया है। केंद्रीय जल शक्ति मंत्री सीआर पाटिल ने अप्रैल में स्पष्ट किया था कि मोदी सरकार का सिंधु जल संधि पर लिया गया ऐतिहासिक निर्णय पूरी तरह से उचित और राष्ट्रीय हित में है। हम यह तय करेंगे कि सिंधु नदी का एक बूंद पानी भी पाकिस्तान को न जाए। यह बयान भारत की उस नीति को दर्शाता है, जो आतंकवाद के खिलाफ जीरो टॉलरेंस रखती है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने भी कहा है कि सिंधु जल संधि अब कभी बहाल नहीं होगी। उन्होंने कहा कि पाक को जाने वाला पानी भारत के राजस्थान जैसे राज्यों की ओर मोड़ा जाएगा। शहबाज शरीफ ने कहा कि अब खुद पाकिस्तान को ही अपने जल की भंडारण क्षमता बढ़ानी होगी। उन्होंने कहा कि भारत के पास पाकिस्तान के खिलाफ कुछ नापाक इरादे हैं और वह जल संधि के खिलाफ कदम उठाना चाहता है। इसके लिए सरकार ने फैसला किया है कि हम अपना जल भंडारण बनाएंगे। उन्होंने 1991 के जल समझौते का हवाला देते हुए कहा कि इसमें प्रांतों के बीच जल भंडारण क्षमता बढ़ाने का प्रावधान है।

#### क्या पाकिस्तान अब्राहम अकॉर्ड में होगा शामिल! इजराइल को देगा मान्यता

पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने इजरायल के साथ संबंधों को सामान्य करने के संकेत दिए हैं। अब्राहम अकॉर्ड में पाकिस्तान के शामिल होने पर आसिफ ने कहा कि ऐसी कोई स्थिति आती है तो हम अपने फायदे को सबसे ऊपर रखने के बारे में फैसला लेंगे। आसिफ का ये बयान इसलिए खास है क्योंकि एक हफ्ते पहले तक वह ईरान के समर्थन में मुस्लिम दुनिया से एकजुट होने की अपील कर रहे थे। अब उन्होंने कहा है कि पाकिस्तान अब्राहम अकॉर्ड में शामिल होने पर विचार करेगा। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक आसिफ ने भारत-पाक तनाव, गाजा युद्ध, ईरान-इजराइल संघर्ष और पश्चिम एशिया में अमेरिका की भूमिका जैसे मुद्दों पर बात की है। आसिफ से सवाल किया गया कि पाकिस्तान पर अब्राहम अकॉर्ड में शामिल होने का दबाव आया तो उनकी सरकार क्या करेगी।

# गाजा में इजराइल युद्धविराम को तैयार, ट्रंप बोले- विवाद को करेंगे खत्म

एजेंसी ■ नई दिल्ली



इस समय दुनिया में कई देश या तो सीधे या कूटनीतिक रूप से युद्ध लड़ रहे हैं। वहीं लोगों सोच रहे हैं कि इस जंग का अंत कब और कैसे होगा। ईरान-इजराइल की जंग हो या फिर रूस-यूक्रेन की, ज्यादातर देशों का हित इनसे किसी न किसी तरह से जुड़ा है। इसी बीच गाजा में युद्धविराम की खबर राहत देने वाली है।

हमास-इजराइल के बीच चल रहे युद्ध में पूरा गाजा शहर तबाह हो चुका है। इतने दिन मिसाइलें बरसाने के बाद आखिरकार इजराइल दो महीने के युद्धविराम के लिए तैयार हुआ है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने इस बात की जानकारी देते हुए कहा कि हमास को भी ये सीजफायर मानना चाहिए ताकि स्थितियां थोड़ी सुधरें। 60 दिनों के युद्धविराम के दौरान ट्रंप ने ये भी कहा है कि वे इस विवाद को खत्म करने की दिशा में भी काम करेंगे।


मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक डोनाल्ड ट्रंप का महत्वाकांक्षी वन बिग ब्यूटीफुल बिल अमेरिकी सीनेट में पारित हो गया। इस बिल के विरोध में डेमोक्रेट्स के साथ-साथ खुद रिपब्लिकन पार्टी के भी सीनेट थे। इस विधेयक के पक्ष में 50-50 वोट पड़े, जिसके बाद उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने अपना टाइ ब्रेकिंग वोट डाला और विधेयक को मंजूरी मिल गई। ये विधेयक पिछले दिनों ट्रंप और एलन मस्क की लड़ाई की वजह से चर्चा में रहा था।

अमेरिका के बी-2 बॉम्बर्स ने पिछले दिनों ईरान के न्यूक्लियर सेंटर्स पर हमला किया था। खासतौर पर फोर्दो न्यूक्लियर सेंटर को निशाने पर लेकर अमेरिका ने इसे बर्बाद करने का दावा किया था। हालांकि जब युद्धविराम हुआ तो ईरान एक बार फिर से इस सेंटर की मरम्मत में जुट गया है। वहीं ईरान अमेरिका से बातचीत को लेकर साफ कह चुका है कि बातचीत में देरी हो सकती है लेकिन परमाणु कार्यक्रम शुरू करने में नहीं।

वहीं रूस-यूक्रेन युद्ध में हालात बिगड़ते जा रहे हैं। यूक्रेन के अंदर रूस के सैनिक पहुंच गए हैं और वे लगातार आगे बढ़ रहे हैं।

# महिला टीचर ने छात्र से बनाए शारीरिक संबंध, 15 साल की हो सकती है जेल

एजेंसी ■ फ्लोरिडा



टीचर और स्टूडेंट के पवित्र रिश्ते को तार-तार का मामला सामने आया है। 26 साल की एक महिला टीचर ने अपने 16 साल के छात्र को प्रेम जाल में फंसा लिया और कई साल तक उसके साथ शारीरिक संबंध बनाए। मामला अमेरिकी राज्य मिशिगन के वाटरफोर्ड का है। यहां स्कूल में पढ़ाने वाली पूर्व शिक्षिका जॉसेलिन सैनरोमन पर एक 16 साल के छात्र के साथ यौन संबंध बनाने के गंभीर आरोप लगे हैं। सैनरोमन पोन्टियक की रहने वाली हैं। यह घटना 2023 में उस समय घटी जब सैनरोमन वाटरफोर्ड टाउनशिप स्थित ओक्ससाइड प्रेप अकादमी में टीचर थीं। यह स्कूल डेट्रॉइट शहर से करीब 30 मील उत्तर-पश्चिम में स्थित है। मीडिया रिपोर्ट में सरकारी वकीलों के हवाले से बताया गया है कि यह मामला तब सामने आया जब सैनरोमन ने अपने एक सहकर्मी को इस अवैध संबंध के बारे में बताया, जिसके बाद उस सहकर्मी ने अधिकारियों को बताया। सैनरोमन के खिलाफ तीन गंभीर थर्ड डिग्री क्रिमिनल सेक्सुअल कंडक्ट के आरोप लगाए गए हैं, जिनमें दोषी पाए जाने पर उन्हें 15 साल की जेल हो सकती है। सरकारी वकील ने बताया कि यह यौन संबंध 2023 में शुरू हुआ, जब सैनरोमन ओकसाइड प्रीप अकादमी में बतौर टीचर कार्यरत थीं। इस दौरान सैनरोमन ने एक 16 साल के छात्र के साथ यौन संबंध बनाए, जो कानूनन अवैध है, क्योंकि मिशिगन में शिक्षक और छात्र के बीच ऐसा कोई भी संबंध अपराध माना जाता है, मैकडोनाल्ड ने जोर देकर कहा कि कोई भी स्कूल कर्मचारी, चाहे वह शिक्षक हो या कोच, यदि वह किसी छात्र के साथ संबंध बनाने की कोशिश करता है, तो यह अपराध है, चाहे उसकी शुरुआत कोई भी करे। मैकडॉनल्ड ने कहा कि यह टीचर जिस पद पर थीं, वहां उन्होंने एक नाबालिग छात्र का शोषण कर विश्वासघात किया है। यह आरोप माता-पिता और समुदाय द्वारा शिक्षकों में रखे गए विश्वास का सबसे बड़ा उल्लंघन है। यह मामला हाल के महीनों में शिक्षकों और नाबालिग छात्रों के बीच अनुचित संबंधों से जुड़े कई मामलों में से एक है। हाल ही में फ्लोरिडा में एक 32 साल की शिक्षिका सारा जकास पर 14 साल के छात्र के साथ यौन संबंध बनाने के आरोप लगे हैं, और इलिनोइस में एक शिक्षिका क्रिस्टीना फॉर्मेला पर 52 अतिरिक्त आरोपों के साथ मुकदमा चल रहा है।

### भूख से करीब 1 करोड़ 40 लाख लोगों की हो जाएगी मौत!

**वाशिंगटन।** लोग भूख से तड़प-तड़प कर मर जाएंगे। पूरी दुनिया देखती रहेगी, मगर कोई इस विनाशलीला को नहीं रोक पाएगा। इस विनाशलीला में करीब 1 करोड़ 40 लाख लोग काल के गाल में समा जाएंगे। इसकी वजह अमेरिका है। एक रिपोर्ट में खुलासा हुआ है कि अमेरिकी विदेशी सहायता में कटौती से 14 मिलियन से ज्यादा लोगों की मौत हो सकती है। मंगलवार को प्रकाशित एक अध्ययन से पता चला है कि ट्रंप प्रशासन की ओर से अमेरिकी विदेशी सहायता में की गई कटौती के कारण दुनिया के सबसे कमजोर लोगों में से 14 मिलियन से ज्यादा लोग यानी 1 करोड़ 40 लाख लोगों की मौत हो सकती है। इनमें सबसे ज्यादा मौतें बच्चों की होगी यानी मरने वालों में एक तिहाई छोटे बच्चे होंगे। रिपोर्ट में रिसर्च और स्टडी के सह-लेखक ने कहा कि कई निम्न और मध्यम आय वाले देशों के लिए परिणामी झटका वैश्विक महामारी या किसी बड़े सशस्त्र संघर्ष के पैमाने के बराबर होगा।

# क्वाड देशों ने की पहलगाम हमले की निंदा, पाक को दिया कड़ा संदेश

भारत ने कहा आतंकी हमले से जुड़े हर गुनहगार को मिले सजा

एजेंसी ■ वाशिंगटन



वॉशिंगटन में क्वाड विदेश मंत्रियों की बैठक में एस जयशंकर पहुंचे हैं। क्वाड में भारत, अमेरिका, जापान, ऑस्ट्रेलिया देश हैं। विदेश मंत्रियों की बैठक में क्वाड ने आतंकवाद के खिलाफ कड़ा रुख अपनाया और पाकिस्तान को साफ संदेश दिया। क्वाड ने संयुक्त बयान में पहलगाम अटैक की निंदा की और दोषियों को न्याय के कटघरे में लाने की बात कही। यह सब ऐसे वक्त में हुआ, जब कुछ दिन पहले ही आसिम मुनीर अमेरिका गए थे और डोनाल्ड ट्रंप के साथ लंच किया था। आसिम मुनीर को लगा था कि क्वाड में अमेरिका भारत का साथ नहीं देगा लेकिन जयशंकर की मौजूदगी ने सारा गेम पलट दिया। क्वाड बैठक में एक संयुक्त बयान पर सहमति बनी और इसमें पहलगाम अटैक को प्राथमिकता दी गई। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक क्वाड सभी प्रकार के आतंकवाद, हिंसा और हिंसक उग्रवाद के सभी रूपों की निंदा करते हैं। इसमें सीमा पार आतंकवाद भी शामिल है। क्वाड के बयान में कहा गया कि पहलगाम में हुए आतंकी हमले की सबसे कड़े शब्दों में निंदा करते हैं। हम इस निंदनीय आतंकी कृत्य के अपराधियों, आयोजकों और वित्तपोषकों को बिना किसी देरी के न्याय के कटघरे में लाने की मांग करते हैं और सभी संयुक्त राष्ट्र सदस्य देशों से आग्रह करते हैं कि वे अंतरराष्ट्रीय कानून और संबंधित संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद प्रस्तावों के तहत अपनी जिम्मेदारियों के मुताबिक इस संबंध में सभी प्रासंगिक अधिकारियों के साथ सक्रिय रूप से सहयोग करें। क्वाड के संयुक्त बयान में पहलगाम अटैक की निंदा और आतंकियों को सजा देने की बात कहना अपने आप में पाक को कड़ा संदेश है।

## चयन

वैज्ञानिक अनुसंधान और तकनीकी परीक्षणों को देंगे अंजाम

# शुभांशु के बाद अब अंतरिक्ष में जाएंगे डॉ मेनन, नासा ने किया ऐलान

एजेंसी ■ टेक्सास

शुभांशु शुक्ला एक्सिओम-4 मिशन के तहत इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन पर पहुंचे हैं और वहां वह कई जानकारी हासिल कर रहे हैं। अब एक और भारतवंशी आईएसएस जाने की तैयारी में हैं। बता दें अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा ने साल 2021 में अनिल मेनन का चयन किया था। इसके बाद इनको ट्रेनिंग दी गई थी।

नासा के भारतीय मूल के अंतरिक्ष यात्री डॉ. अनिल मेनन को उनके पहले अंतरिक्ष मिशन पर भेजने की घोषणा की है। नासा ने कहा कि डॉ. मेनन जून 2026 में



रूसी अंतरिक्ष एजेंसी रोस्कॉसमॉस के सोयुज एमएस-29 यान से आईएसएस के लिए, उड़ान भरेंगे। इस मिशन में वे फ्लाइट इंजीनियर और एक्सपीडिशन 75 के क्रू सदस्य के रूप में शामिल होंगे। डॉ. मेनन के साथ इस अभियान में रोस्कॉसमॉस के दो अनुभवी अंतरिक्ष यात्री प्योत्र डुबरोव और अन्ना किकीना भी जाएंगे। यह टीम कजाखस्तान स्थित बैकानूर कोस्मोड्रोम से रवाना होगी और करीब आठ महीनों तक अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन में वैज्ञानिक अनुसंधान और तकनीकी परीक्षणों को अंजाम देगी। नासा के मुताबिक इस मिशन में डॉ. अनिल मेनन मानवता के लाभ के लिए और भविष्य के गहरे अंतरिक्ष अभियानों की तैयारी के तहत कई तरह के अनुसंधान कार्यों को अंजाम देंगे। डॉ. मेनन को 2021 में नासा द्वारा अंतरिक्ष यात्री के रूप में चयनित किया गया था और उन्होंने 2024 में 23वीं एस्ट्रोनॉट कक्षा के साथ प्रशिक्षण पूरा किया। प्रशिक्षण के बाद वे अपने पहले स्पेस स्टेशन मिशन की तैयारी में जुट गए हैं। मिनेसोटा के मिनियापोलिस में जन्मे और पले-बढ़े अनिल मेनन एक आपातकालीन चिकित्सा विशेषज्ञ, मैकेनिकल इंजीनियर और अमेरिका की स्पेस फोर्स के कर्नल हैं। उनके पिता भारतीय और माता यूक्रेनी मूल की हैं। डॉ. मेनन वर्तमान में टेक्सास मेडिकल सेंटर में आपातकालीन चिकित्सा सेवा देते हैं और टेक्सास विश्वविद्यालय के रेजिडेंसी कार्यक्रम में छात्रों को प्रशिक्षण देते हैं। बता दें बीते करीब 25 साल से अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर लगातार वैज्ञानिक कार्य हो रहे हैं। यह मिशन न केवल पृथ्वी पर मानव जीवन की बेहतरी के लिए है, बल्कि चंद्रमा और मंगल जैसे गहरे अंतरिक्ष अभियानों की तैयारी में भी अहम भूमिका निभाता है। मेनन का यह मिशन न केवल भारतीय मूल के लोगों के लिए गर्व का विषय है, बल्कि वैश्विक अंतरिक्ष शोध में एक और उल्लेखनीय कदम भी है।

# यूट्यूबर माइल्स रूटलेज ने भारतीयों को बताया चोर

### भारत को 140 करोड़ समस्याओं का देश कहकर अपमानित किया

एजेंसी ■ इस्लामाबाद

विवादित यूट्यूबर माइल्स रूटलेज एक बार फिर अपने विवादास्पद बयानों को लेकर सुर्खियों में हैं। इस बार उन्होंने दुबई में अपने चोरी हुए एयरपॉड्स की जिम्मेदारी भारतीयों पर डाल दी है और सोशल मीडिया के साथ-साथ पाकिस्तानी मीडिया में भी भारत विरोधी टिप्पणी की है। रूटलेज ने दावा किया कि दुबई में उनके एयरपॉड्स उस समय चोरी हो गए जब उन्होंने एक भारतीय सफाईकर्मी पर भरोसा किया। उन्होंने कहा कि भारतीय ने एयरपॉड्स चुराकर पाकिस्तान में एक व्यक्ति को बेच दिए। आईफोन के लॉस्ट मोड के जरिए पता चला कि डिवाइस पाकिस्तान के पंजाब प्रांत के झेलम इलाके में है। झेलम पुलिस ने जांच शुरू की और एयरपॉड्स बरामद कर लिए। एक पाकिस्तानी नागरिक ने स्वीकार किया कि उसने अनजाने में यह डिवाइस एक भारतीय से खरीदी थी। इस पूरे मामले के दौरान रूटलेज ने सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक भाषा का प्रयोग करते हुए कहा, भारतीय गाय की पूजा करते हैं, किसी असली मर्द की नहीं।

# बिग ब्यूटीफुल बिल बना ट्रंप के लिए जी का जंजाल

डोनाल्ड ट्रंप का प्रस्तावित बिग ब्यूटीफुल बिल से अमेरिकी संसद में तूफान खड़ा हो रहा है। इसे ट्रंप प्रशासन की दूसरी पारी का ब्लूप्रिंट माना जा रहा है। जो उनके चुनावी वादों को पूरा करने के रूप में देखा जा रहा है। इस बिल के पीछे की सच्चाई और इसके संभावित परिणामों को लेकर अमेरिका तथा भारत जैसे देशों के लिए इस बिल के परिणाम बड़े घातक हो सकते हैं।

इस बिल का मुख्य उद्देश्य टैक्स कटौती, सीमा सुरक्षा, और सामाजिक योजनाओं में बदलाव के ज्यादा अधिकार राष्ट्रपति को देता है। इसमें सरकार द्वारा 2017 के टैक्स कट्स को स्थायी करने, व्यक्तिगत और कॉर्पोरेट टैक्स दरों में कमी करने ओवरटाइम व टिप्स पर टैक्स छूट जैसे प्रावधान शामिल हैं। इस बिल में बॉर्डर, अवैध प्रवासियों के डिपोर्टेशन के लिए 4.5 ट्रिलियन डॉलर का भारी-भरकम खर्च प्रस्तावित है। दूसरी ओर सरकार मेडिकेड और खाद्य सुरक्षा जैसी योजनाओं में कटौती कर सकती है। जिसके कारण गरीब और मध्यम वर्ग को भारी नुकसान होना तय है। भारत एवं भारतीयों के लिए सबसे चिंताजनक विदेशी धन-प्रेषण पर 3.5 से 5त्न टेक्स भारतीय-अमेरिकी समुदाय को सीधे प्रभावित करेगा। भारत को भेजे जाने वाले धन पर यह टैक्स भारतीय रुपये को और भी कमजोर कर सकता है। जिसका असर भारत की अर्थव्यवस्था पर पड़ना तय है। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का यह बिल उनके धनाढ्य समर्थकों और पूंजीपतियों के लिए को फायदा पहुंचाने का बिल माना जा रहा है। भारत में जिस तरह से इलेक्ट्रोल बांड के माध्यम से राजनैतिक दलों के लिये बिल लाया गया था, इस बिल के माध्यम से मोदी सरकार को सबसे ज्यादा चंदा मिला। चंदे के आधार पर ठेके दिये गए। बिग ब्यूटी बिल के माध्यम से ट्रम्प को जो अधिकार मिलेंगे, उससे वह चंदा और परिवार के निजी कारोबार को बढ़ाने के लिये उपयोग करेंगे। यह आशंका अमेरिका में व्यक्त की जा रही है। डेमोक्रेट्स इसे अमीरों का बिल बता रहे हैं। वहीं रिपब्लिकन भी अमेरिका के ऊपर बढ़ते कर्ज जो 2.4 से 4 ट्रिलियन डॉलर पर पहुंच गया है, उसको लेकर चिंतित हैं। अमेरिकी सांसद बर्नी सैंडर्स ने इस बिल को भ्रष्ट वित्त प्रणाली का प्रतीक बताया है। उनका कहना है राष्ट्रपति ट्रंप




अपने अरबपति मित्रों को लाभ पहुंचाने के लिए इस बिल को पास कराने जा रहे है। राष्ट्रपति और ट्रंप के पूर्व सहयोगी एलन मस्क ने भी इसका विरोध किया है। इस विरोध के बाद राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और एलन मस्क के बीच तकरार बढ़ी है। एलन मस्क ने धमकी दी है, वह अमेरिका मैं तीसरी पार्टी बनाएंगे।



मनोज कुमार अग्रवाल

# बढ़ती संवेदनहीनता आखिर इंसानियत कहां मर रही है?

हाल ही में मुंबई जैसे आधुनिक शहर में रिश्तों को शर्मसार और दिल को झकझोर देने वाला एक बेहद शर्मनाक मामला सामने आया है. 70 साल की महिला यशोदा गायकवाड़ जो स्किन कैंसर से पीड़ित हैं उन्हें बोझ समझकर उनका ही सगा पोता कचरे के ढेर में फेंक आया।

जानकारी के मुताबिक बुजुर्ग महिला के पोते सागर शेवाले ने अस्पताल में भर्ती न किए जाने के बाद अपने जीजा बाबासाहब गायकवाड़ और एक रिक्शा ड्राइवर संजय कुदशिम की मदद से दादी को आर ए कॉलोनी के कचरे के ढेर में रात के अंधेरे में फेंक दिया। यह मामला तब सामने आया जब पुलिस को सूचना मिली कि आरे कॉलोनी इलाके में एक 60 वर्षीय बुजुर्ग महिला बेहद कमजोर हालत में पड़ी है।

शनिवार सुबह पुलिस ने जब महिला को देखा, तो उसकी हालत बेहद नाजुक थी. महिला की पहचान यशोदा गायकवाड़ के रूप में हुई है. जब पुलिस ने उससे बातचीत की, तो उन्होंने बताया कि उनका पोता उन्हें यहां छोड़कर चला गया. इस खुलासे के बाद पुलिस भी हैरान रह गई. यह समझ पाना मुश्किल हो गया कि आखिर कोई पोता अपनी बीमार दादी के साथ इतनी क्रूरता कैसे कर सकता है.महिला की हालत देखकर पुलिस ने तुरंत उन्हें अस्पताल में भर्ती कराने की कोशिश की, लेकिन हैरानी की बात यह रही कि कई अस्पतालों ने उनकी स्थिति को देखते हुए उन्हें भर्ती करने से इनकार कर दिया. अंततः शाम को उन्हें कूपर अस्पताल में भर्ती कराया गया. डॉक्टरों ने पुष्टि की कि महिला को त्वचा कैंसर है।

यशोदा गायकवाड़ ने पुलिस को मालाड और कांदिवली के दो पते बताए , जो उनके परिवार के हैं. पुलिस इन पतों पर जाकर परिवार के सदस्यों का पता लगाने में जुटी . साथ ही महिला की तस्वीर सभी स्थानीय पुलिस थानों में भेजी गई ताकि उनके परिजनों को ढूंढा जा सके।

पुलिस ने गंभीरता से मामले की पड़ताल की। पुलिस जांच में सामने आया है दरअसल शुक्रवार रात करीब 2:20 बजे सागर अपनी दादी को लेकर अस्पताल पहुंचा था, लेकिन कुछ ही मिनट बाद 2:40 बजे वहां से वापस चला गया. बाद में वह महिला घायल अवस्था में गोरेगांव पूर्व स्थित कॉलोनी के कूड़े के ढेर में मिलीं. पुलिस को सूचना मिलने पर महिला को पहले ट्रॉमा अस्पताल, फिर कूपर अस्पताल में भर्ती कराया गया। जब पुलिस ने यशोदा गायकवाड़ से पूछताछ की, तो उन्होंने कुछ नाम बताए, लेकिन शुरुआत में उनके परिवार का कोई सदस्य सामने नहीं आया. सीसीटीवी फुटेज और सख्त पूछताछ के बाद सागर ने सच कबूल किया कि उसने ही अपनी बीमार दादी को कचरे में फेंक दिया था।

पुलिस जांच में यह पता चला है कि पोते ने दो अन्य लोगों की मदद से मुंबई की आरे कॉलोनी के कचरे के ढेर में



अपनी दादी को फेंका था। जिसके बाद आरोपी पोते और उसके सहयोगियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है. पुलिस जांच के मुताबिक, 70 साल की बीमार बुजुर्ग यशोदा गायकवाड़ ने बीते शुक्रवार की रात, आक्रमक होते हुए खुद का गला घोंटने की कोशिश की थी, पोते पर भी हाथ उठाया था। इस से उद्वेलित नाराज और घबराए पोते सागर ने अपने जीजा को फोन किया और दोनों यशोदा को पास के शताब्दी अस्पताल ले गए लेकिन अस्पताल ने उनको भर्ती करने से मना कर दिया। इस के बाद पोते ने जीजा के साथ मिलकर दादी से छुटकारा पाने की योजना बना डाली। दोनों ने एक ओटो रिक्शा वाले को बुजुर्ग दादी को सुनसान इलाके में लावारिस फेंकने के लिए तैयार किया।

इसके लिए ओटो रिक्शा ड्राइवर को 400 रुपये भी दिए गए . ड्राइवर फिल्मसिटी में काम करता था और उस इलाके से अच्छी तरह वाकिफ था. वरिष्ठ पुलिस इंस्पेक्टर पाटिल के अनुसार, तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है और महिला की हालत में सुधार हो रहा है.

बता दें कि आरोपी पोते सागर शेवाले ने शुरूआती पूछताछ में मामले को झुठलाने की कोशिश की और इधर उ उधर की कहानी बनाने लगा उसके बयानों में विरोधाभास की वजह से पुलिस को उस पर शक हुआ. जिसके बाद उससे सख्ती से पूछताछ की गई. जिसमें इसने ये कबूल कर लिया कि उसने ही अपने जीजा और रिक्शा-ड्राइवर की मदद से दादी को रात 3-30 बजे कूड़े में फेंका था.रिक्शा ड्राइवर कुदशिम को उसने इस काम के लिए 400 रुपये दिए थे. वह फिल्मसिटी में काम करता था इसलिए पास के आरे इलाकों को अच्छी तरह से जानता था. बता दें कि आरे पुलिस पोते सागर शेवाले के साथ उसके जीजा बाबा साहब गायकवाड़, और रिक्शा ड्राइवर संजय कुदशिम को हिरासत में ले लिया. वहीं स्किन कैंसर से जूझ रही बुजुर्ग महिला का इलाज मुंबई के कूपर अस्पताल में चल रहा है।

आपको बता दें कि परिजनों के प्रति क्रूरता की अनेक घटना आए दिन सामने आती रहती है वरन ऐसी वारदातों की झड़ी लगी हुई है। तीन महीने पहले झारखंड के रामगढ़ में एक ऐसा ही मामला सामने आया जब एक व्यक्ति ने अपनी बीमार मां को घर में बंद कर दिया और पत्नी, बच्चों तथा ससुराल वालों के साथ महाकुंभ में स्नान के लिए प्रयागराज चला गया था । पड़ोसियों को उसके बारे में तब पता चला जब वह भूख के कारण सहायता के लिए चिल्लाने लगी। पुलिस ने ताला तोड़कर उसे बचाया। पड़ोसियों ने तुरंत उसे खाना दिया। उसे दवाइयां भी दी गईं और सीसीएल अस्पताल में भर्ती कराया गया।पुलिस ने बुधवार को रामगढ़ थाना क्षेत्र के अंतर्गत सुभाष नगर कॉलोनी में सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड (सीसीएल) के एक क्वार्टर से 65 वर्षीय महिला को मुक्त कराया। पुलिस ने बताया कि महिला सोमवार से घर में बंद थी और चूहा खाकर जिंदा थी। पड़ोसियों को उसके बारे में तब पता चला जब वह भूख के कारण सहायता के लिए चिल्लाने लगी।

पिछले दिनों ओडिशा के संबलपुर जिले के कुचिंदा में मानव शर्मसार तब बंद हुआ जब एक नवजात शिशु का शव एक बोरे में मिला। घटना कुचिंदा के खंडोकटा गांव की है। अचानक अल-सवेरे के पास एक बोरे को देखा। बोरे के पास कुत्ते का प्रदर्शन कर रहे थे और नोंच नोंच कर बोरे को चिप्स की कोशिश कर रहे थे। पुनर्मूल्यांकन को इस व्यवहार पर शक हुआ। बोरे में एक नवजात शिशु का शव मिला। लोगों ने तुरंत कुचिंदा पुलिस को इसकी जानकारी दी।

# हिन्दी को संघर्ष का नहीं, सेतु का माध्यम बनायें

दक्षिण भारत के विभिन्न राज्यों में हिन्दी विरोध की राजनीति अब महाराष्ट्र में भी उग्र से उग्रत्तर हो गयी, इसी के कारण त्रिभाषा नीति को महाराष्ट्र में लगा झटका दुखद और अफसोसजनक है। आखिरकार राजनीतिक दबाव, लंबी रस्साकशी और कशमकश के बाद महाराष्ट्र की देवेंद्र फडणवीस सरकार ने स्कूलों में हिंदी की पढ़ाई से जुड़े मुद्दे पर यू-टर्न लेते हुए अपने कदम पीछे खींच लिए। विदित हो कि केंद्र सरकार की नीति के तहत महाराष्ट्र के स्कूलों में पहली कक्षा से हिंदी को तीसरी भाषा के रूप में पढ़ाया जाना था। राजनीतिक आग्रहों एवं दुराग्रहों के चलते अब ऐसा नहीं हो पाएगा। मतलब, महाराष्ट्र को तीसरी भाषा के रूप में भी हिंदी मंजूर नहीं है। महाराष्ट्र में हिंदी का संकट वास्तव में एक गहरे सामाजिक-राजनीतिक विमर्श का हिस्सा है। यह केवल भाषाई नहीं, बल्कि अस्मिता, पहचान और सह-अस्तित्व से जुड़ा हुआ है। जबकि भाषा को संघर्ष का नहीं, सेतु का माध्यम बनाना चाहिए। क्योंकि



जब मराठी और हिंदी एक-दूसरे की सहयोगी बनेंगी, तभी महाराष्ट्र और भारत दोनों का भविष्य उज्ज्वल होगा और तभी महाराष्ट्र राष्ट्रीयता से जुड़ते हुए समग्र विकास की ओर अग्रसर हो सकेगा। हिन्दी को हथियार बनाकर उद्धव ठाकरे और राज ठाकरे ने मराठी समर्थक राजनीति को इस तरह से गरमा दिया था कि सरकारी प्रयासों के हाथ-पांव फूलने लगे और अपने फैसलों पर पुनर्विचार करना पड़ा। ठाकरे बंधुओं का हिन्दी विरोधी आंदोलन दिनोंदिन उग्र होता जा रहा था। यह सच है, हर राज्य के लिए भाषा की राजनीति मायने रखती है और कोई भी पार्टी स्थानीय स्तर पर अपनी क्षेत्रीय भाषा से मुंह नहीं मोड़ सकती। यह सर्वविदित है कि महाराष्ट्र में पूर्व में एक समिति ने जब हिंदी पढ़ाने की सिफारिश की थी, तब उद्धव ठाकरे ही राज्य के मुख्यमंत्री थे। तब हिंदी का मामला बड़ा नहीं था, पर आज जब ठाकरे विपक्ष में हैं, तब यही मुद्दा सबसे अहम हो गया है। शायद यह शर्म की बात है कि जिस राज्य की राजधानी मंज पूरा हिंदी फिल्म उद्योग बसता है, समूचे देश की आर्थिक राजधानी होने का गौरव जिसे मिला हुआ है, जहां समूचे देश के लोगों बसे है, जिसे सांझा-संस्कृति का गौरव प्राप्त है, उस राज्य की राजनीति अब हिंदी से परहेज करती दिख रही है। आज उद्धव ठाकरे बोल रहे हैं कि देवेंद्र फडणवीस सरकार मराठी मानुष की शक्ति से हार गई, पर वे इस बात को छिपा रहे हैं कि हारी सरकार नहीं, बल्कि राष्ट्र-भाषा हिंदी हारी है, जिसने मुंबई को सपनों का शहर बनाए रखा है। भारत विविधताओं का देश है, यहां भाषाएं न केवल संवाद का माध्यम हैं, बल्कि सांस्कृतिक पहचान का प्रतीक भी हैं। परंतु जब भाषाएं टकराव का विषय बन जाएं, तो वह केवल भाषाई संकट नहीं रह जाता, बल्कि एक सामाजिक, राजनीतिक और सांस्कृतिक मुद्दा बन जाता है। ऐसा ही कुछ महाराष्ट्र में देखने को मिल रहा है, जहां हिंदी भाषा को लेकर एक अनकहा-अनचाहा-सा संघर्ष चल रहा है। महाराष्ट्र में मराठी भाषा केवल एक भाषा नहीं, बल्कि मराठी अस्मिता का प्रतीक है। कई मराठी संगठनों और राजनीतिक दलों का यह मानना है कि हिंदी भाषा का बढ़ता वर्चस्व मराठी संस्कृति के लिए खतरा बन सकता है।

ललित गर्ग

फडणवीस सरकार की ताजा घोषणा यह दर्शा रही है कि हिंदी का मुद्दा राज्य में विपक्षी दलों के हाथों का एक ताकतवर राजनीतिक हथियार बनता जा रहा था। न केवल विपक्ष के सभी दल इस मसले पर एकजुट और विधानसभा के मॉनसून सत्र को हंगामेदार बनाने पर आमादा थे, बल्कि ठाकरे बंधुओं को भी हिंदी विरोध की राजनीति की अपनी जानी-पहचानी जमीन वापस मिलती दिख रही थी। क्योंकि शिवसेना प्रमुख बाला साहेब ठाकरे के शुरुआती दौर में पार्टी खास तौर पर हिंदीभाषियों के विरोध के लिए जानी जाती थी। मुंबई और महाराष्ट्र में हिंदीभाषियों की निरंतर बढ़ती आबादी को शिवसेना मराठी अस्मिता के लिए खतरे के रूप में देखती थी। हालांकि बाद के दौर में, खासकर नब्बे के दशक से भाजपा के गठबंधन में शिवसेना की राजनीति भी हिंदी से हिंदू की ओर मुड़ती गई। ऐसे में निश्चित ही मराठा राजनीति से हिन्दी विरोध की उम्मीद नहीं थी। अब तक तमिलनाडु को ही हिंदी विरोध के लिए जाना जाता था, पर इधर तीखे हिंदी विरोध में कर्नाटक के साथ ही, महाराष्ट्र भी शामिल हो गया है। दुनिया की सर्वाधिक तीसरी बोली जाने वाली हिन्दी भाषा अपने ही देश में उपेक्षा एवं राजनीति की शिकार है। अब केन्द्र सरकार के साथ-साथ हिंदी समाज को ज्यादा सजग होना पड़ेगा। हिन्दी भाषी प्रांतों को अपनी राजनीतिक व आर्थिक शक्ति को इतना बल देना पड़ेगा कि कम से कम तीसरी भाषा के रूप में हिंदी को अहिंदीभाषी राज्यों में स्वीकार किया जाए। क्या हिंदी प्रदेश के नेता इससे सबक लेंगे? हालांकि, जिस तरह की त्रासद भाषा-राजनीति महाराष्ट्र में हो रही है, उससे यही लगता है कि इसके लिये बनी समितियों में बैठने वाले विशेषज्ञों की राय को किनारे कर दिया जाएगा और राष्ट्रीयता पर क्षेत्रीयता की जीत हासिल हो जाएगी। महाराष्ट्र में बढ़ते हिन्दीभाषियों के अनुपात को देखते हुए देर-सबेर हिन्दी को अपनाना ही लोकतांत्रिक दृष्टिकोण है। चाहे मुंबई हो या महाराष्ट्र, कुल आबादी में हिंदीभाषियों का बढ़ता अनुपात हिन्दी के पक्ष में है। 2001 की जनगणना के मुताबिक हिंदीभाषियों की संख्या मुंबई में 25.9 प्रतिशत और मराठीभाषियों की 42.9 प्रतिशत थी जो 2011 में क्रमशः 30.2 प्रतिशत और 41 प्रतिशत हो गई। महाराष्ट्र में इसी अवधि में जहां मराठीभाषी आबादी 76 प्रतिशत से 73.4 प्रतिशत पर आ गई, वहीं हिंदीभाषियों का अनुपात 7.3 प्रतिशत से बढ़कर 9.5 प्रतिशत हो गया।

# भाजपा प्रदेशाध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल, जनसरोकार के प्रतीक

हेमेन्द्र क्षीरसागर

3 सितंबर 1964 को मथुरा में जन्में मध्यप्रदेश भारतीय जनता पार्टी के नवनिर्वाचित प्रदेशाध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल वाणिज्य और कानून में जेएच गवर्नमेंट कॉलेज, बैतूल से स्नातक हैं। उन्हें संगठन निष्ठा, राजनीति और समाजसेवा के संस्कार अपने पिता विजय कुमार खंडेलवाल से विरासत में मिले। हेमंत खंडेलवाल को बैतूल में 'विकास पुरुष' कहा जाता है। विधायक रहते हुए उन्होंने कभी सुरक्षा गार्ड नहीं रखा। न ही गाड़ी पर नाम पट्टिका लगाई, सरकारी आवास लिया। वे हमेशा सादगी और सादा जीवन, उच्च विचार के मूल्यों पर चलते रहे। आज भी देर रात आमजन और पार्टी कार्यकर्ताओं से बात कर उनकी समस्या सुलझाते हैं। उन्होंने कदापि अपने आपको एक नेता नहीं अपितु कार्यकर्ता के तौर पर माना। यथेष्ट, उनको करीब से जानने वाले उन्हें राजनीति के संत और जनसरोकार के प्रतिक मानते हैं।

स्तुत्य, भाजपा के संस्थापक सदस्यों में से एक, राष्ट्रवादी विचारधारा के प्रेरक विजय कुमार खंडेलवाल भाजपा से बैतूल सांसद रह चुके हैं। हेमंत खंडेलवाल अपने पिता के समय से ही जनसेवा के लिए समर्पित रहे। पिता के निधन से बैतूल लोकसभा सीट खाली हो गई। इस दौरान हुए उपचुनाव 2007 में भाजपा ने हेमंत खंडेलवाल को टिकट देकर चुनावी मैदान में उतारा और वे लोकसभा पहुंचे। इसके बाद 2010 से 2013 तक बैतूल के जिलाध्यक्ष रहे। 2013 से 2018 तक बैतूल से विधायक निर्वाचित हुए । 2014 से 2018 तक प्रदेश भाजपा के कोषाध्यक्ष रहे। 2021 पश्चिम बंगाल चुनाव में प्रवासी कार्यकर्ता का प्रभार मिला। 2022 उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव में 15 जिलों के समन्वय प्रभारी बनाए गए। 2023 बैतूल विधान सभा से विधायक निर्वाचित हुए। वर्तमान में कुशाभाऊ ठाकरे ट्रस्ट के अध्यक्ष हैं। कर्तव्य निष्ठा, संगठन की गहरी समझ रखने वाले गंभीर व्यक्तित्व के धनी हेमंत खंडेलवाल ने अपने राजनीतिक जीवन में हमेशा जनता की समस्याओं को प्राथमिकता दी है। क्षेत्र के विकास, सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य, पेयजल और किसानों के मुद्दों पर वे हमेशा मुखर और सक्रिय रहे हैं। उनके प्रयासों से बैतूल में कई विकास योजनाएं क्रियान्वित की गईं, जिनका आमजन को सीधा लाभ मिला है। ऐसे अभूतपूर्व जनसेवा से उन्होंने अपनी पहचान बनाई। साथ ही प्रदेश एवं भाजपा के सभी जिला कार्यालय निर्माण संबंधी डिजाइन, निर्माण सहित अन्य व्यवस्थाओं को बखूबी देखते रहे। शायद प्रदेश में सबसे अच्छा डिजिटल और सटीक आंकड़ों या संपर्क के मामले में उनका स्वयं का कार्यालय है। जनता जनार्दन और कार्यकर्ताओं तक उनका सीधा संवाद उन्हें आम आदमी का खास मनाता है। वस्तुतः आज के दौर में शुचिता की राजनीति ऐसी अनूठी मिसाल दुर्लभ है। संवाहक हेमंत खंडेलवाल जनसरोकारी जनप्रतिनिधि के साथ कुशल संगठक की निर्णायक भूमिका भाजपा प्रदेशाध्यक्ष के दायित्व को संगठन ही सेवा और सेवा ही समर्पण के भाव से अक्षरशः निर्वहन करेंगे। तभी तो राजनीति के प्रतिस्पर्धा के समय में भाजपा जैसे 14 करोड़ प्राथमिक सदस्य वाली दुनिया के सबसे बड़े राजनीतिक दल भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष के रूप में उन्हें निर्विरोध निर्वाचित किया गया है।

फीचर



# बिल्ली के रास्ता काटने से क्या होता है?

आप अपने गन्तव्य तक पहुँचने की ज़ल्दी में हैं। आप अपने कदम तेज़ी से आगे बढ़ा रहे हैं कि तभी अचानक से एक बिल्ली आती है और आपका रास्ता काट जाती है।

ऐसे में आप क्या करेंगे ? शायद वही जो ज़्यादातर भारतीय ऐसे में करेंगे - थोड़ी देर रुक जायेंगे और किसी और के वहां से गुजरने का इंतज़ार करेंगे।

प्राचीन काल से ही ऐसी मान्यता प्रचलित है कि अगर बिल्ली आपका रास्ता काट दे तो आपको कुछ देर रूक जाना चाहिए या उस रास्ते से नहीं गुजरना चाहिए, खासकर यदि काली बिल्ली आपका रास्ता काटे तो इसे बहुत अशुभ माना जाता है।

हमारे परिजन भी हमेशा हमें बिल्ली द्वारा रास्ता काटने पर आगे न जाने की सलाह देते हैं। बिल्ली के रास्ता काटने को अशुभ का संकेत माना जाता है। यह मान्यता है कि बिल्ली अन्य जीवों की अपेक्षा अधिक संवेदनशील प्राणी है जो कि भविष्य में होने वाली घटनाओं को काफी सटीक और पहले ही भांप लेती है। उसके द्वारा रास्ता काटना एक चेतावनी माना जाता है जिसे समझकर हम दुर्घटनाओं से बच सकते हैं।


वैज्ञानिक आधार

अनेक लोग इसे अंधविश्वास मानते हैं। हालांकि वैज्ञानिक तथ्य भी यह कहते हैं कि अनेक जीवों में प्रकृति की घटनाओं के घटित होने से पूर्व समझने की शक्ति होती है। यह भी देखा गया है कि बड़ी-बड़ी घटनाओं के पहले अनेक जानवरों के व्यवहार में अचानक परिवर्तन आ जाता है। जब जापान में सुनामी आई थी तब उसके ठीक पहले तटीय क्षेत्रों के पालतू जीवों के व्यवहार में स्पष्ट परिवर्तन देखने को मिला था। बिल्कुल उसी तरह बिल्ली के व्यवहार को भी कुछ लोग सही मानते हैं और बिल्ली के रास्ता काटने के बाद कुछ देर रूक कर आगे बढ़ने को कहते हैं, जिससे भावी दुर्घटनाओं की आशंका टाली जा सके।

## प्रेरणा

# कोई भी परिस्थिति हो, ये काम कभी बंद ना करें

अपने विचारों का मूल्यांकन करना कभी भी बंद न करें, क्योंकि विचारों का प्रवाह अनवरत और कभी-कभी अत्यधिक भी हो जाता है। हर नया विचार पुराने को चुनौती देता है। यहीं से भ्रम भी पैदा होता है और कभी-कभी अधिक विचार आने से निर्णय भी गलत हो जाते हैं। रावण के साथ यही हुआ। वह बहुत विद्वान था। लिहाजा उसके भीतर विचारों की भरमार थी। सुंदरकांड का दृश्य है। रावण के दरबार में हनुमानजी निर्भीक खड़े थे।



दोनों का वार्तालाप शुरू होता है।
कह लंकेस कवन तैं कीसा। केहि कें बल घालेहि बन खीसा।।
की धौं श्रवन सुनेहि नहिं मोही। देखउं अति असंक सठ तोही।।

लंकापति रावण ने कहा - रे वानर! तू कौन है? किसके बल पर तूने वन को उजाड़कर नष्ट कर डाला? क्या तूने कभी मेरा नाम और यश नहीं सुना? रे शठ! मैं तुझे अत्यंत निरूशंक देख रहा हूं।


मारे निसिचर केहिं अपराधा। कहु सठ तोहि न प्रान कइ बाधा।। तूने किस अपराध से राक्षसों को मारा? बता, क्या तुझे प्राण जाने का भय नहीं है? यहां रावण ने हनुमानजी से पांच प्रश्न पूछे। इन शब्दों में अहंकार भरा हुआ था। रावण ने अपने ही विचारों को शब्दों से जोड़ने के लिए अहंकार का सेतु बनाया, जबकि विश्लेषण के साथ शब्द प्रस्तुत करने थे, क्योंकि सामने हनुमानजी खड़े थे।

हनुमानजी की विशेषता यही थी कि वे अपने विचारों का मूल्यांकन करते रहते थे। दरअसल रावण यह मानता ही नहीं था कि वह अहंकारी है।

## अपनी बात



अरुणाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री पेमा खांडू ने कहा कि हिमालय की गोद में बसा अरुणाचल भारत के नेट-जीरो उत्सर्जन लक्ष्य में अहम भूमिका निभा रहा है। मुख्यमंत्री पेमा खांडू ने एक पोस्ट शेयर किया। इस पोस्ट में उन्होंने अरुणाचल को भारत का सबसे बड़ा कार्बन सिंक बताया। साथ ही कुछ डेटा भी शेयर किया है, जिसमें वन क्षेत्र, कार्बन अवशोषण और नेट-जीरो उत्सर्जन लक्ष्य के बारे में बताया गया है।



दलाई लामा ने कहा कि उनकी मृत्यु के बाद उनके उत्तराधिकारी का चयन तिब्बती बौद्ध परंपराओं के अनुसार होगा और इस प्रक्रिया में चीन की कोई भूमिका नहीं होगी। दलाई लामा ने अपने उत्तराधिकारी के चयन की जिम्मेदारी गादेन फोडरंग ट्रस्ट को सौंपी है। साथ ही लामा ने स्पष्ट कर दिया है कि उनकी संस्था यानी दलाई लामा का संस्थान भविष्य में भी जारी रहेगा। उन्होंने 2011 में किए गए वादे की भी याद दिलाई।

## ब्रीफ न्यूज

### एकल अभियान अंचल गुना की मासिक समीक्षा बैठक संपन्न

**गुना।** एकल अभियान मध्य भारत संभाग, अंचल गुना की मासिक समीक्षा बैठक बुधवार को अंचल कार्यालय पर संपन्न हुई। बैठक में संगठन के पदाधिकारियों ने विगत कार्यक्रमों की समीक्षा के साथ आगामी आयोजनों की तैयारियों पर विस्तृत चर्चा की। बैठक का शुभारंभ मां सरस्वती एवं भारत माता के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। बैठक में एकल भाग अध्यक्ष घनश्याम रघुवंशी, अंचल सचिव विकास जैन नखराली, महिला अंचल अध्यक्ष सुनीता अग्रवाल, महिला सचिव रेनू जैन, चंबल भाग कार्यालय प्रमुख विजय सिंह तथा अंचल अभियान प्रमुख अर्जुन सिंह मंचासीन रहे। एकल अंचल सचिव विकास जैन ने जानकारी देते हुए बताया कि बैठक में संगठन के पूर्व कार्यक्रमों की समीक्षा की गई, साथ ही आगामी महत्वपूर्ण आयोजनों पर दिशा-निर्देश दिए गए।

### कलेक्टोरेट पर आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं का प्रदर्शन

**गुना।** मप्र आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका संघ के बैनर तले बुधवार को बड़ी संख्या में आंगनवाड़ी कार्यकर्ता और सहायिकाएं जिला कलेक्टोरेट पहुंचीं। यहां उन्होंने अपनी वर्षों पुरानी लंबित मांगों को लेकर नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया और प्रधानमंत्री के नाम जिला प्रशासन को ज्ञापन सौंपा। संघ की जिला इकाई गुना के नेतृत्व में हुए इस प्रदर्शन में कार्यकर्ताओं ने कहा कि सरकार द्वारा केवल आश्वासन दिए जाते हैं, लेकिन व्यावहारिक स्तर पर कोई समाधान नहीं किया जाता। ज्ञापन में सबसे पहली और प्रमुख मांग यह रखी गई कि महिला एवं बाल विकास विभाग के अंतर्गत कार्यरत सभी आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं एवं सहायिकाओं को नियमित शासकीय कर्मचारी घोषित किया जाए। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि वे वर्षों से सरकारी नीतियों के अनुरूप कार्य कर रही हैं, फिर भी उन्हें न तो नियमित वेतन मिलता है और न ही पेंशन, चिकित्सा सुविधा, बीमा या अन्य लाभ मिलते हैं। उनका मानना है कि यह उनके श्रम और योगदान के साथ अन्याय है।

### केंट थाना पुलिस ने नानाखेड़ी मंडी में दबिश देकर 6 जुआरी दबोचे

**गुना।** पुलिस अधीक्षक अंकित सोनी के दिशा निर्देशन में गुना पुलिस द्वारा जिले में विविन्न अवैध व असामाजिक गतिविधियों में संलिप्त माफियाओं, कारोबारियों, तस्करों आदि पर कार्यवाहियों का निरंतर प्रहार किया जा रहा है । इसी तारतम्य में एएसपी मानसिंह ठाकुर के मार्गदर्शन एवं प्रभारी सीएसपी गुना भरत नोटिया के पर्यवेक्षण में केंट थाना प्रभारी निरीक्षक अनूप कुमार भार्गव और उनकी टीम द्वारा बीती रात नानाखेड़ी मंडी परिसर में जुए की सूचना पर त्वरित कार्यवाही कर जुआ खेलने-खिलाने वाले एक संगठित गिरोह का खुलासा कर गिरोह के 13 सदस्यों पर सख्त कार्यवाही की गई है । गौरतलब है कि गत् रात नानाखेड़ी मंडी परिसर में 7-8 लोगों के जुआ खेले जाने की मुखबिर सूचना पर जुआरियों की धरपकड़ और कार्यवाही हेतु केंट थाने से पुलिस की एक टीम रवाना होकर तत्काल नानाखेड़ी मंडी पहुंची।

ज्ञापन में बोलीं कांग्रेस, पीड़ित को न्याय देने की जगह दबाव डाल रही भाजपा

# जिसे अंग्रेज न डरा सके, झूठी एफआईआर क्या डराएगी, कांग्रेस ने सौंपा ज्ञापन

सत्ता सुधार ■ गुना

जिला कांग्रेस ने बुधवार दोपहर पार्टी जिला अध्यक्ष मेहरबान सिंह धाकड़ के नेतृत्व में एसपी ऑफिस पहुंचे। इस अवसर पर बमौरी विधायक ऋषि अग्रवाल भी उनके साथ थे। एसपी ऑफिस पहुंचकर डीजीपी के नाम गुना एसपी को ज्ञापन दिया गया और अशोकनगर जिले के मुंगावली थाने में कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी के खिलाफ एफआईआर निरस्त करने की मांग की है। कांग्रेस ने जीतू पटवारी पर दर्ज एफआईआर को निराधार और झूठा बताया है। जिला अध्यक्ष मेहरबान सिंह धाकड़ ने स्पष्ट किया कि अगर भाजपा एफआईआर दर्ज करने के बहाने कांग्रेस को डराना चाहती है तो वह एक भी कार्यकर्ता को भी न डरा सकती है और न झुका सकती है।



कांग्रेस वह पार्टी है, जिसे आजादी से पहले अंग्रेज नहीं डरा सके। जो लोग डराने का काम कर रहे हैं उन्होंने पहले भी अंग्रेजों से माफी मांगी, लेकिन कांग्रेस का कार्यकर्ता निडर है वह न डरेगा न ही झुकेगा। कांग्रेस द्वारा दिए गए ज्ञापन में कहा गया है कि 25 जून को मुंगावली क्षेत्र के पीड़ितों ने जीतू पटवारी से न्याय की दिलाने की गुहार लगाई थी। लेकिन ऐसा क्या हुआ कि 26 जून को पीड़ितों ने बिना किसी कारण अशोकनगर कलेक्ट्रेट पहुंचकर शपथ दे दिया। जिसमें आरोप लगाया गया कि पीड़ितों को जीतू पटवारी ने गलत बयान देने के लिए उकसाया था। जबकि पटवारी पीड़ितों को न्याय दिलाने का प्रयास कर रहे थे। जीतू पटवारी ने पीड़ितों, शोषितों की आवाज उठाने और न्याय दिलाने का अपना कर्तव्य निभाया था और यही काम कांग्रेस प्रदेशभर में कर रही है, जो भाजपा को रास नहीं आ रहा है। पटवारी के साथ मुलाकात के दौरान पीड़ितों की जो दुर्दशा थी, उसे देखकर स्पष्ट लग रहा है कि उनपर सत्तापक्ष ने दबाव बनाया जिसकी वजह से उन्होंने बाद में गलत बयान दर्ज कराया है।

### 8 जुलाई को अशोकनगर पहुंचेंगे

कांग्रेस ने मध्यप्रदेश के पुलिस महानिदेशक से मांग की है कि जीतू पटवारी के खिलाफ मुंगावली थाने में 27 जून को दर्ज एफआईआर क्रमांक 0233 निरस्त की जाए। अन्यथा कांग्रेस अशोकनगर सहित प्रदेशभर में उग्र आंदोलन करेगी, जिसकी जिम्मेदार मध्यप्रदेश की भाजपा सरकार होगी। पार्टी ने चेतावनी दी है कि जब तक एफआईआर निरस्त की जाती है कांग्रेस प्रदेशभर में आंदोलन जारी रखेगी। 8 जुलाई को कांग्रेस के हजारों कार्यकर्ता अशोकनगर जिले में पहुंचेगी और जीतू पटवारी पर दर्ज एफआईआर के विरोध में गिरफ्तारी दी जाएंगी।

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर जिला कांग्रेस कमेटी गुना जिलाध्यक्ष मेहरबान सिंह धाकड़, बमौरी विधायक ऋषि अग्रवाल, जिला संगठन प्रभारी विश्वनाथ तिवारी, वरिष्ठ कांग्रेस जन हरिशंकर विजयवर्गीय, कैलाश नारायण भार्गव, रजनीश शर्मा, राजेन्द्र तिवारी, प्रकाश सिंह धाकड़,रतिराम धाकड़, पंकज कनेरिया, दीपेश पाटनी, रणवीर सिंह कुशवाह ब्लॉक अध्यक्ष, राजू जाटव पार्षद,नरेंद्र कुशवाह पार्षद, हलीम पार्षद, सीमा यादव जिलाध्यक्ष महिला कांग्रेस, राजू कोरी जिलाध्यक्ष सेवा दल, प्रमोद रघुवंशी जिलाध्यक्ष युवा कांग्रेस, फलेशू राज सिसोदिया जिलाध्यक्ष एनएसयूआई, भगवान सिंह अहिरवार, महेन्द्र ओझा, संदीप श्रीवास्तव, धर्मेन्द्र धाकड़, प्रशांत भार्गव, राकेश शिवहरे, प्रशांत शर्मा,कन्हैया लाल अहिरवार, बृजेश भार्गव, नबल दामले, निशांत गर्ग,कपिल श्रीवास्तव, संजय अहिरवार,अजीत खान, मुरारी लाल आदिवासी आदि उपस्थित थे।

# कलेक्टर से लेकर सिंधिया तक बरसे वकील... ज्ञापन लेने न आने पर हनुमान चौराहे पर बरसते पानी में किया चक्काजाम

कलेक्टर पर भू-माफियाओं के लिए काम करने का आरोप, सिंधिया से कहा- न्यायालय भूमि से अपने भूमाफिया मित्रों को दूर रखें

सत्ता सुधार ■ गुना

जिला न्यायालय को हनुमान चौराहे से हटाकर शहर के औद्योगिक क्षेत्र जगनपुर (हड्डीमिल) स्थानांतरित किए जाने की प्रक्रिया के विरोध में बुधवार को अधिवक्ताओं ने अभूतपूर्व जोरदोर विरोध प्रदर्शन किया। दोपहर में वकीलों का हुजूम कलेक्ट्रेट परिसर में इकट्ठा हुआ, लेकिन जैसे ही ज्ञापन लेने कलेक्टर किशोर कन्याल नहीं आए, तो वकीलों का गुस्सा फूट पड़ा। पहले तो वकीलों ने नारेबाजी करते हुए प्रशासन को समय सीमा दी और कलेक्टोरेट में सभा की। लेकिन तय समय निकलने के बाद भी जब कलेक्टर ज्ञापन नहीं लेने आए तो वकीलों ने हनुमान चौराहे की ओर कूच किया और वहां पहुंचकर चक्काजाम कर दिया। बारिश के बावजूद वकील देर शाम तक हनुमान चौराहे पर डटे रहे। उन्होंने एक-दूसरे का हाथ पकड़कर मानव श्रृंखला बनाई और चौराहे को पूरी तरह जाम कर दिया। आधे घंटे से ज्यादा समय तक चला यह चक्काजाम शहर के प्रमुख रास्तों पर




ट्रैफिक की रफ्तार थाम गया। चारों ओर गाड़ियों की कतारें लग गई और आमजन को खासी परेशानी का सामना करना पड़ा। जिन्हें पुलिस और प्रशासन के अधिकारियों ने समझाने का प्रयास किया। लेकिन वकील नहीं माने। मौके पर वकीलों को समझाने और ज्ञापन लेने एडीएम अखिलेश जैन पहुंचे। लेकिन उन्हें भी वकीलों की नाराजगी का सामना करना पड़ा। इस दौरान वकीलों ने उन्हें वापस लौटा दिया।

वकीलों ने इस प्रदर्शन में केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया को भी घेरा। उनका कहना था कि सिंधिया न्यायालय परिसर से अपने भू-माफिया मित्रों को दूर रखें। वहीं वकीलों ने कलेक्टर किशोर कन्याल पर सीधा आरोप लगाते हुए कहा कि वे भूमाफियाओं के हितों की रक्षा कर रहे हैं और न्यायालय को जबरन स्थानांतरित करने का प्रयास कर रहे हैं।

वकीलों ने कहा कि जगनपुर का इलाका पूरी तरह असुरक्षित है और वहां न्यायालय जैसी संवेदनशील संस्था का स्थानांतरण केवल जमीन की कीमतें बढ़ाने और भू-माफियाओं को लाभ पहुंचाने की मंशा से किया जा रहा है। इसके पूर्व वकीलों ने कलेक्ट्रेट परिसर में भी जोरदार प्रदर्शन किया और कलेक्टर मुर्दाबाद, भू-माफिया के दलाल हटाओ जैसे नारे लगाए। वकीलों ने मुख्यमंत्री के नाम सौंपे गए ज्ञापन में विस्तार से बताया कि वर्तमान न्यायालय परिसर हनुमान चौराहे पर शहर के केंद्र में स्थित है, जहां पहले से करीब 5 हेक्टेयर भूमि उपलब्ध है। इसमें उद्योग विभाग, टीएनसीपी कार्यालय और पुराना कलेक्ट्रेट भवन की जमीन शामिल है। ऐसे में अदालत को स्थानांतरित करने की कोई तात्कालिक आवश्यकता नहीं है। ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया गया कि जिन भू-माफियाओं ने जगनपुर क्षेत्र में सैकड़ों बीघा भूमि पहले ही खरीद रखी है, वे अब न्यायालय के स्थानांतरण के बहाने उस क्षेत्र की भूमि की कीमतें बढ़ाने की फिराक में हैं। कुछ कॉलोनाइजरों द्वारा पहले भी अवैध सड़क निर्माण की मंजूरी ली गई है, जिससे संदेह होता है कि यह पूरी प्रक्रिया पूर्व नियोजित है। वकीलों ने कहा कि नए स्थान पर महिला अधिवक्ताओं, पक्षकारों और जजों की सुरक्षा सुनिश्चित करना मुश्किल होगा, क्योंकि वह क्षेत्र आपराधिक गतिविधियों के लिए कुख्यात है। पुल पार कर जाना और औद्योगिक क्षेत्र से गुजरना आमजन के लिए जोखिमभरा रहेगा। वकीलों ने यह भी कहा कि यह केवल एक न्यायिक भवन का मसला नहीं है, बल्कि यह जनता की न्याय तक पहुंच, उसकी सुविधा और सुरक्षा का मामला है। यदि सरकार ने उनकी बात नहीं मानी तो वकील जिलेभर में व्यापक आंदोलन शुरू करेंगे और आमजन को भी इसमें जोड़ा जाएगा।

# रहवासियों ने कहा–बढ़ेगा बिल नहीं देंगे निजीकरण को मंजूरी

विवेक कॉलोनी में स्मार्ट मीटर लगाने का भारी विरोध

सत्ता सुधार ■ गुना

शहर की विवेक कॉलोनी में बुधवार को उस समय हंगामे की स्थिति बन गई जब बिजली कंपनी के कर्मचारी स्मार्ट मीटर लगाने पहुंचे। कॉलोनी के दर्जनों रहवासी मौके पर एकत्रित हो गए और जमकर विरोध किया। नाराज लोगों ने साफ तौर पर कहा कि वे अपने घरों में प्रीपेड स्मार्ट मीटर किसी भी कीमत पर नहीं लगने देंगे। विरोध इतना तीव्र था कि अंततः कंपनी के कर्मचारियों को बैरंग लौटना पड़ा और मीटर लगाने का काम रोकना पड़ा। कॉलोनी वासियों का कहना था कि स्मार्ट मीटर के नाम पर उपभोक्ताओं से जबरन अत्यधिक बिजली बिल वसूले जा रहे हैं। गुना शहर के जिन क्षेत्रों में पहले से स्मार्ट मीटर लगाए जा चुके हैं, वहां उपभोक्ताओं को कई-कई गुना अधिक बिलों का सामना करना पड़ रहा है। लोगों ने



इसे पूरी तरह बिजली के निजीकरण की शुरुआत बताया और कहा कि यह उपभोक्ता विरोधी नीति है, जिससे केवल निजी कंपनियों को मुनाफा पहुंचाना ही उद्देश्य प्रतीत होता है। इस विरोध में जानकी बाई, सविता जाट, कृष्णा बाई, अंशुइया बाई, कला कुशवाह, बृजनारायण शर्मा, लाल महाराज, प्रवीण रघुवंशी, किरण रघुवंशी, रणवीर रघुबंशी सहित बड़ी संख्या में महिलाएं और पुरुष शामिल रहे। सभी लोगों ने एक स्वर में यह मांग की कि स्मार्ट मीटर लगाने से पहले आम जनता की राय ली जाए, और यदि जनता सहमत न हो तो इसे जबरन न थोपा जाए। प्रदर्शनकारी नागरिकों ने कहा कि जिस तरह से बिना किसी सार्वजनिक चर्चा के यह मीटर लगाए जा रहे हैं, उससे यह साफ है कि यह आम आदमी के हित में नहीं बल्कि केवल कंपनियों के लाभ के लिए किया जा रहा है। लोगों ने यह भी आरोप लगाया कि स्मार्ट मीटर लगाने के बाद बिजली की खपत में कोई बड़ा बदलाव न होने के बावजूद बिलों में भारी वृद्धि हो रही है।

### नशामुक्ति नर्सिंग होम में 15 मरीजों की निःशुल्क भर्ती, विशेषज्ञ चिकित्सकों ने की जांच व परामर्श

**गुना।** गुना में संचालित मन मनोचिकित्सा संस्थान एवं नशामुक्ति नर्सिंग होम (डीडीएसी) द्वारा बुधवार को नशे के खिलाफ एक अहम कदम उठाया गया। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार से स्वीकृत जिला नशामुक्ति केंद्र के माध्यम से 15 मरीजों को निःशुल्क भर्ती किया गया। इस प्रक्रिया में करीब 30 मरीजों की जांच की गई, जिनमें से चयनित 15 गंभीर रोगियों को तत्काल उपचार के लिए भर्ती कर लिया गया, जबकि शेष मरीजों को अगले चरण में प्रवेश हेतु परामर्श दिया गया। मरीजों की चिकित्सा जांच संस्था के मानसिक रोग विशेषज्ञ डॉ. राम मोहन गुर्जर द्वारा की गई। उन्होंने मरीजों की मानसिक एवं नशा संबंधित स्वास्थ्य स्थिति का परीक्षण कर भर्ती की अनुशंसा की। शेष मरीजों को अगले महीने पुनः उपस्थित होने का निर्देश दिया गया।

सेवाओं में सुधार के निर्देश...

# बीनागंज और चाचौड़ा के स्वास्थ्य केंद्रों का औचक निरीक्षण

सत्ता सुधार ■ गुना

कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल के निर्देश पर जिला स्वास्थ्य विभाग ने बीनागंज और चाचौड़ा के स्वास्थ्य केंद्रों का औचक निरीक्षण किया। इस कार्य के लिए मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. राजकुमार ऋषिश्वर ने दो निरीक्षण दलों का गठन किया। पहला दल डॉ. आर.आर. माथुर के नेतृत्व में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बीनागंज पहुंचा, जबकि दूसरा दल डॉ. सुदर्शन कुशवाह के नेतृत्व में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र चाचौड़ा की व्यवस्था जांचने पहुंचा। निरीक्षण का मुख्य उद्देश्य यह था कि हर नागरिक को समय पर गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं प्राप्त हों। सुबह 9 बजे शुरू हुए निरीक्षण के दौरान ओपीडी, गर्भवती और धात्री महिलाओं की सेवाएं, डिलीवरी वार्ड, एनआरसी, लैब तथा अन्य



विभागीय गतिविधियों का सूक्ष्म अवलोकन किया गया। निरीक्षण दल ने शिशु मृत्यु, मातृ मृत्यु और ऑनलाइन पोर्टल से जुड़ी व्यवस्थाओं की भी गहन समीक्षा की और संबंधित कर्मचारियों को आवश्यक निर्देश दिए।

चांचौड़ा के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में चिकित्सक की अनुपलब्धता पाए जाने पर बीनागंज स्वास्थ्य केंद्र से ड्यूटी लगाने के निर्देश बीएमओ डॉ. राकेश कुमार पुष्पद को दिए गए। निरीक्षण के दौरान एनसीडी, आईडीएसपी, सीएम हेल्पलाइन, आशा कार्य, टीकाकरण सहित सभी स्वास्थ्य कार्यक्रमों की प्रगति और क्रियान्वयन की समीक्षा की गई। डॉ. आर.आर. माथुर ने सभी चिकित्सा अधिकारियों को प्रोबेबल रजिस्टर संधारित करने के निर्देश दिए ताकि संचारी रोगों की जानकारी आईएचआईपी पोर्टल पर अपलोड की जा सके।

निचली बस्तियों में भरा पानी, बुधवार सुबह से शाम तक रिमझिम बारिश का दौर जारी

# रातभर मूसलधार बारिश से जनजीवन अस्त-व्यस्त, 5 इंच से अधिक बारिश

सत्ता सुधार ■ गुना

शहर सहित गुना अंचल में मंगलवार रात से शुरू हुई मूसलधार बारिश ने शहरवासियों की रात की नींद उड़ा दी। रात 9 बजे के बाद शुरू हुआ बारिश का सिलसिला बुधवार दिन को भी लगातार जारी रहा। इस दौरान पिछले चौबीस घंटे में जिले में लगभग 125.2 मिलीमीटर (करीब 5 इंच) बारिश दर्ज की गई। लगातार हुई इस तेज बारिश ने शहर के कई इलाकों में पानी भरकर हालात बिगाड़ दिए, खासकर निचली बस्तियों में जलभराव की स्थिति गंभीर बन गई। बारिश की वजह से कोल्हूपुरा



क्षेत्र का नाला उफान पर आ गया और पानी पुलिया के ऊपर से बहने लगा। प्रशासन की ओर से इस क्षेत्र में फिलहाल कोई चेतावनी या अवरोधक नहीं लगाए गए थे, जिससे हादसे की आशंका लगातार बनी रही। इसी तरह गुलाबगंज इलाके में भी हालात विकट हो गए। यहां के नाले के उफान पर आने के कारण आसपास की कई कॉलोनियों में पानी भर गया। नाले से लगे रास्तों पर पानी की ऊंचाई तीन फीट तक जा पहुंची। घरों के बाहर तक पानी भरने से लोग पूरी रात सो नहीं सके और दरवाजों पर बांध बनाकर पानी घरों में घुसने से रोकने की कोशिश करते रहे।

गुलाबगंज क्षेत्र में सुबह होते-होते स्थिति और भयावह हो गई। कई मकानों के बाहर और कुछ के अंदर तक पानी पहुंच गया। स्थानीय निवासी बताते हैं कि क्षेत्र की नालियों की नियमित सफाई न होने और जल निकासी की समुचित व्यवस्था न होने के कारण हर बार बारिश के दौरान उन्हें इसी तरह की स्थिति से जूझना पड़ता है। इस बार की बारिश ने फिर से प्रशासन की तैयारियों की पोल खोल दी है। बारिश के चलते गुलाबगंज, कोल्हूपुरा, गोपालपुरा, शिवाजीनगर सहित अन्य नीचली बस्तियों में जनजीवन पूरी तरह प्रभावित हुआ। बुधवार सुबह तक कई कॉलोनियों में पानी जमा रहा, जिससे लोगों को कार्यालय, स्कूल और अन्य जरूरी कार्यों में पहुंचने में परेशानी हुई।


जिला मौसम विज्ञान केंद्र से प्राप्त आंकड़ों के अनुसार मंगलवार सुबह से बुधवार सुबह 8ः30 बजे तक गुना में कुल 125.2 मिमी बारिश दर्ज की गई, जो सीजन की अब तक की सबसे अधिक वर्षा में से एक है। इस दौरान अधिकतम आर्द्रता 98त्न तक पहुंच गई और न्यूनतम तापमान 23.6 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। मौसम विभाग ने आने वाले 24 घंटों के दौरान भी हल्की से मध्यम बारिश की संभावना जताई है। तेज बारिश के कारण कई जगहों पर बिजली व्यवस्था भी प्रभावित हुई। कुछ क्षेत्रों में ट्रांसफॉर्मर जल जाने और तारों में शॉर्ट सर्किट की खबरें मिली हैं, जिससे घंटों तक अंधेरा पसरा रहा। नगर पालिका की टीमें बुधवार सुबह से जल निकासी के कार्य में जुटी हुई हैं।

# पुलिस ने ट्रैक्टर-चोरी गिरोह के तीसरे सदस्य को किया गिरफ्तार

**गुना।** पुलिस अधीक्षक अंकित सोनी के निर्देशन में गुना पुलिस द्वारा संपत्ति संबंधी अपराधों के निरंतर खुलासे किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में कैंट थाना पुलिस ने अंतर्राज्यीय ट्रैक्टर-ट्रॉली चोरी गिरोह के तीसरे सदस्य को गिरफ्तार कर एक और फार्मट्रैक ट्रैक्टर व ट्रॉली बरामद की है। अब तक इस गिरोह से कुल तीन ट्रैक्टर और दो ट्रॉलियां जब्त की जा चुकी हैं, जिनकी अनुमानित कीमत करीब 25 लाख है। प्रकरण की शुरुआत 11 जून 2025 को हुई थी, जब ऊमरी रोड नानाखेड़ी क्षेत्र से एक स्वराज 855 ट्रैक्टर-ट्रॉली चोरी हो गई थी। फरियादी टीकाराम राठौर की रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपियों के खिलाफ केंट थाने में मामला दर्ज किया गया था। मामले की जांच में तेजी लाते हुए पुलिस ने 22 जून को दो आरोपियों लालू यादव निवासी ग्राम विलास (कैंट) और सुजान सिंह गुर्जर निवासी पृथ्वीपुरा को गिरफ्तार किया था। इनसे चोरी गया एक ट्रैक्टर-ट्रॉली तथा राजस्थान से चुराया गया एक महिंद्रा ट्रैक्टर भी बरामद हुआ था। अब पुलिस ने गिरोह के तीसरे सदस्य संजीव उर्फ भीमा यादव निवासी ग्राम विलास को गिरफ्तार कर लिया है। पूछताछ में आरोपी ने अपने साथियों के साथ मिलकर ट्रैक्टर-ट्रॉली चोरी की वारदातों को अंजाम देना स्वीकार किया।

# संजीवनी बूटी का काम करता है गिलोय





गिलोय एक चमत्कारी पौधा है, यह कई बीमारियों को दूर करने में मददगार होता है। इसके पत्ते पान के पत्तों की तरह होते हैं और इसके सेवन से शरीर स्वस्थ्य रहता है। आइए आज हम आपको यहां बता रहे हैं कि गिलोय किन–किन बीमारियों को दूर करने में मददगार होता है। बता दें कि गिलोय सबसे ज्यादा लाभकारी डायबिटिज के रोगियों के लिए होता है। इसमें हाइपोग्लैसेमिक होता है जो शरीर में शुगर की मात्रा को संतुलित बनाये रखता है। इसी कारण से डायबिटीज के रोगियों को शुगर कंट्रोल करने के लिए गिलोय का सेवन करने की राय दी जाती है। हालांकि बिना डॉक्टर के परामर्श के इसका सेवन नहीं करना चाहिए। यदि गिलोय के पत्तों को पानी में उबालकर आंखों पर रखा जाए तो इससे नेत्र रोग दूर होते हैं और आंखों की रोशनी बढ़ती है। गिलोय में रोगप्रतिरोधक क्षमता होती है इसी कारण से ये छोटी–छोटी बीमारियों को शरीर से दूर रखता है। इसका सेवन करने से सर्दी–जुकाम, गैस, कब्ज और अन्य बीमारियों से बचा जा सकता है।



# ऑनलाइन बुलिंग से डिप्रेशन का शिकार होते हैं किशोर

माता–पिता ध्यान दें, जो किशोर ऑनलाइन बुलिंग (बदमाशी) के शिकार होते हैं उन्हें कम नींद और डिप्रेशन (अवसाद) का सामना करना पड़ता है। एक अध्ययन ने इस बात को लेकर चेताया है। साइबर शिकार और नींद की गुणवत्ता के बीच संबंध का पता लगाने के लिए कुछ अध्ययनों में से एक में बफेलो विश्वविद्यालय की अनुसंधान टीम ने 800 से अधिक किशोरों के बीच ऑनलाइन बुलिंग और अवसाद के बीच संबंधों की जांच की। बफेलो विश्वविद्यालय से पीएचडी के छात्र मिशोल क्वोन ने कहा, ''इंटरनेट और सोशल मीडिया पर साइबर उत्पीडन सहकर्मी उत्पीडन और किशोरों के बीच एक उभरती मानसिक स्वास्थ्य चिंता का एक अनूठा रूप है।'' क्वोन ने कहा कि 15 प्रतिशत अमेरिकी हाई स्कूलों के छात्रों को इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से तंग किया जाता है। गंभीर स्तर पर स्कूल में प्रदर्शन से लेकर, रिश्तों में दूरियां और यहां तक की आत्महत्या का कारण भी डिप्रेशन बन सकता है। अमेरिका के किशोर स्वास्थ्य के कार्यालय के अनुसार, लगभग एक तिहाई किशोरों में अवसाद के लक्षण अनुभव हुए हैं, जिनमें नींद के पैटर्न में बदलाव के अलावा, लगातार चिड़चिड़ापन, क्रोध और सामाज से कटाव शामिल हैं।

# कॉफी पीने के होते है कई फायदे



अगर आप कॉफी पीते है तो यह खबर आपके लिए जरूरी है। ज्यादातर लोग सिर दर्द दूर करने, सुस्ती भगाने और मूड अच्छा करने के लिए कॉफी पीते हैं। इसके अलावा कई ऐसे भी होते हैं जिन्हें कॉफी पीने की लत होती है। लेकिन क्या आप ये जानते हैं कि कॉफी पीने से कई फायदे होते हैं। सुबह का बेहतरीन पेय होने के साथ ही दिल दुरुस्त रहता है। इसके आलावा कॉफी प्रोस्टेट कैंसर को रोकने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है, जिससे दवा–प्रतिरोधी कैंसर के इलाज का मार्ग प्रशस्त हो सकता है। शोध में कहा गया है कि एक या दो कप कॉफी पीने वालों में कॉफी नहीं पीने वालों की तुलना में दिल से जुड़ी परेशानियों के चलते मरने की आशंका 20 फीसदी तक कम होती है। दूसरे शब्दों में कहें तो कॉफी हार्ट–अटैक के बाद दिल को मजबूत रखने का काम करती है और इसे रेग्युलर लेने से दोबारा हार्ट अटैक आने की आशंका भी काफी कम हो जाती है। लेकिन शोधकर्ताओं ने ये चेतावनी भी दी है कि कॉफी को नियंत्रित मात्रा में ही लेना फायदेमंद है। वहीं दूसरे शोध में जापान के कनाजावा विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों ने कहविओल एसिटेट व कैफेस्टोल तत्वों की पहचान की है, जो प्रोस्टेट कैंसर की वृद्धि को रोक सकते हैं। ये दोनों तत्व हाइड्रोकॉर्बन यौगिक हैं, जो प्राकृतिक रूप से अरेबिका कॉफी में पाए जाते हैं। इसके पायलट अध्ययन से पता चलता है कि कहविओल एसिटेट व कैफेस्टोल कोशिकाओं की वृद्धि को रोक सकते हैं, जो आम कैंसर रोधी दवाओं जैसे कबाजिटेक्सेल का प्रतिरोधी है। शोध के प्रमुख लेखक हिरोकी इवामोटो ने कहा, ''हमने पाया कि कहविओल एसिटेट व कैफेस्टोल ने चूहों में कैंसर कोशिकाओं की वृद्धि रोक दी, लेकिन इसका संयोजन एक साथ ज्यादा प्रभावी होगा।'' इस शोध के लिए दल ने कॉफी में प्राकृतिक रूप से पाए जाने वाले छह तत्वों का परीक्षण किया। इस शोध को यूरोपियन एसोसिएशन ऑफ यूरोलॉजी कांग्रेस में बार्सिलोना में प्रस्तुत किया गया। शोध के तहत मानव की प्रोस्टेट कैंसर की कोशिकाओं पर प्रयोगशाला में अध्ययन किया गया।






# पौदिने की पत्तियों में पाए जाते हैं मिंथॉल व एंटी-बैक्टीरियल गुण

गर्मी के दिनों में पौदिना को भी लोग खूब पसंद करते है। पौदिने का प्रयोग हम किसी सब्जी को स्वादिष्ट बनाने और चटनी में बनाने में लेते है। पौदिने में कई प्रकार के पौष्टिक तत्व होते हैं जो हमारे स्वास्थ्य के लिए बहुत फायदेमंद होते है। पौदिने की पत्तियों में मिंथॉल व एंटी–बैक्टीरियल गुण पाए जाते हैं। गर्मियों के दिनों में स्कीन से जुड़ी कई परेशानियां होती है। आज हम पौदिने के सेवन से होने वाले शारीरिक लाभों के बारें में बताने जा रहे हैं, तो आइए जानते हैं।

### कील मुंहासे में फायदेमंद

पौदिना चेहरे के लिए भी काफी फायदेमंद होता है। अगर आपकी तैलीय त्वचा हैं आप पौदिने की पत्तियों को पीसकर चेहरे पर लगाओंगे तो आपके चेहरे के लिए काफी फायदेमंद होगी।

### मुंह की बदबू के लिए फायदेमंद

कई लोग मुंह की बदबू के कारण काफी परेशान रहते है। ऐसे व्यक्तियों के लिए पौदिना काफी फायदेमंद हो सकता है। अगर आपके मुंह में बदबू आती हैं तो आपको पौदिना की पत्तियों का सेवन करना चाहिए।

### पाचनतंत्र के लिए फायदेमंद

पौदिना हमारी पेट से संबंधित बीमारी के लिए भी काफी फायदेमंद होता है। अगर आप पेट की समस्या से पीड़ित हो तो आपको प्रतिदिन पौदिने की पत्तियों का सेवन करना चाहिए।

### पीरियड में फायदेमंद

कई महिलाएं अपने मासिक धर्म से काफी परेशान रहती हैं क्योंकि उनका मासिक धर्म समय पर नहीं आता है। जिस कारण वो काफी तनाव में रहती है। लेकिन अगर आप प्रतिदिन पौदिने का सेवन करेंगे तो ये महिलाओं के लिए काफी फायदेमंद हो सकता है। महिलाएं पौदिने की पत्तियां सूखाकर उनका चूर्ण बनाकर शहद के साथ सेवन करेगी तो शानदार इस बीमारी से फायदा मिलेगा।

# आइसक्रीम खाने से कम होता है तनाव और मोटापा

मौसम कोई भी आइसक्रीम खाने तो मजा ही कुछ और है। आइसक्रीम कई प्रकार के फ्लेवर में आती है जिसका टेस्ट बहुत यम्मी–यम्मी स्वाद होता है और आइसक्रीम का नाम सुनते ही बच्चों से लेकर बडों तक के मुंह में पानी आ जाता है। आपको यह जानकर हैरानी होगी कि आइसक्रीम हमारी सेहत के लिए बहुत लाभकारी है। आइसक्रीम में विटामिन, कैल्शियम व प्रोटीन की भरपूर मात्रा होती है। एक रिसर्च के अनुसार सुबह–सुबह नाश्ते में आइसक्रीम खाना दिमाग के लिए काफी अच्छा माना जाता है। इससे मानसिक स्वास्थ्य अच्छा रहता है। ये अध्ययन क्योंरीन यूनिवर्सिटटी के प्रोफेसर कोगा के सहयोग से की गई। जिसमें कहा गया है कि सुबह उठकर आइसक्रीम खाने से मानसिक तौर पर तनाव कम देखा गया। रिसर्च में एक ऐसे व्यक्ति के दिमाग की सक्रियता की तुलना की जिसे तुरंत सुबह उठने के बाद आइसक्रीम दी गई। इसके अलावा एक ऐसे व्यक्ति के ब्रेन की गतिविधियों को भी देखा गया जिसे सुबह नाश्ते में आइसक्रीम नहीं दी गई। अध्ययन में पता चला कि जिस व्यक्ति को सुबह आइस्क्रीम दी गई थी उसकी सक्रियता बेहतर थी। प्रोटीन– मिल्क के अन्य उत्पादों की तरह आइसक्रीम प्रोटीन का अच्छा स्त्रोत है। प्रोटीन से बॉडी के हर पाटर्समांसपेशियां, त्वचा, हड्डियों, ब्लड के लिए लाभ होता है। प्रोटीन खाने से ऊतक और मांसपेशियां स्ट्रॉन्ग होती है। विटामिन स्त्रोत–आइसक्रीम में विटामिन ए, बी–2 और बी– 12 खूब पाये जाते हैं। विटामिन ए, स्किन, बॉन्स, रोगप्रतिरोधक क्षमता के लिए बेस्ट होता है। विटामिन ए आंखों की रोशनी बढाता है। विटामिन ए से मजबूत हडिड्यां, स्वस्थ त्वचा, स्वस्थ दांत, व आंखें, बाल की देखभाल विकास के लिए बहुत ही आवश्यक है इसकी एक संतुलित मात्रा शरीर में जानी चाहिए, क्योंकि यह शरीर में एकत्र होता रहता है यदि हमारे शरीर में विटामिन ए की अधिक मात्रा ऊतकों को आक्सीराइज्ड करती है तथा अधिक उम्र कारण बनती है व्यक्ति अपनी उम्र से अधिक दिखने लगता है। आइसक्रीम खाने से शरीर में कैल्शियम की मांग पूरी हो जाती है परन्तु कैल्शियम की शरीर में पूर्ति के लिए दूध के अलावा दूध से बने पदार्थ मक्खन, आइसक्रीम पनीर, दही आदि का सेवन करना चाहिए। कैल्शियम केवल हड्डियों के लिए नहीं होता है बल्कि यह मोटापा भी घटाता है।





# दूध, दही, पनीर के सेवन से कम होता है डायबिटीज और हाई बीपी का खतरा

**वैज्ञानिकों के अनुसार दही, दूध या पनीर का रोजाना सेवन डायबिटीज और हाई ब्लड प्रेशर का खतरा कम करता है। हाल ही में एक शोध ने डेयरी रिच डाइट (यानी दही, दूध या पनीर युक्त खाद्य पदार्थ) को रक्त शर्करा के स्तर, ब्लड प्रेशर में सुधार और हृदय रोग संबंधी जोखिमों को कम करने से जोड़ा गया। शोध के मुताबिक, रोजाना इन डेयरी उत्पादों का दो बार सेवन इन बीमारियों से राहत दिलाने में फायदा करता है।**

इस अध्ययन को बीएमजे ओपन डायबिटीज रिसर्च जर्नल में प्रकाशित किया गया। इसका उद्देश्य स्वास्थ्य पर डेयरी उत्पादों के प्रभाव का विश्लेषण करना था। उन्होंने भारत सहित दुनियाभर के 21 देशों के 35 से 70 वर्ष के लोगों में डेयरी रिच डाइट के प्रभाव का गहराई से अध्ययन किया। इस शो में डेयरी उत्पादों जैसे दूध, दही, दही से बने पेय, पनीर से बनी डिशेज शामिल थीं। इन्हें फुल या लो फैट के रूप में बांटा गया था। बटर और क्रीम का अलग से मूल्यांकन किया गया था, क्योंकि वे आमतौर पर उन देशों में नहीं खाए जाते थे जो अध्ययन का हिस्सा थे। मेटाबॉलिक सिंड्रोम के पांच घटकों पर डेयरी उत्पादों के प्रभाव का अध्ययन किया गया था। यह अध्ययन लगभग 1,13,000 लोगों में किया गया। मेटाबॉलिक सिंड्रोम एक तरह से समस्याओं का झुंड होता है। मुख्य रूप से इसमें ब्लड प्रेशर बढ़ना, ब्लड शुगर बढ़ जाना, कमर के आसपास चर्बी बढ़ जाना और कोलेस्ट्रॉल व ट्राइग्लिसराइड का स्तर असामान्य हो जाना जैसी समस्याएं शामिल होती हैं। मेटाबॉलिक सिंड्रोम में ये समस्याएं एक साथ होती हैं जिससे स्ट्रोक, डायबिटीज व हृदय संबंधी बीमारियां होने का जोखिम बढ़ जाता है। शोधकर्ताओं ने हाई ब्लड प्रेशर, बढ़ी हुई कमर, गुड कोलेस्ट्रॉल का निम्न स्तर, हाई ब्लड फैट्स और बढ़े हुए फास्टिंग ब्लड ग्लूकोज की 12 महीनों की स्थिति को ट्रैक किया। अध्ययन से पहले लगभग 46,667 लोगों को मेटाबॉलिक सिंड्रोम था, यानी उनमें पांच में से कम से कम तीन स्थितियां थीं। शोधकर्ताओं ने पाया कि फुल फैट वाले डेयरी का सेवन करने से मेटाबॉलिक सिंड्रोम का जोखिम कम था। इससे पता चलता है कि डेयरी प्रोडक्ट शरीर की कार्यप्रणाली में कैसे सुधार करते हैं। शोध में कहा गया है कि यदि इन निष्कर्षों के आधार पर बड़े और दीर्घकालिक परीक्षणों में पुष्टि की जाती है, तो बढ़ती डेयरी खपत मेटाबॉलिक सिंड्रोम, डायबिटीज और हृदय रोग के मामलों को कम करने के लिए बड़े काम की हो सकती है। डेयरी उत्पादों में स्वास्थ्य लाभ में हड्डियों, दांतों और मांसपेशियों की मजबूती, पाचन में सुधार, वजन घटाना आदि शामिल हैं। विशेषज्ञों के मुताबिक डेयरी उत्पाद प्रोटीन और कैल्शियम के बड़े स्रोत हैं। इसके अलावा यह उत्पाद विटामिन और मिनरल्स के भी बड़े संयोजक होते हैं। डेयरी उत्पाद मुख्य रूप से पशुओं के दूध से निर्मित खाद्य या पेय पदार्थ होते हैं। मुख्य रूप से जिन पशुओं के दूध का प्रयोग इन उत्पादों को बनाने के लिए किया जाता है उनमें गाय, भैंस, बकरी, भेड, याक और ऊंट शामिल हैं।

# अभिनेता इरफान खान अभिनय किसी भी अवॉर्ड का मोहताज नहीं था



फिल्म निर्माता सुभाष घई ने दिवंगत एक्टर को याद कर इंस्टाग्राम पर शेयर की तस्वीर



बॉलीवुड फिल्म निर्माता सुभाष घई ने दिवंगत अभिनेता इरफान खान को याद कर उन्हें फिल्म इंडस्ट्री का अनमोल रत्न बताया है। उन्होंने कहा कि वह फिल्म इंडस्ट्री के सबसे बेहतरीन कलाकारों में से एक थे। उनका अभिनय किसी भी अवॉर्ड का मोहताज नहीं था। सुभाष घई ने अपने इंस्टाग्राम पर इरफान खान के साथ एक फोटो शेयर की है, जो किसी अवॉर्ड सेरेमनी के दौरान खींची गई थी। तस्वीर में दोनों ब्लैक कलर के सूट और वाइट शर्ट पहने नजर आ रहे हैं। साथ ही एक-दूसरे से मुस्कुराते हुए मिल रहे हैं। सुभाष घई के हाथ में एक अवॉर्ड है, वहीं इरफान उन्हें प्यार से गले लगाते हुए दिख रहे हैं।

कर्ज, राम लखन, और ताल जैसी मशहूर फिल्मों को लेकर सुभाष घई ने कहा कि फिल्मों में चमक-दमक से ज्यादा कहानी मायने रखती है। वह इरफान के काम और उनकी काबिलियत को बहुत अहमियत देते थे। उनकी तारीफ उनके लिए किसी भी पुरस्कार से ज्यादा खास थी। घई ने लिखा- मैं हमेशा से दिखावटी सितारों की तुलना में अच्छे और महान अभिनेताओं की तारीफ करता हूं। अच्छे अभिनेता कहानी को और बेहतर बनाते हैं, जबकि सितारे सिर्फ फिल्म को चमकाते हैं। मुझे इरफान खान से तारीफ मिलना किसी अवॉर्ड समारोह में पुरस्कार मिलने से ज्यादा खुशी देता था। इसलिए मैं इस तस्वीर को हमेशा संजोकर रखता हूं। हमें इरफान की बहुत याद आती है। उस जैसा कलाकार बहुत कम पैदा होते हैं।

सुभाष घई और इरफान खान ने एक साथ कई फिल्मों में काम किया। फिल्म राइट या रॉन्ग में इरफान ने लीड रोल निभाया था। इस फिल्म को सुभाष घई ने निर्देशित किया था। इसके अलावा सुभाष घई की फिल्म इकबाल में इरफान ने सहायक भूमिका निभाई थी। इरफान खान का निधन 29 अप्रैल 2020 को हुआ था। वह एक गंभीर बीमारी से पीड़ित थे, जिसे न्यूरोएंडोक्राइन ट्यूमर कहते हैं। उन्हें इस बीमारी का पता साल 2018 में चला था।



# सारा के गॉर्जियस लुक से नजरें नहीं हट रही फैंस की

हाल ही में, अपनी फिल्म के प्रमोशन के दौरान बालीवुड एक्ट्रेस सारा अली खान हल्के ब्रॉन्ज शेड की बलून मिनी ड्रेस में नजर आईं। उनके इस गॉर्जियस लुक से फैंस की नजरें नहीं हट रही थीं। यह ड्रेस उनकी पर्सनैलिटी और कंफर्ट का बेहतरीन मेल थी। हाई नेकलाइन और फ्लेयर्ड सिल्हूट वाली इस ड्रेस को बेहद खूबसूरती से डिज़ाइन किया गया था। फेदर डिटेलिंग ने इसे और भी खास बना दिया। बता दें कि यह कलर इन दिनों काफी ट्रेंडी है इस डिजाइन के ड्रेस आपको भी हर इवेंट में स्पेशल अटेंशन दे सकती हैं। सारा की इस ड्रेस का सबसे आकर्षक हिस्सा उसकी फेदर एम्ब्रॉयडरी थी, जो इसे एक ग्लैमरस लुक दे रही थी। ड्रेस का बैक डिजाइन भी बेहद यूनिक था, जिसमें एक लंबा बो डिटेल दिया गया था, जो पूरे लुक को एलिगेंस का टच देता है। शॉर्ट हेमलाइन ने इसे परफेक्ट पार्टी और रेड कार्पेट आउटफिट बना दिया।

सारा ने इस ड्रेस के साथ अपने लुक को बैलेंस करने के लिए मिनिमल मेकअप चुना। नैचुरल टोन्स, लाइट ब्लश और न्यूड लिपस्टिक ने उनके पूरे लुक को फ्रेश और आकर्षक बनाया। बालों को उन्होंने स्लीक पोनीटेल में बांध रखा था, जो ड्रेस के स्टाइल को पूरी तरह से कॉम्प्लिमेंट कर रहा था। सारा अली खान का यह लुक से आप यह आइडिया ले सकती हैं कि किस तरह सिंपल डिटेलिंग और सही स्टाइलिंग से आप किसी भी आउटफिट को खास बना सकती हैं। मिनिमल एक्सेसरीज़ और सही हेयर व मेकअप का सेलेक्शन किसी भी पार्टी या इवेंट के लिए आपके लुक को परफेक्ट बना सकता है। इस तरह कॉलेज इवेंट हो या ऑफिस, सारा का यह स्टाइल हर फैशन प्रेमी के लिए इंस्पिरेशन है। सारा अली खान का यह फैशन स्टेटमेंट न केवल उनके स्टाइल को शो करता है, बल्कि यह बताता है कि कैसे आप एलिगेंस और ग्लैमर का बेहतरीन तालमेल कर सकते हैं। उनकी यह ड्रेस ट्रेंडी और क्लासी का परफेक्ट उदाहरण है, जिसे हर फैशन लवर अपनी वॉर्डरोब में शामिल करना चाहेगा। बता दें कि सारा इन दिनों अपनी आने वाली मूवी मेट्रो इन दिनों के प्रमोशन को लेकर काफी बिजी हैं। इस फिल्म में सारा आदित्य रॉय कपूर के साथ नजर आएंगी। सारा अली खान का फैशन सेंस हमेशा उनके फैंस और फैशन प्रेमियों को दिवाना बना देता है।

# विश्वास नहीं हो रहा कि शेफाली अब दुनिया में नहीं रही: आरती



'कांटा लगा' फेम एक्ट्रेस शेफाली जरीवाला के निधन पर टीवी अभिनेत्री आरती सिंह ने सोशल मीडिया पर एक लंबा और भावुक पोस्ट लिखकर अपनी पीड़ा और यादें साझा कीं। आरती ने इंस्टाग्राम पर शेफाली के साथ अपनी कुछ तस्वीरें और 'बिग बॉस 13' का एक वीडियो शेयर किया।

उन्होंने लिखा कि उन्हें अब तक विश्वास नहीं हो रहा कि शेफाली अब इस दुनिया में नहीं हैं। आरती ने लिखा कि अभी कुछ दिन पहले ही दोनों जिम में मिली थीं और साथ कार्डियो करने का प्लान बनाया था। उन्होंने याद किया कि शेफाली ने उनसे कहा था, तेरे लिए बहुत खुशी होती है। तू खुश है न आरती ने बताया कि वह अक्सर जब कोई पूछता था कि वह आज भी किससे बात करती हैं, तो बस एक ही नाम लेती थीं - शेफू। उन्होंने कहा कि उन्होंने कभी नहीं सोचा था कि शेफाली इतनी जल्दी उन्हें छोड़कर चली जाएंगी। आरती ने शेफाली को याद करते हुए कहा कि वह बहुत खुशमिजाज और बच्ची जैसी चुलबुली थीं। उनके दिल में कोई छल-कपट नहीं था और वह कभी किसी की बुराई नहीं करती थीं।

उन्होंने लिखा कि शेफाली ने हमेशा उन्हें ढेर सारा प्यार और आशीर्वाद दिया। आरती ने भगवान से सवाल किया कि ऐसा क्यों हुआ। उन्होंने कहा कि वह शेफाली से प्यार करती थीं और हमेशा करती रहेंगी। उन्होंने यह भी याद किया कि 'बिग बॉस' में शेफाली की एंट्री पर उनकी नजरें उनसे हटती ही नहीं थीं। शादी से पहले शेफाली हर दिन उन्हें फोन करके बड़ी बहन की तरह सलाह देती थीं कि फेशियल करा ले, तैयारी कर ले। उन्होंने लिखा कि शेफाली और उनके पति पराग त्यागी उनकी शादी को लेकर बहुत खुश थे जैसे अपनी ही बहन की शादी हो। पोस्ट में आरती ने पराग के लिए भी लिखा कि उन्होंने शेफाली की बच्चे की तरह देखभाल की और बहुत प्यार दिया। उन्होंने कहा कि वे सब लोग तो धीरे-धीरे इस गम से उबर जाएंगे, लेकिन परिवार को यह दुख जीवन भर झेलना होगा। उन्होंने लिखा कि यह जाने का समय नहीं था, शेफाली को और खुशियां और प्यार बांटना था।

अंत में आरती ने लिखा कि वह 'आरआईपी' लिखना पसंद नहीं करतीं, बस प्रार्थना करती हैं कि शेफाली जहां भी हों, खुश रहें और उनके परिवार को इस दुख को सहने की ताकत मिले। बता दें कि टीवी और फिल्म इंडस्ट्री में शोक की लहर उस वक्त दौड़ गई जब 'कांटा लगा' फेम एक्ट्रेस शेफाली जरीवाला के निधन की खबर आई।

# ईशा और भरत फिर नजर आए साथ

ईशा देओल और भरत तख्तानी ने 29 जून 2012 को मुंबई में धूमधाम से शादी की थी। दोनों की शादी से दो बेटियां राध्या और मिराया हैं। लेकिन कई साल साथ रहने के बाद फरवरी 2024 में उन्होंने आपसी सहमति से अलग होने की घोषणा कर दी थी। इस खबर ने उनके फैंस को बड़ा झटका दिया था। अब एक बार फिर यह एक्स कपल साथ नजर आया है, जिससे उनके रिश्ते को लेकर चर्चाएं तेज हो गई हैं। हाल ही में ईशा और भरत ने एक पूजा में एक साथ हिस्सा लिया और स्वामी चिदानन्द सरस्वती जी और साध्वी भगवती सरस्वती जी का आशीर्वाद लिया। दोनों ने आश्रम में कुछ समय भी बिताया। पूजा के दौरान ईशा ने देवी मां को हार पहनाया और ट्रेडिशनल येलो आउटफिट में बेहद खूबसूरत दिखीं। वहीं भरत भी सफेद कपड़ों में डेशिंग नजर आए।

# सितारे जमीन पर की कमाई का ग्राफ 100 करोड़ के पार

सुपरस्टार आमिर खान की फिल्म सितारे जमीन पर बॉक्स ऑफिस पर अच्छी कमाई कर रही है। इस फिल्म की कमाई का ग्राफ 100 करोड़ के पार जा पहुंचा है। सितारे जमीन पर का बीते 9 दिनों में कुल बॉक्स ऑफिस कलेक्शन 108 करोड़ 30 लाख रुपये हो चुका है। आमिर खान की पिछली कुछ फिल्में बॉक्स ऑफिस पर पिटी थीं जिनमें साल 2018 में रिलीज हुई ठग्स ऑफ हिन्दुस्तान भी शामिल थी। फिल्म के बारे में एक हालिया इंटरव्यू में आमिर खान ने बताया कि कई एक्ट्रेसेज ने वो फिल्म ठुकरा दी थी। आमिर खान ने कहा, जब हम कास्टिंग कर रहे थे तो कोई हीरोइन वो फिल्म करने को तैयार नहीं थी। दीपिका ने मना कर दिया, आलिया ने मना कर दिया और श्रद्धा ने भी मना कर दिया। आखिरकार विक्टर फातिमा के पास गए। हालांकि आदित्य चोपड़ा और विक्टर ने साफ कर दिया था कि उसको मेरे साथ पेयर नहीं किया जा सकता है, क्योंकि उसका लुक टेस्ट ठीक रहा है, लेकिन मैंने दंगल में उसके पिता का रोल किया था। तो ऑडियंस शायद स्वीकार ना कर पाए। आमिर खान ने बताया कि हालांकि वो इन चीजों में यकीन नहीं करते हैं, क्योंकि ना तो असल जिंदगी में वह फातिमा के पिता हैं और ना ही बॉयफ्रेंड। हम बस एक फिल्म बना रहे हैं। क्या हम अपनी ऑडियंस को हल्के में नहीं ले रहे हैं, जैसे वो यह बात समझेंगे ही नहीं कि हम एक्टर्स हैं। बता दें कि आमिर खान इससे पहले अपनी फिल्म ठग्स ऑफ हिंदोस्तान के फ्लॉप होने के बारे में बात कर चुके हैं। आमिर खान ने एक पॉडकास्ट में कहा, मुझे भी ठग्स ऑफ हिन्दोस्तान पसंद नहीं थी। आज मैं खुलकर बोल सकता हूं कि जब फिल्म रिलीज हो रही थी तब मैं खुद ही खुश नहीं था।



# पति की पुण्यतिथि पर भावुक हुईं मंदिरा

एक्ट्रेस मंदिरा बेदी ने अपने दिवंगत पति राज कौशल की पुण्यतिथि पर इंस्टाग्राम पर एक इमोशनल पोस्ट शेयर कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। 30 जून 2021 को हार्ट अटैक से राज कौशल का निधन हो गया था और आज उनकी चौथी बरसी पर मंदिरा ने उनके साथ एक तस्वीर शेयर की जिसमें दोनों मुस्कुराते नजर आ रहे हैं। इस तस्वीर के साथ मंदिरा ने लिखा, हमें छोड़े हुए आपको चार साल हो गए। हम आपको याद करते हैं। मंदिरा ने पहले एक इंटरव्यू में कहा था कि वह अपने पति की पुण्यतिथि नहीं मनातीं क्योंकि वह दिन उनके लिए बेहद कड़वी यादें लेकर आता है। इसके बजाय वह राज के जन्मदिन को खुशी से मनाना पसंद करती हैं। मंदिरा ने कहा था, उस मनहूस दिन को क्यों याद करना जो सिर्फ दर्द देता है। मंदिरा और राज ने 1999 में शादी की थी। 2011 में उनके बेटे वीर का जन्म हुआ और 2020 में उन्होंने तारा नाम की बच्ची को गोद लिया। राज कौशल के निधन के बाद मंदिरा ने अपने बच्चों के साथ जिंदगी को फिर से संभालने की कोशिश की है।



# 'निकिता रॉय' की रिलीज को लेकर उत्साहित हैं सोनाक्षी

अभिनेत्री सोनाक्षी सिन्हा अपनी आने वाली फिल्म 'निकिता रॉय' की रिलीज को लेकर काफी उत्साहित हैं। हाल ही में सोनाक्षी ने एक इंटरव्यू में अपनी एक दबी हुई ख्वाहिश भी जाहिर की। उनसे जब पूछा गया कि वह एक अभिनेत्री के तौर पर अब आगे क्या करना चाहती हैं, तो 'दबंग' फेम सोनाक्षी ने कहा कि वह अब ऐसे किरदार की तलाश में हैं जो उन्हें नए सिरे से चुनौती दें और स्क्रीन पर एक अलग अंदाज में पेश करें।

सोनाक्षी ने साफ कहा कि वह ऐसा कुछ नहीं करना चाहतीं जो वह पहले कर चुकी हैं या जो वह अपनी नींद में भी कर सकती हैं। वह चाहती हैं कि उनका अगला किरदार उन्हें सचमुच में नई चुनौती दे और उनके कंफर्ट जोन से बाहर ले जाए।

उन्होंने कहा कि यही वजह है कि वह पिछले कई सालों से अलग-अलग और चुनौतीपूर्ण किरदारों का चुनाव कर रही हैं। सोनाक्षी ने बताया कि उन्हें नई चीजें करना हमेशा से अच्छा लगता है और इसमें उन्हें काफी मजा भी आता है। इसी बातचीत में उन्होंने यह भी कहा कि वह किसी पीरियड ड्रामा या बायोपिक में काम करने की ख्वाहिश रखती हैं। उन्होंने कहा कि उन्होंने पहले हीरामंडी जैसी पीरियड ड्रामा सीरीज जरूर की है लेकिन बायोपिक करने का अनुभव अभी बाकी है। उन्होंने साफ कहा कि उन्हें बायोपिक का हिस्सा बनना बहुत पसंद आएगा और वह इस दिशा में जरूर काम करना चाहेंगी। इस बीच सोनाक्षी ने अपनी 2012 की फिल्म 'सन ऑफ सरदार' के सीक्वल का हिस्सा न होने पर भी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि फिल्म की कहानी अब शायद किसी और दिशा में जा रही है और इसमें नए किरदार जोड़े गए हैं। सोनाक्षी ने कहा कि वह इस बदलाव को पूरी तरह से समझती हैं और उसका सम्मान करती हैं। उन्होंने कहा कि अब वह प्रोफेशनल तरीके से सोचती हैं और इतने साल इंडस्ट्री में काम करने के बाद ये बातें समझ आ जाती हैं। सोनाक्षी ने कहा कि यह कोई बहुत बड़ी बात नहीं है और इसका उन पर कोई असर नहीं पड़ता।

# निकिता की जूड लॉ से मुलाकात, फैंस खुश

अभिनेत्री निकिता दत्ता इन दिनों छुट्टियां मना रही हैं और हाल ही में उनके साथ एक ऐसा खास पल जुड़ गया जो हर सिनेमा प्रेमी का सपना होता है। छुट्टियों के दौरान निकिता की मुलाकात उनके पसंदीदा हॉलीवुड अभिनेता जूड लॉ से हुई। इस खास मुलाकात की एक तस्वीर उन्होंने अपने सोशल मीडिया पर साझा की और इसे अपना फैनगर्ल मोमेंट कहा। तस्वीर में निकिता और हॉलीवुड फिल्मों सरलॉक होम्स और द हॉलीडे फेम जूड लॉ मुस्कुराते नजर आए, जिसने उनके फैंस का दिल जीत लिया। हालांकि निकिता ने फोटो के कैप्शन में ज्यादा कुछ नहीं लिखा, लेकिन उनकी मुस्कान और चेहरे की खुशी ने साफ जता दिया कि अपने फेवरेट स्टार से मिलना कितना यादगार अनुभव रहा। निकिता की इस मुलाकात पर उनके प्रशंसक जमकर प्यार लुटा रहे हैं। हाल ही में निकिता दत्ता, सैफ अली खान और जयदीप अहलावत के साथ फिल्म ज्वेल थीफ में नजर आई थीं, जिसमें उनके संतुलित और असरदार अभिनय की काफी तारीफ हुई और उन्होंने अपनी अलग पहचान बनाई।



## ब्रीफ न्यूज

### कलेक्टर ने की आयुष्मान भारत हेल्थ एकाउंट (आभा) आईडी बनाने की अपील

**अशोकनगर।** आयुष्मान भारत डिजीटल मिशन के अंतर्गत देश में स्वास्थ्य सेवाओं के डिजिटलाईजेशन के अंतर्गत प्रत्येक नागरिक का आयुष्मान भारत हेल्थ एकाउंट (आभा) आईडी निर्मित किया जाना हैं। आभा आईडी के माध्यम से नागरिकों के स्वास्थ्य का डिजिटलाईजेशन किया जायेगा। जिससे नागरिकों को ईलाज के समय समस्त रिकार्ड ले जाने की आवश्यकता नहीं होगी। इसके माध्यम से स्वास्थ्य संस्था एंव मरीज दोनों को सुविधा होगी। कलेक्टर आदित्य सिंह द्वारा सभी नागरिकों से आभा आईडी बनाने हेतु अपील की है। कलेक्टर ने आंगनबाडी कार्यकर्ता, आशा कार्यकर्ता एंव स्वसहायता समूह के सदस्यों जो हितग्राहियों के सीधे सम्पर्क में रहते हो उनके माध्यम से भी आभा आईडी बनाने हेतु निर्देशित किया गया है। इसके साथ ही विद्यालयों में भी विशेष केम्प करते हुये आभा आईडी के संबंध में छात्रों का सहयोग लेने के निर्देश संबंधित विभागों को दिये गये हैं।

### विमुक्त घुमंतु एवं अर्द्धघुमंतु समुदाय के विद्यार्थी कोचिंग हेतु 3 अगस्त तक कर सकते है आवेदन

**अशोकनगर।** सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय भारत सरकार की सीड योजना के तहत विमुक्त घुमंतु एवं अर्द्धघुमंतु समुदाय के वह विद्यार्थी जो 12वी पूर्ण कर चुके है या वर्तमान में अध्यनरत है। जिनकी वार्षिक आय 8.00 लाख से अधिक न हो एवं अन्य किसी सरकारी योजना से समान लाभ प्राप्त न कर रहे हो। ऐसे विद्यार्थी को योजना के अतंर्गत परीक्षा पूर्व प्रशिक्षण के तहत फ्री कोचिंग प्रदाय की जा रही है। कोचिंग हेतु विद्यार्थी लिंक के माध्यम से 03 अगस्त तक आवेदन कर सकते है।

### महिला बाल विकास अधिकारी ने किया आंगनबाड़ी केंद्रों का निरीक्षण

**अशोकनगर।** जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास श्रीमती चन्द्रसेना भिडे द्वारा अशोकनगर ग्रामीण परियोजना के सेक्टर तूमैन के आंगनबाडी केन्द्रों का भ्रमण किया गया। ग्राम नगेश्री में समूहों द्वारा नियमित खाना/नाश्ता नही दिया जा रहा था, इसलिये समूह सदस्यों को बुलाकर चर्चा की गई। इसके साथ ही अंतिम चेतावनी पत्र भी समूहों को दिया गया। जिसमे विशेष रूप से लेख किया कि यदि 03 जुलाई से आंगनबाडी केन्द्र पर नाश्ता/खाना समय पर मेन्यू अनुसार नही दिया गया तो समूहों का अनुबंध आंगनबाडी केन्द्र एवं शाला से समाप्त करने की कार्यवाही की जायेगी। शासकीय भवन की स्थिति ठीक न होने के कारण आंगनबाडी कार्यकर्ता को आज ही केन्द्र संचालन का स्थल बदलने की कार्यवाही करने के लिखित निर्देश दिये। ग्राम इंग्लेखेडी में भी आंगनबाडी केन्द्र संचालन का स्थल बदलने के निर्देश सेक्टर पर्यवेक्षक को दिये गये। आंगनबाडी केन्द्र मढी तूमैन में केन्द्र संचालन व्यवस्थित पाया गया एवं बच्चों के बजन मापन कर क्रॉस चैक किया गया। जिसमें स्थिति संतोष जनक पाई गई।

# स्वच्छ सर्वेक्षण 2025 की तैयारियों को लेकर नगर पालिका एक्शन मोड



**सत्ता सुधार ■ सीहोर**

स्वच्छ सर्वेक्षण 2025 की तैयारियों को लेकर नगर पालिका सीहोर एक्शन मोड में नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर व सीएमओ सुधीर कुमार ने किया वार्डो का दौरा, नागरिकों से ली फीडबैक स्वच्छ सर्वेक्षण 2025 की तैयारियों को लेकर नगर पालिका परिषद सीहोर द्वारा सफाई व्यवस्था को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से व्यापक अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस विकास राठौर एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी सुधीर कुमार ने नगर के विभिन्न वार्डों का दौरा कर सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान नगर प्रमुखों ने क्षेत्रीय नागरिकों से सीधे संवाद कर उनकी समस्याओं और सुझावों को जाना। कई स्थानों पर नालियों की सफाई, कचरा संग्रहण, जलभराव और आवारा मवेशियों जैसी समस्याओं की जानकारी मिलने पर अधिकारियों को मौके पर ही त्वरित कार्यवाही के निर्देश दिए गए। इस अवसर पर स्वास्थ्य अधिकारी अमित यादव सहित नगर पालिका के अन्य अधिकारी एवं सफाई निरीक्षक भी उपस्थित रहे। भ्रमण के दौरान अध्यक्ष व सीएमओ ने सफाई कर्मचारियों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि स्वच्छता सिर्फ अभियान नहीं, बल्कि जनभागीदारी से जुड़ा एक सतत प्रयास है। उन्होंने नागरिकों से भी अपील की कि वे स्वच्छता में भागीदार बनें, कचरा निर्धारित स्थान पर ही डालें और खुले में कचरा फेंकने से बचें, जिससे सीहोर नगर को स्वच्छ और सुंदर बनाया जा सके। अधिकारियों ने यह भी बताया कि आने वाले दिनों में नियमित मॉनिटरिंग की जाएगी और जहां आवश्यकता होगी, वहां त्वरित कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी। नगर पालिका परिषद का यह निरीक्षण दौरा स्वच्छता को लेकर संजीदगी और जनसहभागिता की भावना को मजबूत करता है, जो स्वच्छ सर्वेक्षण 2025 में बेहतर प्रदर्शन के लिए एक सशक्त कदम है।

# अतिक्रमणकारियों को 24 घंटे का अल्टीमेंटम जिला प्रशासन और नपा के अधिकारी पहुंचे

**सत्ता सुधार ■ सीहोर**

शहर के सबसे व्यस्ततम मागज़् भोपाल नाका से कोतवाली चौराहा तक करीब एक किलोमीटर लंबी सड़क का निर्माण किया जाएगा। नगर पालिका इस परियोजना पर 5 करोड़ रुपए खर्च करेगा। निर्माण कार्य शुरू करने से पहले सड़क के दोनों ओर हुए अतिक्रमण को हटाया जाएगा। नपा ने अतिक्रमणकारियों को नोटिस जारी किए थे, इसके बाद भी अनेक अतिक्रमणकारी जमा हुए है। अतिक्रमणकारियों को हटाए जाने के लिए जिला प्रशासन और नगर पालिका के अमले ने 24 घंटे की चेतावनी दी है।

इसके पश्चात अतिक्रमण अमले के द्वारा अतिक्रमण हटाया जाएगा और इस पर होने वाला खर्च अतिक्रमणकारियों को भुगतना पड़ेगा। इसको लेकर



नगर पालिका सीएमओ सुधीर सिंह आदि ने अमले को निर्देश दिए है। इसके अलावा राजस्व विभाग के पटवारी संजय राठौर ने बताया कि हमारे द्वारा लंबे समय पहले अतिक्रमणकारियों को नोटिस और लाल मार्क लगाए थे। इसको लेकर नगर पालिका के अधिकारी का कहना है कि पूर्व में इसका भूमि पूजन सीएम डॉ. मोहन यादव और केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने किया था, इस मार्ग को बनाए जाने से पहले अतिक्रमण को हटाया जाने की कार्रवाई जारी है। सड़क के दोनों ओर पेवर ब्लॉक से फुटपाथ का निर्माण होगा और बीच में डिवाइडर बनाया जाएगा। डिवाइडर पर लाइटिंग के साथ पेड़-पौधे भी लगाए जाएंगे। अतिक्रमणकारियों को 24 घंटे के अंदर खुद से अतिक्रमण हटाने का निर्देश दिया गया है। रियोजना का टेंडर पहले ही जारी किया जा चुका है और अतिक्रमण हटते ही निर्माण कार्य शुरू कर दिया जाएगा।

# पटवारी के विरूद्ध मुंगावली थाने में दर्ज झूठी एफआईआर को निरस्त करने की मांग

## जिला कांग्रेस ने पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपा

**सत्ता सुधार ■ अशोकनगर**

पिछले दिनों सोशल मीडिया पर एक मामले को लेकर वीडियो जारी करने पर जिले के मुंगावली थाने में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी पर हुई फिर के विरोध में जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा बुधवार को पुलिस महानिदेशक के नाम पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपा गया।

जिला कांग्रेस शहर अध्यक्ष राजेंद्र कुशवाहा ने बताया कि पुलिस थाना मुंगावली जिला अशोकनगर में प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी के विरूद्ध भारतीय न्याय संहिता की विभिन्न धाराओ के अन्तर्गत झूठे तथ्यों के आधार पर एफआईआर क्रमांक 0233 दिनांक 27.06.2025 दर्ज की गई है। जिसमें उल्लेखित किया गया है कि गजराज लोधी एवं रघुराज लोधी निवासी ग्राम मूडरा थाना मुंगावली जिला अशोकनगर के साथ सरपंच के पुत्र विकास एवं उनके साथियों द्वारा दोनों लोधी भाईयों के साथ मारपीट की गई है, उनकी मोटर साईकिल छीन ली गई है, उक्त घटना के संबंध में दिनांक 25.06.2025 को प्रदेश अध्यक्ष श्री पटवारी के ओरछा दौरा कार्यक्रम के दौरान भेंट कराई गई। जिसमें आरोप लगाया गया



कि श्री पटवारी ने गजराज लोधी एवं रघुराज लोधी पीड़ित भाईयों को यह समझाया कि यह कहना कि तुम्हे मारपीट के साथ-साथ मानव मल भी खिलाया गया है, यदि ऐसा कहोगे तब मोटर सायकिल भी दूंगा तथा परिवार का ध्यान भी रखूंगा। उक्त घटनाक्रम के वार्तालाप को प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष द्वारा घटना के विवरण का वीडियो वायरल किया गया। उपरोक्त घटनाक्रम का वीडियों वायरल होने पर जिला कलेक्टर अशोकनगर द्वारा पीड़ित लोधी बंधुओं को तलब किया गया एवं मानव मल खिलाने की शर्मनाक घटना से उनके जिले की बदनामी रोकने के उद्देश्य से डरा धमकाकर पीड़ित व्यक्तियों से शपथ पत्र लिया गया। जिसमें उपरोक्त घटनाक्रम के संबंध में लिखा गया जो कि पुलिस में दर्ज एफआईआर में उल्लेखित है। आश्चर्य की बात यह है कि उन परिस्थितियों की जांच होनी चाहिए कि 25.06.2025 को पीड़ित व्यक्तियों द्वारा प्रदेश अध्यक्ष को अपनी शिकायत दर्ज कराई हो और उसके दूसरे दिन 26.06.2025 को वह बिना किसी कारण के कैसे कलेक्टर अशोकनगर को शपथ पत्र दे सकते हैं कि मानव मल खिलाने का स्टेटमेंट प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी के कहने पर दिया गया है। यह राजनीतिक द्वेष भावना से किये जाने वाला षडयंत्र है। दिनांक 25.06.2025 को प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष के साथ पीड़ित लोधी बंधुओं द्वारा की गई शिकायत का वीडियो वायरल होने पर जिला कलेक्टर द्वारा डरा धमका कर गलत शपथ पत्र लेकर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी के विरूद्ध भारतीय न्याय संहिता की विभिन्न धाराओं के अन्तर्गत अपराधी साजिश करना, धर्म जाति के आधार पर आपसी दुश्मनी को बढावा देना, राष्ट्रीय एकता के लिए हानिकारक होना, झूठे तथ्यों को सच के रूप में प्रस्तुत करना और सार्वजनिक उपद्रव फैलाने के लिए साजिशकर्ता मानकर एफआईआर दर्ज की गई। आश्चर्य कि बात यह है कि दिनांक 25.06.2025 को ग्राम मूडरा निवासी गजराज लोधी एवं रघुराज लोधी जिनके साथ गांव के दबंग सरपंच पुत्र द्वारा अपने साथियों के साथ मारपीट की जिसके लिए शिकायत होने पर भी उन्हें न्याय ना मिलने पर उनके द्वारा प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी से सम्पर्क स्थापित कर अपनी शिकायत दर्ज कराई गई।

# एनीमिया मुक्त भारत बनाने में आप सभी का सहयोग चाहता हूँः कलेक्टर

**सत्ता सुधार ■ दमोह**



नव आरंभ शैक्षणिक सत्र के अवसर पर कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर एनीमिया मुक्त भारत अभियान के तहत आज शासकीय महात्मा ज्योतिबा फुले सी एम राईज उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पहुँचे। उन्होंने कक्षा 06 से 12 तक के विद्यार्थियों को आई.एफ.ए. टैबलेट का वितरण कराया और स्वयं भी गोली का सेवन कर सभी मौजूद विद्यार्थियों को आयरन टैबलेट का सेवन करने प्रेरित किया। कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने कहा एनीमिया मुक्त भारत अभियान के तहत सभी विद्यालयों में बच्चों को आयरन की गोलियां वितरित करने का निर्देश प्राप्त हुए थे, जिसके तहत विद्यायल में बच्चों को आयरन की गोलियों का वितरण किया गया। उन्होंने कहा वे प्रत्येक मंगलवार को जिले के किसी एक विद्यालय में आयरन की गोलियां वितरण कार्यक्रम में जायेंगे। उन्होंने कहा यदि हम बचपन से बच्चों में आयरन का ध्यान रखते हैं तो आगे चलकर के बिल्कुल भी दिक्कत नहीं होगी, स्वास्थ्य हमेशा ठीक रहता है। कलेक्टर श्री कोचर ने कहा प्रत्येक स्कूल में आयरन की गोलियां वितरण करने के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त किए गए हैं जो बच्चों को आयरन की गोलियों का वितरण करेंगे। उन्होंने कहा आयरन गोलियां हर मंगलवार को लेनी हैं इस गोली में किसी प्रकार का कोई नुकसान नहीं है, सभी टीचर, बच्चे इसका सेवन कर सकते हैं। उन्होंने सीएम राइज स्कूल के प्राचार्य और सभी टीचरों से कहा हर सप्ताह हर मंगलवार को आप बच्चों को जरूर सेवन कराये इससे बहुत बड़ा फायदा आगे चल करके मिलेगा। कोचर ने कहा लड़के लड़कियों दोनों को समझना है, जब लड़कियों की शादी हो जाती है और शादी होने के बाद जब वह गर्भवती होती है, गर्भावस्था के दौरान महिलाओं के अंदर आयरन और कैल्शियम की कमी होती है, वह एनीमिक होती है, उनका हीमोग्लोबिन बहुत नीचे होता हैं। आगे आने वाले समय में ऐसी स्थितियां उत्पन्न ना हो और एनीमिया मुक्त भारत बने इसके लिए आप सभी का सहयोग चाहता हूँ।

# जिले के लिए शर्मनाक, शौचालय में संचालित शिक्षा का मंदिर



**सत्ता सुधार ■ अशोकनगर**

विकास के बड़े-बड़े दावे करने वालों के लिए जिले से एक शर्मनाक और हैरान करने वाली खबर सामने आई है,जहां शौचालय में शिक्षा का मंदिर संचालित हो रहा है।

बुधवार को भ्रमण के दौरान अशोक नगर विकासखंड अंतर्गत ग्राम सेमरी अहीर में शासकीय प्राथमिक विद्यालय को देखकर जिले में शिक्षा की बदहाल स्थिति पर शर्मसार होना पड़ा बारिश के मौसम में विद्यालय की बिल्डिंग चुचा रही है। बिल्डिंग से पानी टपक रहा है,और बच्चे शौचालय में पढ़ाई कर रहे हैं। लेकिन रहनुमाओं की नजर का इंतजार है। जिले की जनपद पंचायत अशोकनगर के अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत मैंनाई बरखेड़ा के गांव सेमरी अहीर से शिक्षा व्यवस्था की बदहाली का हैरान करने वाला मामला सामने आया है। यहां शासकीय प्राथमिक विद्यालय सेमरी अहीर में मात्र 10 छात्र और 2 शिक्षक पदस्थ हैं, लेकिन विद्यालय में कक्ष की बजाय तीन लाख रुपये का शौचालय बना दिया गया है। चौंकाने वाली बात यह है कि बच्चों को पढ़ाई के लिए उचित कक्षा-कक्ष उपलब्ध नहीं है, जिससे मजबूरी में बच्चों को शौचालय में बैठकर पढ़ाई करनी पड़ रही है।

### इनका कहना

अभी स्कूल की बिल्डिंग चुचा रही है, दिल्लान में लगा रहे थे स्कूल,जगह नहीं है, तो शौचालय में बिठाल लिए थे बच्चे। हम यहां 10-15 साल से हैं, हमने स्कूल के लिए मांग की है, चार-चार बार आवेदन दिए हैं, डीईओ ऑफिस से बोलते हैं, बजट आ रहा है, कर देंगे।

**मुनेश रघुवंशी, शिक्षक शासकीय प्राथमिक विद्यालय सेमरी अहीर विकासखंड व जिला अशोक नगर**

मैं दिखवा लेता हूं,

**आदित्य सिंह,कलेक्टर अशोकनगर।**

# ग्रामीणों ने विधायक प्रतिनिधि जायसवाल को दिया स्मार्ट मीटर के विरोध में ज्ञापन

**सत्ता सुधार ■ सीहोर**

स्मार्ट मीटरों की बिलिंग पेंशन राशि से गुजारा करने वाले बुजुर्गो के लिए टेंशन बन गई है। निपानिया के अनेक वृद्धजन पेंशन राशि 600 रूपये माह में बमुश्किल गुजारा करते है घर में भी एक बल्प पंखा चलाते है ऐसे लोंगों को विघुत वितरण कंपनी ने हजारों रूपये के बिजली बिल थमा दिए है स्मार्ट मीटरों से हैरान परेशान ग्रामीणों ने विधायक कार्यालय पहुंचकर विधायक प्रतिनिधि राजकुमार जायसवाल रिंकू को ज्ञापन देकर स्मार्ट मीटर निकलवाने और बिजली बिल राशि निरस्त



कराने की मांग की है।

ग्रामीणों ने बताया कि हम खेती किसानी करते है बमुश्किल परिवार को पालते है पहले प्रति माह घरों का बिजली बिल दो से तीन सौ रूपये तक आ रहा था स्मार्ट मीटर लगने के बाद उक्त बिजली बिल की राशि 2000 से 4000 हजार हो गई है। इतनी राशि जमा करने में हम असमर्थ है। मीटरों की जांच की जाए और बिजली बिल माफ कराया जाए। ग्रामीणों ने समस्या के समाधान कराए जाने की मांग की है। ज्ञापन देने वालों में मोहनलाल,राहुल, अशोक, संतोष, मातादीन, राजमल, अर्ज्जुन, संदीप, सुरेश महेश आदि शामिल रहे।

**बैठक** स्मार्ट मीटर के सबंध में विद्युत वितरण कंपनी के अधीक्षण अभियंता ने पावर प्वाइंट के माध्यम से दी अह्म जानकारियां

# स्मार्ट मीटर से उपभोक्ता अपनी बिजली की खपत को आसानी से देख सकतेः नागेश्वर

**सत्ता सुधार ■ दमोह**

विद्युत उपभोक्ताओं की लगातार आ रही शिकायतों को दूर करने के उद्देश से कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर के निर्देश पर स्मार्ट मीटर को लेकर अधीक्षण अभियंता विद्युत वितरण कम्पनी सुभाष कुमार नागेश्वर की मौजूदगी में कलेक्टर कार्यालय के जनशिक्षा केन्द्र के सभाकक्ष में एक मीडिया वर्कशाप संपन्न हुई। इस अवसर पर मुख्य अभियंता विद्युत वितरण कम्पनी एम. एल साहू भी उपस्थित थे।

अधीक्षण अभियंता विद्युत वितरण कंपनी सुभाष कुमार नागेश्वर ने मीडिया से चर्चा करते हुये बताया शहर के लोगों में स्मार्ट मीटर को लेकर जो भ्रांतियां हैं, सभी भ्रांतियो को दूर करने के लिये आज सभी पत्रकार जनों को बुलाया गया । उन्होंने बताया विद्युत स्मार्ट मीटर लगने के बारे में



जो फायदे हैं उसके बारे में अवगत कराया गया है कि किस तरीके से उपभोक्ता अपनी प्रतिदिन की विद्युत खपत स्मार्ट मीटर के माध्यम से देख सकता है। उन्होंने बताया सप्ताहिक जो खपत है वह भी देखी जा सकती है, महीने की खपत देखी जा सकती है और वह बिजली की कितनी खपत कर रहे है, कितना उसका बिल आ सकता है, उसका पूर्वानुमान लगाया जा सकता है। उन्होंने कहा स्मार्ट मीटर लगाते हुए लगभग 1 वर्ष पूर्ण हो चुके हैं, और लगभग 25-26 हजार मीटर लगा चुके थे, कहीं पर किसी प्रकार की भ्रांतिया पैदा नहीं हुई, दक्षता ऐप के माध्यम से रीडिंग होती है, मीटर रीडर रीडिंग लेने जाता है तो उसकी फोटो लेता है, विद्युत विभाग के अधिकारियों ने अपनी एक टीम बनाकर जांच कराई तो लगभग शहर में 4500 ऐसे उपभोक्ता मिले जिसमें रीडिंग प्रॉपर नहीं हो रही थी या तो फोटोस सही नहीं आ रही थी या मन मर्जी से मीटर रीडर रीडिंग बढ़ाकर नोट की जा रही थी, ऐसे उपभोक्ताओं को सेलेक्ट किया और उनके मीटर्स बदलना शुरू किए गये। स्मार्ट मीटर के पहले पता ही नहीं था कि उपभोक्ता की विद्युत खपत क्या हैं, जब स्मार्ट मीटर लगे तब उन्हें सही खपत का पता चला और उसका डेटा भी विद्युत विभाग के पास है, आपको पीपीटी के माध्यम से दिखाया भी गया है। अधीक्षण अभियंता श्री नागेश्वर ने बताया स्मार्ट मीटर के माध्यम से अपने घर का लोड उपभोक्ता देख सकता हैं, अगर उपभोक्ता देखना चाहे तो मीटर में के.डब्ल्यू लिखा रहता हैं और वह अपना पूरा भार चालू करके देख सकता हैं, कि स्वयं के यहाँ पर कितना किलोवॉट का लोड चल रहा हैं। कार्यपालिक अभियंता विद्युत वितरण कम्पनी एम. एल साहू ने बताया कि एनर्जी एफिशिएंट डिवाइसेज़ आने लगी है, इस डिवाइस का उपयोग करते है, तो तत्काल बिजली की बचत में राहत उपभोक्ता देख सकते हैं, इसके साथ-साथ यदि आप प्रधानमंत्री सूर्ययोदय योजना का लाभ उठाकर करके स्वयं बिजली पैदा करके पावर ग्रिड को देकर डायरेक्ट लाभ उठा सकते हो। मीडिया वर्कशाप में मीडियाजनों से विद्युत से संबंधी शंकाओं एवं प्रश्नों के जवाब अधिकारियों ने दिये।

## बांदकपुर तीर्थ धाम पर कलेक्टर श्री कोचर एवं पुलिस अधीक्षक सोमवंशी ने भगवान जागेश्वरनाथ के किये दर्शन और पूजन



**सत्ता सुधार ■ दमोह**

कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर, पुलिस अधीक्षक श्रुतकीर्ति सोमवंशी के साथ आज श्रवण मास के त्यौहार को लेकर बांदकपुर व्यवस्थाओ का जायजा लेने पहुंचे। इस अवसर पर उन्होंने भगवान जागेश्चवर नाथ, माता पार्वती के दर्शन किये और पूजन अर्चन कर जिले की समृद्धि के लिये कामना की। इस अवसर पर एएसपी सुजीत सिंह भदोरिया, एसडीएम आरएल बागरी, मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष एडवोकेट सुरेश मेहता, एडवोकेट पंकज हर्ष श्रीवास्तव, एडवोकेट अनुराग और पदाधिकारियों के साथ प्रबंधक पं. रामकृपाल पाठक और क्षेत्रीय नागरिक तथा पुलिस के अधिकारीगण मौजूद थे।

## ब्रीफ न्यूज

### राजस अशोक मसीही जिला महामंत्री बने

**बड़वानी।** बड़वानी मध्यप्रदेश कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग के प्रदेश अध्यक्ष शेख अलीम की सहमति से एवं म.प्र. शासन के पूर्व गृह मंत्री राजपुर विधायक बाला बच्चन, बड़वानी विधायक राजेन्द्र मण्डलोई, सेंधवा विधायक मोंटू सोलंकी, म.प्र. कांग्रेस कमेटी अ. स. विभाग के



प्रदेश महामंत्री अजमत मंसूरी की अनुसंशा पर बड़वानी जिला अध्यक्ष डॉ. जावेद खान ने अशोक मसीही को म.प्र. कांग्रेस अ. स. विभाग के बड़वानी जिला महामंत्री नियुक्त किया है। अशोक मसीही की नियुक्ति पर तुलसीराम यादव, राहुल राठौर, लक्ष्मण चौहान, आशिक मेमन, बलराम यादव, इंदौर सम्भाग के महामंत्री राजपुर सदर खलील मंसूरी, भूपेंद्र सिंह ठाकुर, इरफान मंसूरी, तौफीक मंसूरी, यूसुफ मंसूरी, सेंधवा से कीर्ति कुमार ठक्कर, कय्यूम पटेल, हरचड भाटिया ने बधाई दी।

### सुजल प्लास्टिक फैक्ट्री में लगी आग

**इंदौर।** हीरानगर इलाके में बुधवार को सुजल प्लास्टिक फैक्ट्री में आग लग गई। दो दमकलों ने लगातार पानी फेंककर आग पर काबू पा लिया है। हालांकि दमकलों को संकरी गली होने के कारण घटनास्थल पर पहुंचने में काफी दिक्कत का सामना करना पड़ा। आग से फैक्ट्री में काफी नुकसान हुआ है। फायर टीम के मुताबिक घटना सुखलिया डी सेक्टर की है। यहां प्रदीप बुंदेला, सुजल प्लास्टिक फैक्ट्री का संचालन करते हैं। बुधवार सुबह फैक्ट्री में अचानक आग लग गई। स्थानीय लोगों ने आग पर काबू पाने की कोशिश की, लेकिन फैक्ट्री के अंदर प्लास्टिक का सामान रखे होने के कारण आग ने भयावह रूप ले लिया। आग का धुआं काफी दूर से दिखाई दे रहा था। दो दमकलों से करीब 50 हजार लीटर पानी फेंककर आग पर काबू पाया जा सका।



## थाना राजपुर में आगामी त्योहारों को लेकर हुई शांति समिति की बैठक

**बड़वानी।** थाना राजपुर परिसर में आगामी मोहर्रम, श्रावण सोमवार, शिवड़ोला, नागपंचमी जैसे धार्मिक पर्वो को दृष्टिगत रखते हुए शांति समिति बैठक का आयोजन किया गया। बैठक का उद्देश्य क्षेत्र में शांति, सौहार्द एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखना रहा। बैठक में नगर के गणमान्य नागरिकों एवं आयोजकों से पर्वो से संबंधित जानकारी जैसे - जुलूस के निर्धारित रूट, समय, आयोजन स्थलों, भीड़ नियंत्रण, यातायात व्यवस्था आदि पर चर्चा की गई। साथ ही, आयोजकों से सहयोगात्मक भूमिका निभाने एवं नियमों का पालन करने की अपील की गई। बैठक में प्रमुख रूप से तहसीलदार राजपुर, एसडीओपी राजपुर, थाना प्रभारी राजपुर, नगर परिषद सीएमओ, विद्युत विभाग के अधिकारी, नगर के प्रमुख नागरिक, आयोजकगण एवं पत्रकार बंधु उपस्थित रहे। अधिकारियों ने उपस्थित नागरिकों की समस्याओं एवं सुझावों को गंभीरता से सुना तथा आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए।

# धोबी घाट मैदान को कर्बला मैदान लिखा, नगर निगम के विरोध में उतरे लोग

### हनुमान चालीसा का पाठ किया, जय-जय सियाराम के नारे लगाए

सत्ता सुधार ■ इंदौर

इंदौर के लालबाग के पास मैदान में मेले की अनुमति देने और निगम की स्लिप पर कर्बला मैदान लिखे जाने को लेकर हनुमान चौक धोबी घाट मैदान रक्षा समिति के लोगों ने आपत्ति ली है। इसे लेकर उन्होंने प्रदर्शन किया। इस दौरान नगर निगम के खिलाफ नारे भी लगाए।

लोगों का आरोप है कि चंद पैसों के लिए निगम ने ये जमीन किराए पर दे दी। अगर निगम को राजस्व का नुकसान हो रहा है तो हम उन्हें तीन दिन के लिए 9 लाख रुपए देने को तैयार हैं। हमें निगम यहां अखंड रामायण पाठ करने की अनुमति दे। मंगलवार शाम को समिति के लोग मैदान पर जमा हुए और प्रदर्शन शुरू किया। लोग जय-जय सियाराम, अवैध कब्जे मुक्त करो, नगर निगम हाय-हाय, नगर निगम मुर्दाबाद, ये कर्बला




नहीं, हनुमान चौक है के नारे लगाने लगे। इस दौरान हनुमान चालीसा का पाठ करते हुए हनुमान जी की आरती भी की।

प्रदर्शन करने वालों के हाथ में एक बैनर भी था, जिस पर लिखा था महापौर जी यह जमीन कर्बला मैदान नहीं, हनुमान चौक धोबी घाट मैदान है। नारेबाजी के बाद प्रदर्शन करने वाले मंदिर के सामने ही जमीन पर बैठ गए और विरोध प्रदर्शन करने लगे।

#### 3 दिन के लिए कॉमर्शियल मेले के रूप में अनुमति

प्रदर्शन करने वाले सुमित हार्डिया ने बताया कि, धोबी घाट की यहां पर 7 एकड़ जमीन है। कोर्ट में सुनवाई के दौरान जब निगम के पक्ष में फैसला आया था, हिंदू समाज में खुशी का माहौल था कि यहां से अवैध कब्जा हटेगा। इस मेले के रूप में हमें देखने को मिला है कि किस तरह से नगर निगम ने तीन दिन के लिए कॉमर्शियल मेले के रूप में अनुमति दे दी।

#### प्रदर्शनकारी बोले- आंदोलन करना पड़ा तो करेंगे

प्रदर्शनकारियों ने कहा- मैदान 7 एकड़ का है जबकि तीन एकड़ जमीन का ही शुल्क लिया गया है। इसे लेकर ही हम विरोध करने बैठे थे। हमने अपनी बात रखी है। आगे कलेक्ट्रेट, नगर निगम जाएंगे। आंदोलन करना पड़ा तो वह भी करेंगे। यहां सिद्ध वीर हनुमान मंदिर है। जहां हर मंगलवार-शनिवार को आरती होती है। यहां भव्य मंदिर बनाने की भी हमारी प्लानिंग है।

## डॉक्टर्स डे पर डॉक्टर सम्मान एवं थायराइड जांच शिविर आयोजित



सत्ता सुधार ■ सेंधवा

सेवा समर्पण और संवेदना की प्रतिमूर्ति चिकित्सकों के समाज में दिए योगदान को नमन करते हुए लायंस क्लब ने डॉक्टर डे पर डॉक्टर सम्मान समारोह आयोजित किया। यह आयोजन चिकित्सा के क्षेत्र में कार्यरत उन जीवन दाताओं को समर्पित था जिनकी सेवा न केवल रोगियों के जीवन में आशा के किरण बनती है बल्कि मानवता के प्रति उनके योगदान को भी प्रतिबिंबित करती है।

इस अवसर पर प्रख्यात नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. राखी अग्रवाल का क्लब की ओर से सम्मान किया गया। इसके पश्चात निःशुल्क थायराइड जांच शिविर का भी आयोजन किया गया जिसमें 48 मरीजों की थायराइड जांच की गई। इस अवसर पर लायंस क्लब अध्यक्ष डॉ.अतुल पटेल ने कहा कि यह सम्मान समस्त चिकित्सकों के प्रति कृतज्ञता भाव का स्वरूप है। डॉ. पटेल ने यह भी कहा कि क्लब ने आज इस शिविर और डॉक्टर सम्मान के द्वारा अपने वर्ष 2025 - 26 की सेवा गतिविधियों का आगाज भी किया है और स्वास्थ्य तथा जन कल्याण की सेवा के शिविर इसके आगे भी सतत चलते रहेंगे। आयोजन को सफल बनाने में लायंस क्लब के सचिव निलेश मंगल सहित अजय झँवर, डॉ. अतुल शाह, श्याम तायल, योगेश अग्रवाल, डॉ. गिरीश कानूनगो, डॉ.अर्चना पटेल का सक्रिय योगदान रहा।

# जुलाई के शुरुआती 10 दिनों में तेज बारिश नहीं, टुकड़ों में भीगेगा शहर



### बंगाल की खाड़ी में गतिविधि नहीं, जो सिस्टम एक्टिव था, वह भी कमजोर पड़ा

सत्ता सुधार ■ इंदौर

लगातार दूसरे साल जुलाई की शुरुआत अच्छी नहीं हुई है। अरब सागर और बंगाल की खाड़ी में किसी भी तरह की मानसूनी गतिविधि नहीं होने व जो सिस्टम सक्रिय था, उसके भी कमजोर पड़ने से अगले 10 दिनों में तेज बारिश के आसार नजर नहीं आ रहे हैं। यही कारण है कि लगातार दो दिन से हलकी धूप निकल रही है।

हालांकि धूप निकलने, उमस होने से शहर के कुछ हिस्से में लोकल सिस्टम बनने से 5-10 मिनट की हलकी बारिश होती रहेगी। पिछले साल भी 15 जुलाई के बाद ही मानसून ने रफ्तार पकड़ी थी। पूरे महीने में 9.9 इंच पानी बरसा था। अब तक शहर में कुल 5.2 इंच कुल बारिश हुई है। जुलाई में औसत 12 इंच पानी गिरता है। पिछले तीन सालों को छोड़ दें तो औसत से ज्यादा बारिश इस महीने में हुई है।

**जुलाई और अगस्त के साथ सितंबर में भी जमकर बारिश** :बारिश के लिहाज से जुलाई और अगस्त सबसे महत्वपूर्ण रहते हैं। इन महीनों में ही अरब सागर और बंगाल की खाड़ी में सबसे ज्यादा सिस्टम एक्टिव होकर बरसते हैं। शहर का दायरा तेजी से फैलता जा रहा है। वैसे इंदौर की औसत बारिश 37 इंच है, लेकिन अब कम से कम 40 इंच पानी चाहिए, जिससे बोरिंग अगले साल मार्च-अप्रैल तक साथ दे पाएंगे। हालांकि पिछले 3 सालों में जुलाई बहुत पानीदार नहीं रहा है। इसकी भरपाई अगस्त-सितंबर में होती है।

### तीर्थयात्रियों ने टूर पैकेज वाले पर धोखाधड़ी का लगाया आरोप

**इंदौर।** 150 से ज्यादा तीर्थयात्रियों ने टूर पैकेज वाले पर धोखाधड़ी का आरोप लगाया है। इस मामले में कल मल्हारगंज थाने में शिकायत हुई है। आरोप है कि उनसे रुपए लेकर भोपाल तक ले गए और वहां से सभी तीर्थयात्रियों को वापस लौटना पड़ा।

तीर्थयात्रियों ने मल्हारगंज थाने में शिकायत कर बताया कि उन्होंने दशामाता टूर एंड ट्रेवल्स के अंकित मालवीय से रामेश्वरम, तिरुपति, कन्याकुमारी और मदुराई के लिए यात्रा बुक कराई थी। बीती 29 तारीख को तय समय पर 8 बजे सभी ट्रेवल्स वाले के दफ्तर पहुंच गए। समय पर यात्री पहुंचने के बाद भी बसों को आगे नहीं ले जाया गया। यात्रियों का कहना है कि कई बार अंकित को फोन लगाए, लेकिन उसने उठाए नहीं। इसके बाद 12 बजे तीन बसों को इंदौर से निकाला गया। भोपाल पहुंचने में 4 बज गए और रेलवे स्टेशन पर पहुंचे तो पता चला कि ट्रेन छूट गई। स्टेशन पर जाकर पूछताछ की तो उन्होंने बताया कि किसी प्रकार की बुकिंग नहीं है। उधर, पूरे मामले को लेकर अंकित से बात की गई तो उसने बताया कि यात्रियों ने बस तक पहुंचने में देरी कर दी थी, जिसके चलते ट्रेन छूटी है। ट्रेन की बुकिंग के टिकट भी अंकित ने अपने पास होने का दावा किया है। वहीं उसका कहना है कि उसने हलवाई और अन्य लोगों को भी यात्रा में भेजा था।

# छात्रावास एवं आश्रमों की पानी की टंकी की साफ करवाने के निर्देश



सत्ता सुधार ■ बड़वानी

ग्रीष्मकालीन अवकाश के पश्चात् जिले के समस्त छात्रावास एवं आश्रम खुल गये है, अतः वर्षाकाल के मद्देनजर समस्त छात्रावासो एवं आश्रमों की पानी की टंकी की साफ-सफाई बच्चों के स्वास्थ्य के मद्देनजर अनिवार्य रूप से करवाई जाये। साथ ही छात्रावासों एवं आश्रमों में आरओ वाटर फिल्टर की भी मरम्मत एवं सफाई करवाई जायें, जिससे कि बच्चों को पीने का शुद्ध पानी उपलब्ध हो सके।

जिले के समस्त पेयजल स्त्रोतों में पीएचई विभाग के द्वारा क्लोरिनेशन का भी कार्य किया जाये। कलेक्टर सुश्री गुंचा सनोबर ने उक्त बाते कलेक्टर कार्यालय बड़वानी में आयोजित समय सीमा बैठक के दौरान कही। इस दौरान कलेक्टर ने शहरी विकास अभिकरण के परियोजना अधिकारी को निर्देशित किया कि जिले की समस्त नगरीय निकायों में जर्जर मकानों को खाली करवाया जाये, जिससे कि किसी प्रकार की कोई अप्रिय घटना या दुर्घटना जिले में न हो। बैठक में जिला पंचायत सीईओ सुश्री काजल जावला, अपर कलेक्टर केके मालवीय, संयुक्त कलेक्टर सोहन कनाश, डिप्टी कलेक्टर शक्तिसिंग चौहान सहित विभिन्न विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित थे। अधिकारी अपने कार्यप्रणाली को सुधार ले, अन्यथा उनके विरूद्ध की गई कार्यवाही के लिए वे स्वयं जिम्मेदार होंगे। बैठक में जिन प्रकरणों पर चर्चा की जाती है, आगामी बैठक में उनका निराकरण प्रस्तुत किया जाये। विद्युत विभाग के अधिकारियों द्वारा नगरीय निकायों में सुरक्षा के तहत हाईटेंशन लाइन की जांच की जाये। स्कूली बच्चों के जाति प्रमाण पत्र कार्य में लापरवाही बरतने वाले जनशिक्षकों एवं बीआरसी को जिला मुख्यालय पर बुलाकर कार्य करवाया जाये। प्रायवेट स्कूलों के द्वारा मनमर्जी से महंगी पाठ्यपुस्तकों की जांच की शिकायत की रिपोर्ट आगामी दो दिवस में प्रस्तुत की जाये। अन्यथा शिक्षा विभाग एवं डीपीसी विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारियों को आगामी माह का वेतन रोका जाये। पिछड़ा वर्ग पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति में महाविद्यालय स्तर पर लंबित आवेदनों का निराकरण पिछड़ा वर्ग एवं अल्प संख्यक विभाग के अधिकारी के साथ समन्वय करके शीघ्र करवाया जाये।

**शुभारंभ** | ग्रामीण क्षेत्र की महिलाओं को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाना उद्देश्य

# निःशुल्क ब्यूटी पार्लर प्रशिक्षण का हुआ शुभारंभ

सत्ता सुधार ■ सेंधवा

प्रियांशी एजुकेशनल कल्चर एंड सोशल सोसायटी एवं देसाई फाउंडेशन के संयुक्त प्रयास से शहर सेंधवा देवाझीरी कॉलोनी वार्ड न 01 में निःशुल्क ब्यूटी पार्लर प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य सेंधवा शहर की महिलाओं एवं युवतियों को स्वरोजगार के लिए सक्षम बनाना एवं उन्हें आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाना है।

कार्यक्रम के उद्घाटन अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में वार्ड पार्षद गणेश नरगावे एवं समाजसेवी विजय गोरे उपस्थित रहे। दोनों ने महिलाओं के सशक्तिकरण हेतु इस पहल की सराहना



की। देसाई फाउंडेशन की ओर से एरिया कोऑर्डिनेटर सुनील प्रजापति ने प्रशिक्षण की महत्ता और इसके भविष्य में रोजगार के अवसरों पर प्रकाश डाला। वहीं, प्रियांशी एजुकेशन कल्चर एंड सोशल सोसायटी की ओर से कार्यक्रम समन्वयक श्रीमती संगीता चौहान ने प्रशिक्षण की रूपरेखा प्रस्तुत की। कार्यक्रम का सफल संचालन श्रीमती प्रिया गोरे द्वारा किया गया।

इस अवसर पर बड़ी संख्या में ग्राम की महिलाएं एवं युवतियां उपस्थित रहीं। प्रशिक्षण के माध्यम से वे ब्यूटी एवं पर्सनल ग्रूमिंग से जुड़े विभिन्न व्यावसायिक कौशल सीखकर भविष्य में स्वरोजगार की ओर कदम बढ़ा सकेंगी।

## डॉक्टर्स डे पर निःशुल्क होम्योपैथिक स्वास्थ्य शिविर का आयोजन



**सेंधवा।** होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज और राधा कृष्ण हॉस्पिटल ने नेशनल डॉक्टर्स डे के अवसर पर निशुल्क होम्योपैथिक स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया। शिविर का उद्घाटन संस्था के संचालक डॉ. पुनीत चौहान और डॉ. मोहित बुंदेला ने किया। शिविर में होम्योपैथिक चिकित्सा पद्धति से निशुल्क चेकअप किया गया तथा दवाई वितरित की गई। संस्था के प्राचार्य डॉ. संजय रुद्रे, उप प्राचार्य, डॉ. हेमंत खैरनार, डॉ. श्रीराम मंडलोई, डॉ. निलीमा पवार, डॉ. अमित डेहरिया ने सेवाएं दी। डॉ. सीमा पाटील ने राष्ट्रीय चिकित्सा दिवस का महत्व बताया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. गीता विष्णेरिया ने किया। डॉ. महेश नागरे ने आभार प्रदर्शन किया। इस अवसर पर डॉ. रेणुका भावसार, डॉ. सपना जाधव, डॉ. सुमतीनाथ जैन, डॉ. पूजा, डॉ. वैभव तिवारी, डॉ. योगिता, श्रीमती कृष्णा, निर्मला, प्रिंस, पवन तथा विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# डेढ़ करोड़ की सशस्त्र डकैती : सरपंच पति को लूट के बाद अनाज के कमरे में बंद करके भागे बदमाश

सत्ता सुधार ■ मुरैना

जौरा नगर से लगे ग्राम पंचायत आलापुर की सरपंच श्रीमती मंजू राजकुमार यादव के घर मंगलवार बुधवार की दरमियानी रात को कट्टा दिखाकर चार अज्ञात लुटेरों ने लगभग डेढ़ करोड़ की लूट की वारदात को अंजाम दिया। लुटेरे नगदी, सोने के जेवरात के साथ राजकुमार की 12 बोर बंदूक एवं उसके मित्र की 315 बोर की बंदूक लूटकर भाग गए। राजकुमार की मित्र ने उसके घर में सुरक्षा की दृष्टि से बंदूक रखी थी। बड़ी लूट की घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस अधीक्षक समीर सौरभ तत्काल घटना स्थल पर पहुंचे और लगभग 6 घंटे जौरा रहे तथा हर एंगल से घटना की जानकारी ली। एसडीओपी एवं नगर निरीक्षक को शीघ्र ही लूट की वारदात को ट्रेस करने के निर्देश भी दिए।

फरियादी राजकुमार यादव पुत्र पुरुषोत्तम यादव उम्र 48 वर्ष ने दी जानकारी देते हुए बताया कि रात 10:30 बजे के लगभग वह अपने कमरे में सोने चले गए। रात लगभग 1:30 बजे के करीब खटपट की आवाज सुनाई दी तो उन्होंने अपने पुत्र को आवाज लगाई, कौन है, कौन है, इतने में ही उनके कमरे में मुंह बांधकर आए चार सशस्त्र बदमाशों ने उन पर कट्टा तान दिया। कट्टा सीने पर लगाने के बाद लुटेरों ने कमरे में तलाशी ली। पलंग के पास रखी चाबी उठाई तथा अलमारी खोलकर सोने के जेवरात एवं नगद रखे रूपयों को अपने बैग के हवाले कर लिया। जाते-जाते सशस्त्र बदमाश राजकुमार यादव को सामने अनाज के कमरे में बंद कर बाहर से कुंडी लगाकर भाग निकले। लुटेरों के जाने के बाद राजकुमार ने अपने बच्चों को आवाज लगाई, तब उनके बच्चों और पत्नी ने बाहर से बंद कुंडी को



खोला, तब राजकुमार निकलकर आए और अपनी पत्नी बच्चों से बोला कि मुझे लुटेरे बंद कर गए रुपए और सोना लूट कर ले गए हैं। फरियादी राजकुमार ने बताया कि लुटेरे ने मकान में स्थित खिड़की में हाथ डालकर पेचकस के सहारे गेट की अंदर लगी कुंडी को खोल उसी में से अंदर जाकर लूट की।

### जेसीबी मशीन और सरसों बेचकर रजिस्ट्री के लिए रखे थे रुपए

राजकुमार यादव ने एफआईआर में 72 लाख से अधिक नगदी एवं 60 तोला से अधिक सोने के जेवरात लूटे जाने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। स्थानीय पुलिस ने फरियादी की रिपोर्ट पर से अज्ञात लुटेरों के विरुद्ध मामला दर्ज कर लिया है। राजकुमार यादव ने बताया कि 72 लाख रुपयों से मुझे आज जमीन की रजिस्ट्री भी करवानी थी, रजिस्ट्री के लिए मैंने रुपए का इंतजाम अपनी जेसीबी एवं सरसों बेचकर किया था।



### विधायक ने लगाए पुलिस पर निष्क्रियता के आरोप

क्षेत्रीय विधायक को जब सरपंच के यहां लूट की जानकारी मिली तो वह भी सरपंच के निवास पर पहुंचे। विधायक पंकज उपाध्याय ने कहा कि जौरा में पुलिस की निष्क्रियता स्पष्ट है, लेकिन जिले भर में पुलिस और अपराधियों की मिली भगत से लगातार लूट, डकैती व चोरी की वारदातें हो रही है तथा मोटरसाइकिल चोरी होने की घटनायें तो आम हो गई हैं। जिले भर में पुलिस शराब माफिया से मिली हुई है, गली-गली, मोहल्ले, मोहल्ले शराब बेची जा रही है। जुआ एवं सट्टा स्थानीय पुलिस के संरक्षण में लगातार चल रहा है स रेत का अवैध धंधा भी पुलिस महीना बांधकर चलवा रही है, यदि 3 दिन में सरपंच के यहां पर हुई लूट और पूर्व में कोई लूट की घटनाओं का खुलासा नहीं किया गया तो नगर की जनता के साथ थाने पर शांतिपूर्वक धरना प्रदर्शन किया जाएगा।

### बदमाश सीसीटीवी डीवीआर भी ले उड़े, नसेनी से चढ़ने का किया प्रयास

अच्छा डकैती की घटना को अंजाम देने से पहले सशस्त्र बदमाशों ने घर के बाहर लगे सीसीटीवी कैमरे व डीवीआर के तार काटकर उन्हें अपने बैग में रख लिया ताकि कोई भी सबूत पुलिस को ना मिल सके तथा आसपास में कहीं कोई सीसीटीवी नहीं लगा है, जिससे पुलिस किसी राह पर पहुंच सके। इससे पहले बदमाशों ने मकान के अंदर प्रवेश करने के लिए नसैनी का सहारा लिया, लेकिन छत से नीचे जाने का रास्ता बंद मिलने पर उन्होंने मुख्य गेट से ही प्रवेश करना उचित समझा, मकान के बाहर नसैनी भी लगी हुई मिली है।

### इनका कहना है..

रात्रि लगभग 1:30 बजे बदमाश घर के अंदर घुसे हैं और 10 मिनट में 1:40 तक लूट की वारदात को अंजाम देकर राजकुमार को मुक्त कर वहां से भाग निकले। तत्काल सूचना दी गई तो पुलिस मौके पर पहुंची। बदमाश पास स्थित नहर के किनारे से भाग निकले हैं। आसपास कहीं भी सीसीटीवी कैमरे नहीं मिले हैं। लगभग 40 लाख कैश और 60 तोला सोना लूटने की जानकारी सामने आई है। पुलिस द्वारा कई टीमें बनाकर बदमाशों की तलाश की जा रही है।

**-नितिन बघेल, एसडीओपी, जौरा**

### आसाराम पर जताया संदेह, इस्नोफर डॉग हुआ असफल

घटना की सूचना मिलने के बाद एफएसएल टीम भी घटनास्थल सरपंच के घर पहुंची और घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण किया, इसके साथ ही इस्नोफर डॉग को बदमाशों का सुराग लगाने के लिए बुलाया गया, जो राजकुमार के मकान से कूदकर खेतों में होता हुआ आसाराम कुशवाह के मकान तक पहुंचा। उसके आगे भी एमएस रोड के पास स्थित राम जानकी मंदिर तक भी पहुंचा, लेकिन कोई सफलता नहीं मिली। फरियादी राजकुमार ने लूट की इस घटना में आसाराम कुशवाह निवासी चौखट्टा पर संदेह व्यक्त किया है।

## ब्रीफ न्यूज

### टोंगा तालाब की बाहरी दीवाल बनाने किसानों ने प्रदर्शन कर दिया ज्ञापन

**सबलगढ़।** टोंगा का ताला फूटे हुए 01 साल से ज्यादा का समय बीत गया है। अभी तक उसकी बाहरी दीवाल जिससे पानी रोका जाता है। सिंचाई विभाग द्वारा मरम्मत नहीं कराई गई है। इस वर्ष बारिश होने से तालाब में पानी जमा नहीं हुआ है। ग्राउंड वाटर रिचार्ज होना तो दूर की बात है। बल्कि उसके आसपास के गांवों में खेतों में पानी भर गया है। जिससे खरीफ की फसल की बुवाई नहीं हो सकी है और आगे यदि जल भराव की निकासी की व्यवस्था नहीं हुई तो आगे रवी की फसल होना भी मुश्किल हो जाएगा। कुतघान, देवपुर माफी, पासोन, पहाड़ी, इटवा, बद्धपुरा, रानीपुर सहित लगभग एक दर्जन गांवों के हजार से ज्यादा किसान परिवारों के खेतों में पानी भरा हुआ है, न निकासी की कोई व्यवस्था है और न टोंगा का तालाब की आउटर दीवाल बनाकर पानी रोकने की और न ही ग्राउंड वाटर को रिचार्ज करने की कोई व्यवस्था है। इससे परेशान और छुब्द होकर सैकड़ो की संख्या में किसान एकत्रित हुए उन्होंने रैली निकालकर एसडीएम कार्यालय पर प्रदर्शन किया। मुख्यमंत्री सिंचाई मंत्री कलेक्टर एसडीएम के नाम ज्ञापन दिए। इस दौरान जो ज्ञापन तहसीलदार द्वारा लिए गए उन्होंने आगे कार्रवाई के लिए आश्वासन दिया है। लेकिन किसानों ने कहा है कि अगर प्रभावी कार्रवाई नहीं हुई तो आगे आने वाली 9 जुलाई को सिंचाई विभाग कार्यालय पर प्रदर्शन भी करेंगे और एसडीएम कार्यालय पर भी प्रदर्शन करेंगे।

### अवैध रेत उत्खनन के आरोपी को 01 वर्ष का सश्रम कारावास

**मुरैना।** न्यायालय श्रीमान न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी अमित प्रताप सिंह द्वारा आरोपी सियाराम सिंह पुत्र विजय बहादुर सिंह गुर्जर, आयु 65 वर्ष, निवासी-ए.बी. रोड क्लब के सामने बामौर जिला मुरैना को वन्य प्राणी संरक्षण अधिनियम 1972 व भारतीय वन अधिनियम 1927 के अंतर्गत दोषी पाते हुये 01 वर्ष के सश्रम कारावास व कुल 7,000 रूपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया। अभियोजन अधिकारी व मीडिया सेल प्रभारी श्रीमती रश्मि अग्रवाल ने बताया कि वनरक्षक प्रवीण खांन को 16 जून 2017 को सुबह गश्त भ्रमण के दौराने मुखबिर की सूचना पर ए.बी. रोड़ पर मुरैना की तरफ आ रहे ट्रैक्टरों की घेराबंदी का प्रयास किया। तभी ट्रैक्टर चालक ने एस.ए.एफ. बल को देखकर ट्रैक्टर खेत में भगाना शुरू कर दिया और थोड़ा आगे जाकर कीचड़ में फंस गया। ट्रैक्टर चालक एस.ए.एफ. बल को अपनी ओर आता देखकर भाग गया। तब ट्रैक्टर ट्रॉली को अपने कब्जे में लेकर ट्रैक्टर का इंजन नंबर ई-2349636 तथा चेसिस नंबर टी.ओ. 052344367 का ट्रैक्टर में चंबल नदी का रेत होने के कारण मौके पर समक्ष पंचान जप्ती कार्यवाही की गयी एवं पंचनामा तैयार कर अभियुक्त के विरूद्ध वन्य प्राणी संरक्षण अधिनियम 1972 की धारा 25, 27, 21, 52 एवं भारतीय वन अधिनियम 1927 की धारा 41, 52 के अंतर्गत प्रकरण कायम किया गया। प्रकरण में शासन की ओर से पैरवी श्रीमती बबीता गुप्ता, सहा. जिला लोक अभियोजन अधिकारी, जिला मुरैना द्वारा की गई।

## मछली का शिकार करने गए युवक का पैर रपटा, कुंवारी नदी में बहा

सत्ता सुधार ■ मुरैना



जिले के बागचीनी थाना अंतर्गत एक युवक देर रात्रि को मछलियों का शिकार करने के लिए सेथरी ग्राम में कुंवारी नदी पर गया हुआ था, तभी पैर फिसलने से वह पानी में बह गया। सुबह तक वह घर नहीं पहुंचा तो ग्रामीण उसे तलाशने के लिए नदी पर पहुंचे और पुलिस को सूचना दी, जिसके बाद रेस्क्यू टीम भी मौके पर पहुंच गई है, लेकिन देर शाम समाचार लिखे जाने तक युवक का सब नहीं मिला है। बताया जाता है कि ग्राम मुंद्रावजा निवासी ज्वाला सिंह कुशवाह मंगलवार बुधवार की रात 12:00 के लगभग मछलियों का शिकार करने के लिए सेंथरी ग्राम में कुंवारी नदी पर गया हुआ था, जहां संभवतः पैर फिसलने से वह नदी में बह गया। बारिश के मौसम में इस समय नदी में पानी का तेज बहाव है, जिससे युवक की डेड बॉडी तलाश में रेस्क्यू टीम को भी परेशानी हो रही है। सुबह युवक घर नहीं पहुंचा तो ग्रामीण एकत्रित होकर नदी पर पहुंचे और घटना की सूचना पुलिस को दी। इसके बाद रेस्क्यू टीम भी वहां पहुंच गई है और लगातार सर्च ऑपरेशन चलाया जा रहा है, लेकिन युवक का देर शाम तक कुछ पता नहीं चला है।

## गाय को बचाने के चक्कर में बस अनियंत्रित होकर पलटी, सवारियां बाल-बाल बची



**मुरैना।** जिले के सिहोनियां थाना अंतर्गत सिरमिती गांव के पास बुधवार की दोपहर 1:00 बजे के लगभग सवारी से भरी एक यात्री बस का चालक गौवंश को बचाने के चक्कर में हड़बड़ा गया और बस अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलट गई, जिससे वहां चीख पुकार मच गई, हालांकि इस दुर्घटना में कोई गंभीर घायल नहीं हुआ है। कुछ मामूली घायल हुए लोगों को उपचार के लिए जिला अस्पताल भेजा गया। बस को पलटते देख आसपास के ग्रामीण मौके पर एकत्रित हो गए और राहत बचाव कार्य में जुट गए। घटना की सूचना पुलिस को दी गई, जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची और ग्रामीणों की मदद से बस को सीधा कराया गया।

## बिहारी मंदिर पड़ाव में टीनसेड से लटकी मिली शिव मंदिर के पुजारी की लाश, मामला संदिग्ध

सत्ता सुधार ■ मुरैना



सिटी कोतवाली के अंतर्गत श्री बांके बिहारी मंदिर के पीछे स्थित पड़ाव में रहने वाले एक मंदिर के पुजारी की डेड बॉडी बुधवार की सुबह मकान की छत पर बने टीनसेड से लटकी मिली है। सुबह सवेरे 6:30 बजे घटना का पता चला तो लोगों ने घटना की सूचना तत्काल कोतवाली पुलिस को दी। कोतवाली पुलिस ने मौके पर पहुंचकर निरीक्षण किया और पंचनामा बनाया। इसके बाद पुजारी की डेड बॉडी को पोस्टमार्टम हेतु भेजा गया। जिस तरीके से पुजारी फांसी के फंदे पर लटका मिला है, उससे मामला संदिग्ध नजर आ रहा है, क्योंकि टीनसेड की इतनी ऊंचाई नहीं है और उसका एक पैर जमीन पर है, दूसरा गमले पर रखा हुआ था। मोहल्ले के लोग हत्या की आशंका भी जता रहे हैं, लेकिन इसके पीछे क्या कारण रहे होंगे, कोई नहीं जानता।

प्राप्त जानकारी के अनुसार बिहारी जी पड़ाव में रहने वाला अमित शर्मा पुत्र स्व.केदारनाथ शर्मा उम्र 40 वर्ष पंचायती धर्मशाला क्षेत्र में स्थित शिव जी के मंदिर पर पुजारी है और प्रतिदिन सुबह शाम मंदिर पर पूजा अर्चना कर अपने परिवार का भरण पोषण करता था। अमित के दो लड़की एवं एक लड़का तथा पत्नी है। बताया जाता है कि एक-दो दिन से वह घर से गायब था और बीती रात को भी उसका पुत्र उसे देखने के लिए स्टेशन तक गया था, लेकिन वह नहीं मिला। वहां के निवासियों के अनुसार पुराने समय का मकान बना हुआ है और वह घर के दरवाजे से छत पर ना जाकर संभवत मसाला चक्की के बगल से स्थित ओपन सीढ़ी से छत पर गया है। वहां उसके पैंट शर्ट टीनसेड में लटके हुए मिले हैं और रस्सी के द्वारा गले में फांसी का फंदा बनाया गया है। मृतक का एक पैर जमीन पर था तथा दूसरा एक गमले पर रखा हुआ था और वह चड्डी बनियान पहने हुए था। सुबह 6:00 बजे के बाद सामने सर्राफा व्यवसाई श्री राम गुप्ता जागे और बाहर निकले तो देखा की छत पर अमित की लाश टंगी हुई थी। यह देखकर उन्होंने तत्काल आसपास के लोगों को एवं कोतवाली पुलिस को सूचना दी। घटना की सूचना मिलने पर सब इंस्पेक्टर शिवम चौहान पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। घटनास्थल का निरीक्षण कर पंचनामा बनाया तथा मृतक का पीएम कराया गया। मोहल्ले वासियों का कहना है कि जिस तरीके से लाश लटकी मिली है, उससे मामला संदिग्ध नजर आ रहा है। फिलहाल पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर मामले की जांच की जा रही है।

## सेवानिवृत्त कर्मचारियों को सम्मानित कर दी विदाई

सत्ता सुधार ■ झुण्डपुरा

कस्बे के एवं संकुल केन्द्र शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय झुण्डपुरा अन्तर्गत पूर्व में एवं वर्तमान में सेवानिवृत्त अधिकारी कर्मचारियों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि पीएल डंडोतिया, विशिष्ट अतिथि पवन परिहार, अध्यक्षता मनीषा बल्ली सोनी, उपाध्यक्ष यशकांत शर्मा, पूर्व अध्यक्ष बाबूलाल त्रिपाठी, बी आर सीसी मानिक चंद धाकड़ लोकेन्द्र सिंह, नंदकिशोर शर्मा ने सरस्वती पूजन पर दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई। प्राथमिक विद्यालय बृरखूपुरा में पदस्थ प्रधानाध्यापक दर्शन लाल जोनवार सहित आर



के शर्मा, रमेश चंद्र शर्मा, देवीप्रसाद, डॉ लोकेन्द्र प्रसाद, बृजेश शुक्ला, महावीर प्रसाद, श्रीराम शर्मा, रामस्वरूप शाक्य, जगदीश जादौन, सामांत जाटव, रमेश जगा, जीवन लाल, रामदयाल सहित 40 सेवा निवृत्त अधिकारी कर्मचारियों को शॉल-श्रीफल भेंटकर साफा बांधकर स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम मे सभी विद्यालयों के शिक्षक विशेष रूप से मौजूद रहे।

इस अवसर पर खण्ड शिक्षा अधिकारी पी एल डंडोतिया ने कहा, यह शासन की प्रक्रिया है, जो शासकीय सेवा से सेवानिवृत्त हो रहे हैं, या पहले हो चुके हैं उनसे बहुत कुछ सीखा जा सकता है। हम सब उनके स्वस्थ और निरोगी जीवन की कामना करते हैं। इस मौके पर स्टाफ की ओर से भोज का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन नवल किशोर और रामविलास ने किया। कार्यक्रम में रामजीलाल, दिग्विजय सिंह जादौन, मनीष ओझा, कमलेश शर्मा, कल्याण सिंह बाथम, प्रताप रावत, सुरेन्द्र मुदगल, अंतिम शर्मा, प्रताप भानु शर्मा, संजीव सोनी सहित सभी शिक्षक साथी एवं स्थानीय लोग उपस्थित रहे।

## हत्या के मामले में कोर्ट जा रहे चाचा पर भतीजों ने चलाई गोली, गंभीर घायल, ग्वालियर रेफर



सत्ता सुधार ■ मुरैना

जिले के माता बसैया थाना अंतर्गत बिचोली गांव के पास ई-रिक्शा में सवार होकर मुरैना जिला न्यायालय तारीख पेशी पर जा रहे चाचा एवं उसके पुत्र पर खास भतीजो ने गोली चलाकर चाचा को घायल कर दिया और मौके से फरार हो गए। घायल अधेड़ व्यक्ति को उपचार के लिए जिला अस्पताल लाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे ग्वालियर रेफर कर दिया गया है। माता बसैया थाना प्रभारी जयपाल सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि एक वर्ष पूर्व रामनिवास पुत्र समोखान प्रजापति उम्र 50 जखोना गढ़ी थाना दिमनी के द्वारा घरेलू विवाद के चलते अपने खास बड़े भाई राजेंद्र प्रजापति को लाठी मार दी थी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया और उसकी मौत हो गई। इस मामले में रामनिवास पर हत्या का मामला दर्ज हुआ था। रामनिवास मथुरा में पीओपी का कार्य करता है और न्यायालय में तारीख के चलते यहां आया हुआ था। बताया जाता है कि रामनिवास अपने पुत्र धर्मेंद्र के साथ माता बसैया थाना अंतर्गत आने वाले ज्वाला सिंह का पुरा गांव में रिश्तेदारी में गया हुआ था और वहां से बुधवार की सुबह 10 बजे ई-रिक्शा में बैठकर मुरैना जिला न्यायालय तारीख करने के लिए जा रहा था, जैसे ही उनका ई-रिक्शा बिचोली गांव के पास पहुंचा, तभी मृतक बड़े भाई के लड़के संजू, राहुल, भूपेंद्र, सूरज, बल्ली, रवि, बंटी और विष्णु तोमर ने उन्हें घेर कर अवैध हथियार से गोली चला दी, जो रामनिवास के कंधे को छूकर निकल गई और वह घायल हो गया। घटना को अंजाम देने के बाद आरोपीगण मौके से भाग निकले। किसी तरह धर्मेंद्र अपने पिता को जिला अस्पताल लेकर पहुंचा, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे ग्वालियर रेफर कर दिया गया है। पुलिस द्वारा मामले की विवेचना की जा रही है।

## कैलारस में खाद्य विभाग की छापामार कार्यवाही, कई स्थानों पर दूध के नमूने लेकर की सैंपलिंग

सत्ता सुधार ■ मुरैना

मिलावटी खाद्य पदार्थों पर रोक लगाने मिलावट खोरी के विरुद्ध लगातार कार्यवाही करने के निर्देशों के पालन में खाद्य सुरक्षा अधिकारियों की टीम ने कैलारस में अचानक पहुंचकर कार्यवाही करते हुए कई जगह से खाद्य पदार्थों के नमूने लेकर सैंपलिंग की कार्रवाई की।

खाद्य सुरक्षा अधिकारी अवनीश गुप्ता, महेंद्र सिरोहिया, अनिल प्रताप सिंह परिहार की टीम ने अचानक कैलारस पहुंचकर दूध डेयरी की दुकानों पर कार्रवाई प्रारंभ की तो अन्य दुकानदारों में हड़कंप मच गया। कई दुकानदारों ने तो अपनी-अपनी दुकान ही बंद कर दी। खाद्य सुरक्षा अधिकारियों की



टीम ने नारायण सिंह बघेल भटपुरा की दुग्ध डेयरी से मिक्सड मिल्क का नमूना लेकर सैंपल की कार्यवाही की। इसी प्रकार त्यागी दुग्ध डेयरी प्रोपराइटर सुखेंद्र त्यागी एमएस रोड कैलारस के यहां से भी मिक्स मिल्क का सैंपल लिया गया। तीसरी कार्यवाही श्रीश्याम डेयरी प्रोपराइटर कन्हैया पाठक के यहां से भी मिक्सड मिल्क का नमूना लेकर सैंपल की कार्रवाई की गई। चौथी कार्यवाही श्री दाऊजी दुग्ध डेयरी प्रोपराइटर अनिल शर्मा श्रीराम की फै क्ट्री पहाड़गढ़ रोड से मिक्सड मिल्क का नमूना लेकर सैंपलिंग की कार्रवाई की गई। पांचवी कार्यवाही शिवकुमार शर्मा कोर्ट सिरथरा के यहां की गई, इनके लोडिंग वाहन क्रमांक एमपी 06 जीए 0370 से मिक्सड दूध का नमूना लेकर सैंपल लिया गया। इसके साथ ही छठवीं कार्यवाही बालाजी ट्रेडर्स फ्लोर मिल दर्शनलाल पहाड़गढ़ रोड के यहां पर हुई यहां से आटे का नमूना लेकर सैंपलिंग की गई। खाद्य सुरक्षा अधिकारी अवनीश गुप्ता ने बताया कि आटे पर बैच नंबर पैकिंग डेट नहीं थे, जिसके चलते 370 पर जप्त किए गए, जिनकी कीमत लगभग 2,76, 075 बताई गई है।

### जीतू पटवारी पर दर्ज झूठी एफआईआर को निरस्त करने डीजीपी के नाम कांग्रेस ने दिया ज्ञापन

**मुरैना।** मध्य प्रदेश कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी के विरुद्ध मुंगावली अशोक नगर में दर्ज की गई झूठी एफआईआर को लेकर जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा बुधवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय पर प्रदर्शन किया गया और डीजीपी के नाम नगर पुलिस अधीक्षक श्रीमती दीपाली चंदोरिया को ज्ञापन सोंपा गया। ज्ञापन में कहा गया है कि पुलिस थाना मुंगावली जिला अशोकनगर में प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता की विभिन्न धाराओं के अंतर्गत झूठे तथ्यों के आधार पर एफआईआर क्रमांक 0233,27 जून 2025 दर्ज की गई है। जिसमें उल्लेखित किया गया है कि गजराज लोधी एवं रघुराज लोधी निवासी ग्राम मुडरा थाना मुंगावली जिला अशोकनगर के साथ सरपंच के पुत्र विकास एवं उनके साथियों द्वारा दोनों लोधी भाइयों के साथ मारपीट की गई है।

# देवशयनी एकादशी के साथ होगा चातुर्मास आरंभ

## सप्ताह भर बाद से मांगलिक कार्यों पर लग जायेगा ब्रेक

सत्ता सुधार ■ हरदा

आषाढ़ मास की शुक्ल पक्ष की एकादशी को देवशयनी एकादशी कहते हैं। इस वर्ष 6 जुलाई रविवार को यह तिथि होगी। मान्यता है कि इसी दिन से सृष्टि के पालनहार भगवान विष्णु चार माह के लिए योगनिद्रा में क्षीरसागर में प्रवेश कर जाते हैं। देवशयनी एकादशी से चातुर्मास का आरंभ हो रहा है, जो साधना, तप, जप, व्रत और भक्ति के लिए श्रेष्ठ माना गया है। पं. संदीप शर्मा का कहना है कि देवशयनी एकादशी के बाद विष्णु भगवान योगनिन्द्रा में जाने के बाद सृष्टि की कमान भगवान भोलेनाथ के हाथों में आ जाती है।

**6 जुलाई से चातुर्मास होगा शुरू :** भगवान भोलेनाथ का प्रिय माह सावन(श्रावण) भी इसी दौरान आता है। इस बार चातुर्मास 6 जुलाई से शुरू होकर 2 नवंबर तक चलेगा। उन्होंने बताया कि देवशयनी एकादशी से देवउठनी एकादशी तक सृष्टि के पालनहार योगनिद्रा में होते है। उनकी अनुपस्थिति में कोई भी शुभ काम नहीं किया जाता है। इसी वजह से मांगलिक कार्य जैसे शादी, गृहप्रवेश, मुंडन इस समय में टाल दिये जाते है। भगवान के योगनिद्रा के समय में अध्यात्मिक साधना, संयम और आत्मिक उन्नति के कार्य किए जाते हैं। इस समय में भागवत सुनना, सांधु-संतों के प्रवचन सुनना और उनके सानिध्य में रहने का अवसर तलाशना चाहिए।



## खानपान में भी संयम रखना चाहिए

पं. कमलेश शास्त्री बताते है कि चातुर्मास के दौरान कई बड़े व्रत और त्यौहार आते हैं। इस समय में खानपान का विशेष ध्यान देना चाहिए। मांस-मदिरा, प्याज-लहसुन, बैंगन, मूली, दूध-दही का सेवन नहीं करना चाहिए। इसका धार्मिक कारण के साथ मौसमी वजह भी है। बारिश का मौसम शुरू होने के साथ दूध-दही एवं मसालेदार भोजन को शरीर पचाने में अक्षम हो जाता है। साथ ही हरी सब्जियों में कीड़े लगते हैं, इसलिए इन चीजों को न खाने की सलाह दी जाती है।

## चातुर्मास में पड़ेंगे ये व्रत और त्यौहार

चातुर्मास में 10 जुलाई को गुरुपूर्णिमा, 9 अगस्त को रक्षाबंधन, 15-16 अगस्त को कृष्ण जन्माष्टमी, 26 अगस्त को तीज पर्व, 27 अगस्त को गणेश चतुर्थी, 22 सितंबर से शारदीय नवरात्रि, 2 अक्टूबर को दशहरा, 20 अक्टूबर को दीपावली, 2 नवंबर को देवउठनी एकादशी का पर्व मनाया जाएगा। इस दौरान प्रादेशिक त्यौहार हरेली, पोला भी मनेगा।



## ब्रीफ न्यूज

### सौम्या तिवारी को मनपंसद लेपटॉप खरीदने मिलेगी राशि, मुख्यमंत्री का जताया आभार

शहडोल - प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा डिजिटल शिक्षा को बढ़ावा देने के उददेश्य से संभागीय मुख्यालय शहडोल की रहने वाली मेधावी छात्रा सुश्री सौम्या तिवारी को मनपंसद लैपटॉप खरीदने के लिए 4 जुलाई को राशि प्रदान करेंगे।



सौम्या एक मेधावी छात्रा हैं, जिन्होंने हाल ही में कक्षा 12 वी की परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। उन्हें लैपटॉप मिलने से ऑनलाइन अध्ययन, डिजिटल संसाधनों तक पहुंचने में सहूलियत होगी। सौम्या ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह लैपटॉप उनकी पढ़ाई को और अधिक प्रभावी और सुगम बनाएगा। उन्होंने कहा कि डिजिटल साधनों से अब वह प्रतिस्पर्धी परीक्षाओं की बेहतर तैयारी कर सकूंगी। मुख्यमंत्री द्वारा मेधावी छात्रों को प्रोत्साहित करने और डिजिटल शिक्षा को सुलभ बनाने के लिए की जा रही यह पहल छात्रों के उज्जवल भविष्य की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। लैपटॉप वितरण योजना से हजारों छात्र लाभान्वित हो रहे हैं और शिक्षा के क्षेत्र में डिजिटल क्रांति को बल मिल रहा है। राज्य सरकार का यह प्रयास न केवल शिक्षा की गुणवत्ता को बढ़ाएगा, बल्कि विद्यार्थियों में आत्मविश्वास भी उत्पन्न करेगा।

### अवैध रूप से बिक रही 50 किलो मछली जप्त की

**हरदा।** शासन द्वारा 16 जून से 15 अगस्त तक बंद ऋतुकाल घोषित किया गया है। इस दौरान मत्स्याखेट, मत्स्य विक्रय व परिवहन प्रतिबंधित है। कलेक्टर सिद्धार्थ जैन ने जिले में बंद ऋतकाल का सख्ती से पालन कराने के निर्देश दिये है। सहायक संचालक मत्स्योद्योग हरदा ने बताया कि निदेशों के पालन में बुधवार को नायब तहसीलदार आशीष मिश्रा व मत्स्य निरीक्षक सुशील गौर ने संयुक्त रूप से 50 किलोग्राम मछली लावारिस अवस्था में जप्त की तथा जप्तशुदा मछली की निलामी से प्राप्त राशि 4 हजार रुपए शासन के खाते में जमा की गई।

### पंडित शंभूनाथ शुक्ल विश्वविद्यालय, शहडोल में प्रवेश प्रक्रिया 10 जुलाई तक

**शहडोल।** कुलगुरू पंडित शंभूनाथ शुक्ल विश्वविद्यालय, शहडोल प्रो. रामशंकर ने जानकारी दी है कि विश्वविद्यालय में स्नातक (बी.ए., बी.एससी.), स्नातकोत्तर (एम.ए., एम.एससी.) एवं विभिन्न डिप्लोमा पाठ्यक्रमों में प्रवेश प्रक्रिया वर्तमान में तृतीय चरण प्रगति पर है। इस वर्ष विश्वविद्यालय द्वारा छात्रों के कैरियर निर्माण को ध्यान में रखते हुए कुछ नवीन और रोजगारोन्मुखी पाठ्यक्रमों की शुरुआत भी की गई है, जिनमें बी.एससी. फॉरेंसिक साइंस (न्यायिक विज्ञान), बी.एससी. लाइब्रेरी साइंस, बैचलर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन शामिल है। उन्होंने बताया कि प्रथम एवं द्वितीय चरण में जिन विद्यार्थियों ने ऑनलाइन पंजीकरण किया था तथा मेरिट सूची में चयनित हुए थे, किंतु समय पर प्रवेश शुल्क जमा नहीं कर सके, ऐसे विद्यार्थियों को विश्वविद्यालय अंतिम अवसर प्रदान कर रहा है।

# खंडवा जिला अस्पताल में महिला मरीज की मौत के बाद हंगामा






## डॉक्टर से मारपीट, मशीनें तोड़ीं, जूनियर डॉक्टर्स ने दी हड़ताल की चेतावनी

सत्ता सुधार ■ खंडवा

जिला अस्पताल में बुधवार सुबह उस समय तनावपूर्ण हालात बन गए जब एक महिला मरीज की मौत के बाद उसके परिजनों ने अस्पताल में हंगामा खड़ा कर दिया। इलाज कर रहे ड्यूटी डॉक्टर से मरीज के बेटे ने हाथापाई की, उन पर कुर्सी फेंकी और आईसीयू में रखी ECG मशीन को भी क्षतिग्रस्त कर दिया। घटना के बाद मेडिकल कॉलेज के डॉक्टरों ने घटना के विरोध में थाना मोघट रोड तक रैली निकाली और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की।

घटना जिला अस्पताल के मेडिसिन आईसीयू की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, 2 जुलाई की रात करीब 1 बजे 42 वर्षीय महिला रेखा पति धीरज को उनके परिजन गंभीर हृदय संबंधी तकलीफ के चलते मेडिकल कॉलेज सह जिला अस्पताल के आपातकालीन कक्ष में लेकर पहुंचे थे। प्रारंभिक जांच में ECG रिपोर्ट के आधार पर महिला को हृदयाघातकी पुष्टि हुई और उन्हें तत्काल मेडिसिन आईसीयू में भर्ती किया गया। मेडिकल कॉलेज अधीक्षक डॉ. रणजीत बडौले ने बताया कि मरीज की हालत गंभीर थी और परिजनों को पहले ही अवगत करा दिया गया था कि मरीज की जान को खतरा है। इसके साथ ही हाई रिस्क कंसेंट दस्तावेज पर परिजनों से हस्ताक्षर भी कराए गए थे। आईसीयू में मरीज को तत्काल जीवन रक्षक उपचार दिया जा रहा था।

सुबह लगभग 4 बजे मरीज की दोबारा श्रष्टत्त जांच कराई गई, जिसमें कोई सुधार नहीं पाया गया। हृदय गति रुकने पर डॉक्टरों ने CPR देना शुरू किया, लेकिन तमाम प्रयासों के बावजूद महिला की मृत्यु हो गई।

मृत्यु की सूचना जैसे ही परिजनों को दी गई, मरीज का बेटा आक्रोशित हो गया और ड्यूटी पर मौजूद जूनियर डॉक्टर डॉ. कुलदीप जोशी से मारपीट करने लगा। उन्होंने डॉक्टर को पहले घूंसे मारे, फिर आईसीयू में रखी कुर्सी उठाकर फेंकी, जिससे ECG मशीन टूट गई। इस दौरान आईसीयू में मौजूद अन्य मरीजों की जान को भी खतरा उत्पन्न हो गया।

डॉ. कुलदीप जोशी ने बताया कि परिजन तीन लोगों के साथ थे, जिनमें से एक ने सीधे उनके साथ मारपीट की। डॉक्टरों का कहना है कि अगर उस वक्त कोई और गंभीर स्थिति बनती तो जानमाल की बड़ी क्षति हो सकती थी।

घटना के बाद मेडिकल कॉलेज के जूनियर और सीनियर डॉक्टरों में भारी आक्रोश फैल गया। डॉक्टरों ने मोघट थाने तक रैली निकालकर नारेबाजी की और आरोपी पर सख्त कार्रवाई की मांग करते हुए शिकायत दर्ज कराई। जूनियर डॉक्टर एसोसिएशन की पदाधिकारी डॉ. श्वेता शर्मा ने चेतावनी दी कि यदि दोषियों पर तत्काल कार्रवाई नहीं की गई तो डॉक्टर समुदाय को मजबूरीवश अनिश्चितकालीन हड़ताल का रास्ता अपनाना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि अस्पताल जैसी संवेदनशील जगहों पर मेडिकल स्टाफ की सुरक्षा सुनिश्चित की जानी चाहिए।

घटना के CCTV फुटेज पुलिस को सौंप दिए गए हैं, जिनके आधार पर मोघट थाना पुलिस जांच में जुटी है। फिलहाल आरोपी की पहचान की जा रही है और IPC की विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज करने की प्रक्रिया चल रही है।

### डॉक्टरों की मांग: मेडिकल स्टाफ को मिले सुरक्षा का अधिकार

डॉक्टरों ने स्पष्ट किया है कि उनका कर्तव्य मरीज की सेवा करना है, लेकिन अगर उन्हें काम करने के लिए सुरक्षित वातावरण नहीं मिलेगा तो यह व्यवस्था ही सवालों के घेरे में आ जाएगी। अस्पताल प्रशासन ने भी घटना को गंभीर मानते हुए दोषियों पर कार्रवाई की मांग की है।

# कन्या महाविद्यालय शहडोल में तिलक लगाकर नव प्रवेशित छात्राओं को कराया गया प्रवेश



सत्ता सुधार ■ शहडोल

मध्य प्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार मंगलवार को शासकीय इंदिरा गांधी कन्या महाविद्यालय, शहडोल में दीक्षारंभ समारोह आयोजित किया गया। दीक्षारंभ समारोह में नव प्रवेशित छात्र-छात्राओं को महाविद्यालय के प्रोफेसरो ने तिलक लगाकर तथा करतल ध्वनि से स्वागत किया। दीक्षारंभ समारोह में बताया गया कि छात्र छात्राओं का विद्यालय से महाविद्यालय में आगमन के साथ ही एक संक्रमण काल प्रारंभ हो जाता है। विद्यालय की तुलना में यहां स्वतंत्रता अधिक होती है जिसका नकारात्मक एवं सकारात्मक उपयोग स्वयं छात्र छात्राओं पर निर्भर होता है इसलिए इस काल में छात्र छात्राओं को प्रत्येक कदम बड़े सावधानी के साथ बढ़ाना चाहिए। दीक्षारंभ समारोह में आध्यात्म एवं योग से जोड़ते हुए संदेश दिया की महाविद्यालयीन वातावरण के नैतिक होने पर ही शैक्षणिक सार्थकता हासिल हो सकेगी।

विद्यार्थी मन लगाकर के पढ़ाई करें। दीक्षारंभ समारोह में प्रोफेसरो द्वारा महाविद्यालय के स्वशासी प्रकोष्ठ की भूमिका, परीक्षा संरचना तथा पाठ्यक्रम, ऑनलाइन प्रवेश प्रक्रिया जैसे अन्य विषयों पर नव प्रवेशित विद्यार्थियों को विस्तृत जानकारियो से अवगत कराया गया। इस अवसर पर कन्या महाविद्यालय के प्रोफेसर कुमुद शानुया, यमुना धुर्वे, सुनील सक्सेना, सीएनपी मिश्रा सहित छात्राएं उपस्थित थी।

## ग्राम पंचायत करकी में जल गंगा संवर्धन अभियान का विधायक की उपस्थिति में किया गया समापन



सत्ता सुधार ■ शहडोल

जनपद पंचायत जयसिहनगर अन्तर्गत ग्राम पंचायत करकी मे विधायक विधानसभा क्षेत्र ब्यौहारी श्री शरद जुगलाल कोल की उपस्थिति में जल गंगा संवर्धन अभियान का समापन किया गया। ग्राम पंचायत करकी में जल गंगा संवर्धन अभियान अन्तर्गत कुल 08 खेत तालाब एवं 04 डगबेल रिर्चाज का कार्य किया जा रहा है।

जनपद पंचायत जयसिंहनगर अंतर्गत स्वीकृत जल संरचनाएं जब पूर्ण होगी तो भू जल स्तर में वृद्धि होगी तथा जिन किसानो के खेत में खेत तालाब बनाए गए है उन किसानो को खेत की सिंचाई के लिए पानी मिल सकेगा। जिससे ये किसान उद्यानिकी, मत्स्य पालन जैसी गतिविधियां भी संचालित कर सकेंगे। ये विचार ब्यौहारी विधानसभा क्षेत्र के विधायक श्री शरद जुगलाल कोल ने ग्राम करकी में आयोजित जल गंगा संवर्धन अभियान के समापन कार्यक्रम को सम्बोंधित करते हुए व्यक्त किए। सीईओ जनपद पंचायत ने बताया कि जनपद पंचायत जयसिंहनगर में 870 खेत तालाब 130 डगवेल रिचार्ज तथा 5 अमृत सरोवर तालाब स्वीकृत कर जल संरक्षण और संवर्धन का कार्य जन आंदोलन के रूप में किया गया। जल गंगा संवर्धन अभियान के समापन के अवसर पर नवीन खेत तालाब के हितग्राहियों एवं जल दूतो को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित भी किया गया।

इस अवसर पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत श्रीमती शिवानी जैन, एपीओ श्री मनोज मिश्रा, ग्राम पंचायत सरपंच, सचिव, नवीन खेत तालाब के लाभान्वित हितग्राही, जलदूत सहित ग्रामवासी उपस्थित रहें।



## कलेक्टर ने स्कूल, आंगनवाड़ी भवन, उचित मूल्य दुकान व तेली का सराय का किया निरीक्षण

**हरदा।** कलेक्टर सिद्धार्थ जैन ने बुधवार को जिले के ग्रामीण क्षेत्र अबगांवखुर्द, भुन्नास, बागरूल, तेली की सराय व अबगांवकला का भ्रमण किया। इस दौरान उन्होने वहां स्थित स्कूल, आंगनवाड़ी केन्द्र, उचित मूल्य की दुकान, दिव्यांग जन छात्रावास व जिला जेल का निरीक्षण कर वहां की व्यवस्थाएं देखीं। इस दौरान जिला शिक्षा अधिकारी डी.एस. रघुवंशी, जिला परियोजना समन्वयक बलवन्त पटेल, एसडीएम कुमार शानु देवड़िया, तहसीलदार राजेन्द्र पंवार सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे। कलेक्टर श्री जैन ने तेली की सराय के निरीक्षण के दौरान निर्माण कार्य शीघ्रता से पूर्ण कराने के निर्देश उपस्थित अधिकारियों को दिये। उन्होने तेली की सराय में पौधरोपण कराने के निर्देश भी अधिकारियों को दिये। कलेक्टर श्री जैन ने ग्राम बागरूल में दिव्यांगजन छात्रावास का निरीक्षण कर वहां की व्यवस्थाएं देखीं। इस दौरान उन्होने वहां बच्चों को दिये जाने वाले भोजन सहित अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होने उपस्थित अधिकारियों को छात्रावास में सुरक्षा की दृष्टि से सीसीटीवी कैमरे लगाने के निर्देश दिये। निरीक्षण के दौरान छात्रावास के बच्चों ने कलेक्टर श्री जैन का माल्यार्पण कर स्वागत किया। कलेक्टर श्री जैन ने जिला जेल का निरीक्षण कर रिकार्ड रूम, वीसी रूम, मुलाकात कक्ष व बंदियों के बैरिक की व्यवस्थाएं देखीं। उन्होने जिला जेल में अन्य आवश्यक स्थानों पर भी सीसीटीवी कैमरे लगाने के निर्देश जेल अधीक्षक को दिये।

# अधिवक्ता प्रतिनिधिमंडल ने राजस्व अधिवक्ता कक्ष हेतु रखी मांग



सत्ता सुधार ■ खंडवा

जिले में तहसील एवं एसडीएम न्यायालय का स्थानांतरण हरसूद रोड स्थित सिंचाई विभाग के समीप नवीन भवन में होने जा रहा है। इस परिवर्तन के चलते अब राजस्व संबंधी मामलों की सुनवाई जिला न्यायालय परिसर से दूर होगी, जहां प्रतिदिन लगभग 200 अधिवक्ता राजस्व प्रकरणों की नियमित पैरवी करते हैं। ऐसे में अधिवक्ताओं को एक सम्मानजनक कार्यस्थल की आवश्यकता महसूस की जा रही है।

इसी उद्देश्य को लेकर बुधवार को अधिवक्ताओं के एक प्रतिनिधिमंडल ने अपर कलेक्टर से भेंट कर नवीन तहसील एवं एसडीएम कार्यालय परिसर में राजस्व अधिवक्ता कक्ष आवंटन की माँग रखी। प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व विधि प्रकोष्ठ के प्रदेश पदाधिकारी अधिवक्ता देवेंद्र सिंह यादव ने किया। उनके साथ अधिवक्ता संघ अध्यक्ष रविंद्र पाथरिकर, पूर्व अध्यक्ष मोहन गंगराड़े, प्रणय गुप्ता, विजय चौधरी, रजनीश सोनी, अभिषेक मालाकार, सुनील आर्य, महेंद्र गंगराड़े, जसवंत परमार, विनम्र गंगराड़े आदि वरिष्ठ अधिवक्ता शामिल रहे। प्रतिनिधिमंडल ने बताया कि वर्तमान में तहसील कार्यालय जिला न्यायालय परिसर से निकट है, जहां आने-जाने में कोई विशेष कठिनाई नहीं होती थी, लेकिन नवीन भवन शहर की परिधि में है। ऐसे में राजस्व मामलों की विशेष प्रैक्टिस करने वाले अधिवक्ताओं को वहीं स्थायी रूप से बैठकर कार्य करना होगा।

**प्रमुख मांगें :** नवीन परिसर में राजस्व अधिवक्ता कक्ष मूलभूत सुविधाओं (फर्नीचर, पंखा, बिजली, वाई-फाई आदि) के साथ तत्काल आवंटित किया जाए। ग्रामीण क्षेत्र से आने वाले पक्षकारों के लिए प्रतीक्षालय, पानी, शौचालय और छायादार शेड जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं। प्रतिनिधिमंडल ने यह भी स्पष्ट किया कि यह मांग अधिवक्ताओं और आम जन दोनों की सुविधा से जुड़ी हुई है। अपर कलेक्टर ने ज्ञापन प्राप्त कर मामले पर शीघ्र निर्णय का आश्वासन दिया।

### इनका कहना है

न्याय प्रणाली की गरिमा बनाए रखने के लिए अधिवक्ताओं को उचित कार्यस्थल उपलब्ध कराना प्रशासन की प्राथमिकता होनी चाहिए।

**अधिवक्ता देवेंद्र सिंह यादव**

## शिकायत | जन सुनवाई में ग्रामीणों ने की शिकायत

# बिछौला माल, रैयत में अवारा गौ वंशों से किसान परेशान

सत्ता सुधार ■ हरदा

जिले के बिछौला माल और रैयत गांव में आवारा मवेशियों की संख्या करीब 300 है। जिसके कारण किसानों की फसल चौपट हो रही है। आवारा मवेशियों के लिए गौ शाला बनी है, किंतु उसमें आवारा मवेशियों को ले जाने की व्यवस्था नहीं की जाने के कारण आवारा मवेशी इधर-उधर भटक रहे हैं। जिसके कारण किसानों की परेशानी लंबे समय से बनी हुई है। काफी लागत लगाकर किसान खेती करते हैं। फसल चौपट हो जाने से खाद-बीज आदि खर्चा कर्ज के रूप में लद जाता है। इससे परेशान किसानों ने रातातलाई गौशाला में गौवंशों को भेजने की व्यवस्था करने की मांग की है। इस संबंध में गांव वासियों ने जिला कलेक्टर को पत्र लिखकर मांग की है कि रातातलाई में गोवंश कम है। गौ शाला में गोवंशों को व्यवस्थित किया जा सकता है।

जिला कलेक्टर को दिये मांग पत्र में गांववासियों ने बताया कि सोनतलाई में करीब 100 गौवंशों को रखने की क्षमता है। उसमें क्षमता से अधिक 165गौवंशों को रखा गया है। इस लिहाज से वहां गौवंशों को नहीं रखा जा सकता है। 5-6 किलो मीटर दूर रातातलाई गौशाला है। वहां पर रखने की व्यवस्था कर दी जाये तो किसानों की परेशानी दूर हो सकती है। इस संबंध में गौशाला संचालक को निर्देशित कर 300 गौवंशों को गौशाला में रखने की व्यवस्था सुनिश्चित करवाई जायेतो किसानों की परेशानी काफी हद तक दूर हो सकती है। जिससे किसानों की फसल को नुकसान नहीं होगा।



**जन सुनवाई में आवेदन :** सरपंच बिछौला ने जनसुनवाई में जिला कलेक्टर से शिकायत कर मांग की कि राततलाई गौ शाला में गौ वंशों को रखने की व्यवस्था की जाये। जिससे किसानों की समस्या का समाधान हो जायेगा। गौ वंशों की देखभाल हो सकेगी। गौशाला संचालक का उद्देश्य भी भली भूत होगा। रातातलाई गौ शाला में गौवंश कम है वहां गायों को रखा जा सकता है। उसकी देखभाल की व्यवस्था सुनिश्चित करके आवारा गौ वंशों को व्यवस्थित किया जाये।

### सोनतलाई में क्षमता से अधिक गौ वंश - प्रजापति

सुरेश प्रजापति सचिव बिछौला ने बताया कि सोनतलाई गौशाला की क्षमता 100 है और वर्तमान में क्षमता से अधिक 165 गौ वंश है। इस लिहाज से आवारा गौ वंशों को रातालाई में व्यवस्थित कर दिया जाये तो किसानों की समस्या दूर हो जायेगी और गौ वंशों की देखभाल भी सुचारू रूप से हो सकेगी।

**रातातलाई में 110 गौवंश - ठाकुर :** रनजीत ठाकुर सहायक सचिव रातातलाई ने बताया कि गौशाला में 110 गौ वंश है। ज्यादा जगह नहीं है। 10-20 गौ वंशों को रखने की व्यवस्था की जा सकती है। अधिक गौ वंशों को रखने की क्षमता नहीं है। क्षमता से अधिक गौ वंशों के होने से उनकी देखभाल में दिक्कत आती है। इस लिहाज से अधिक गौ वंशों को नहीं रखा जा सकता है। गौ वंश कम होने की जानकारी कहां से मिली है, यह पता नहीं है। गौ वंश दिन में चरने चले जाते हैं। जो बीमार गौ वंश हैं वही गौ शाला में दिखते हैं, इस नाते देखने मात्र से वास्तविक स्थिति स्पष्ट नहीं होती है।


# सड़क दुर्घटना पीड़ितों की नगदी रहित उपचार स्कीम

## डिवीजनल कमिश्नर को योजना की नियमित मॉनीटरिंग करने के निर्देश

**हरदा।** देश में सड़क सुरक्षा एवं दुर्घटनाओं को रोकने के लिये सर्वोच्च न्यायालय द्वारा समय-समय पर निर्देश जारी किए जाते रहे हैं। इस बात को ध्यान में रखते हुए सुप्रीम कोर्ट कमेटी ऑन रोड सेफ्टी सम्पूर्ण देश में नियमित मॉनीटरिंग कर रही है। समय-समय पर यह कमेटी विभिन्न राज्यों से रिपोर्ट प्राप्त कर सड़क सुरक्षा संबंधी विभिन्न योजनाओं एवं सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय से जारी गाइड लाइन्स की समीक्षा कर सर्वोच्च न्यायालय में प्रतिवेदन प्रस्तुत करती है। परिवहन सचिव मनीष सिंह ने सड़क दुर्घटना पीड़ितों के लिये नगदी रहित उपचार योजना के क्रियान्वयन के लिये कलेक्टर्स को निर्देश भी जारी किये हैं। निर्देशों में बताया गया है कि यह स्कीम और गाइड लाइन्स मई और जून 2025 में जारी हुई हैं। इसी के साथ मंत्रालय द्वारा 21 मई, 2025 को यूजर मैनेजमेंट पोर्टल भी जारी किया गया है। निर्देशों में बताया गया है कि सड़क दुर्घटना प्रकरणों में जहाँ दोषी मोटरयान के पास वैध तृतीय पक्ष बीमा कव्हरेज था, उसका भुगतान केन्द्र सरकार द्वारा साधारण बीमा कम्पनियों के सहयोग से बनाये गये फण्ड से स्टेट हेल्थ एजेंसी द्वारा अस्पताल के दावे को मंजूरी दिये जाने के 10 दिनों की समयावधि में जिला कलेक्टर्स के अनुमोदन से जिला स्तर पर ही केन्द्र सरकार द्वारा निर्धारित फण्ड से किया जायेगा। योजना में अस्पताल से दुर्घटना तारीख से अधिकतम 7 दिनों की अवधि में प्रति व्यक्ति के लिये एक लाख 50 हजार रुपए तक के उपचार की व्यवस्था है। दुर्घटना में पीड़ित व्यक्ति या उसका परिवार दुर्घटना का विवरण हेल्पलाइन नम्बर 112 में खबर दे सकता है।

## ब्रीफ न्यूज

### राष्ट्रीय अध्यक्ष निर्वाचन हेतु राष्ट्रीय प्रतिनिधि निर्वाचित किया गया



**सागर।** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता नरयावली विधानसभा क्षेत्र से विधायक प्रदीप लारिया को मध्यप्रदेश से भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष निर्वाचन हेतु राष्ट्रीय प्रतिनिधि निर्वाचित किया गया।

### बण्डा सिंचाई परियोजनाओं के प्रभावित भू धारकों को मुआवजा का किया जा रहा है भुगतान

**बंडा/सागर।** कलेक्टर संदीप जीआर के निर्देश पर बण्डा सिंचाई परियोजना के प्रभावितों को उनके सभी अनुदान/मुआवजा राशि प्रदान करने के लिए लगातार कार्य किया जा रहा है। इसी परिपेक्ष्य में बण्डा सिंचाई परियोजना अंतर्गत बण्डा तहसील के ग्राम उल्दन, सेमरा अहीर एवं कुल्ल के भू धारकों के बैंक खातों में मुआवजा राशि हस्तांतरित की जा रही है।

### रानी अवंतीबाई लोधी राजकीय विवि, सागर में यू.एल.सी राउंड में प्रवेश जारी

**सागर।** रानी अवंतीबाई लोधी विश्वविद्यालय में प्रवेश के यू.एल.सी राउड में बी.एससी बायो ग्रुप एवं बी.एससी गणित ग्रुप में प्रवेश प्रारंभ है। इसके साथ ही बी.एससी एग्रीकल्चर में अतिरिक्त 60 सीट की वृद्धि की गई है एवं एम.ए समाजशास्त्र में भी प्रवेश प्रारंभ है। यू.एल.सी राउड प्रथम चरण में 01 जुलाई से 05 जुलाई तक रजिस्टेशन आनलाईन होगें। विवि में बी.ए., बी.कॉम, बी.कॉम. लॉजिस्टिक, बी.कॉम. रिटेल मेनेजमेंट, बी.एससी, बी.एससी एग्रीकल्चर, बी.लिब, एम.लिब., स्नातकोत्तर एम.ए, हिन्दी साहित्य, संस्कृत साहित्य, अर्थशास्त्र, इतिहास, समाजशास्त्र, राजनीति शास्त्र व एम. कॉम., एम. एससी. गणित, योगिक विज्ञान, योग में डिप्लोमा, लोक प्रशासन में डिप्लोमा आदि पाठयक्रमों में रजिस्टेशन करवाकर प्रवेश ले सकते है। स्नातक के मेजर व माइनर विषयों के अतिरिक्त अन्य विषयों में स्नातकोत्तर कक्षाओं के लिए प्रवेश पात्रतानुसार विवि द्वारा दिया जाएगा।

---

### मुक्तिधाम के समीप प्रस्तावित पार्क स्थल का नपा अध्यक्ष लता सकवार एवं रेलवे अधिकारियों द्वारा संयुक्त निरीक्षण

# नगर को स्वच्छ, हरित और सुविधाजनक बनाने की दिशा में हमारा निरंतर प्रयास जारी हैः सकवार

**सत्ता सुधार ■ बीना/सागर**

नपाध्यक्ष लता सकवार ने बुधवार को इंदिरा गांधी वार्ड में मुक्तिधाम के समीप रेलवे क्षेत्र में खाली जगह पर रेल्वे अधिकारियों को पत्र लिखकर पार्क निर्माण की मांग की थी, जिसका आज रेल्वे के सहायक मंडल इंजीनियर (एडीएन) के साथ नपा अध्यक्ष ने स्थल का निरीक्षण किया।निरीक्षण के दौरान पार्क निर्माण से जुड़ी संभावनाओं, ज़मीन की स्थिति, तकनीकी आवश्यकताओं एवं स्वीकृतियों पर चर्चा की गई। यह स्थान मोतीचूर नदी के निकट एवं शनि मंदिर के पास स्थित होने के कारण न केवल सौंदर्य की दृष्टि से महत्वपूर्ण है,



बल्कि स्थानीय नागरिकों को हरियाली और शांति का अनुभव देने वाला क्षेत्र भी बन सकता है। नपा अध्यक्ष लता सकवार ने बताया कि नगर को स्वच्छ, हरित और सुविधाजनक बनाने की दिशा में हमारा निरंतर प्रयास जारी है।

रेलवे के सहयोग से इस क्षेत्र में एक सुंदर और व्यवस्थित पार्क का निर्माण किया जाएगा, जिससे वार्डवासियों को एक बेहतर सार्वजनिक स्थल उपलब्ध होगा।÷निरीक्षण के दौरान पार्क के डिजाइन, सुरक्षा, जल निकासी और पेड़-पौधों की संभावित व्यवस्था और नागरिकों की सुविधाओं से संबंधित बिंदुओं पर अधिकारियों ने सुझाव साझा किए। रेलवे विभाग द्वारा ज़मीन की उपलब्धता और अन्य तकनीकी स्वीकृतियों के बाद शीघ्र ही कार्य प्रारंभ करने की संभावना व्यक्त की।निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने स्थल की सफाई, भूमि समतलीकरण,कार्य के शीघ्र प्रारंभ होने की संभावना व्यक्त की गई।

#### इस अवसर पर ये रहे उपस्थित

इस अवसर पर नपा उपाध्यक्ष रमाकांत बिलगैया, सभापति जितेंद्र बोहरे, हरिओम चौबे , प्रहलाद यादव, नपा उपयंत्री जयदीप शाक्यवार सहित अन्य जनप्रतिनिधि, विभागीय अधिकारी और स्थानीय रहवासी भी मौजूद रहे।

---

# बलात्कार, अड़ीबाजी कर धमकाने, व माता-पिता से मारपीट करने वाले गिरफ्तार

### पुलिस ने किया तीन अलग-अलग मामलों का खुलासा



**सत्ता सुधार ■ बीना/सागर**

पुलिस की सक्रियता की चलते अलग-अलग मामलों में फरार चल रहे आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया है, जहां से उन्हें जेल भेज दिया है। पुलिस ने कुल पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है।थाना प्रभारी अनूप यादव ने बताया कि अलग-अलग घटनाओं में फरार चल रहे आरोपियों को एसडीओपी नितेश पटेल के निर्देशन में टीम गठित कर गिरफ्तार किया है।

#### बलात्कार का आरोपी पुलिस गिरफ्त में

पुलिस ने बताया कि 11 मई को बीना थानांतर्गत आने वाले एक गांव में महिला के साथ उसके पड़ोसी ने बलात्कार की घटना को अंजाम दिया था।आरोपी घटना समय से फरार चल रहा था, जिसकी पुलिस को लंबे समय से तलाश थी। आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी अनूप यादव, एसआइ लखन राज, प्रधान आरक्षक देवेन्द्र सिंह, आरक्षक गजेन्द्र, आरक्षक चालक दीपसिंह भदौरिया की अहम भूमिका रही।

#### अड़ीबाजी करने वाले तीन आरोपी गिरफ्तार, गए जेल

पुलिस ने बताया 17 मई को तरुण पिता माखनलाल करौसिया निवासी राजीव गांधी वार्ड अपने साथियों के साथ बापट कांप्लेक्स जा रहा था, जिसे रास्ते में पिंकू सोनकर, राजकुमार सोनकर और सूरज सोनकर निवासी शिवाजी वार्ड ने रास्ता रोककर शराब पीने के लिए एक हजार रुपए मांगे। रुपए पए देने पर आरोपियों ने तरुण के साथ मारपीट की और उसकी गाड़ी में तोड़?फोड़ कर दी थी। पुलिस ने मामले में फरार तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया। आरोपी पिंकू सोनकर पर सात, राजकुमार सोनकर पर 8 व सूरज सोनकर पर 6 मामले दर्ज हैं। कार्रवाई में थाना प्रभारी अनूप यादव, एसआइ लखन राज, प्रधान आरक्षक देवेन्द्र सिंह, आरक्षक प्रेमजीत सिंह, भूपेन्द्र सोलंकी, चालक दीपसिंह की अहम भूमिका रही।

#### माता-पिता से मारपीट करने वाला शराबी बेटा भी गया जेल

पुलिस ने बताया कि 22 जून को चंदाबाई पति रामेश्वर पटेल (57) निवासी ग्राम बारधा ने शिकायत दर्ज कराई थी कि उसका बेटा जितेन्द्र पटेल शराब पीने का आदी है, जिसने अपनी मां व पिता के साथ शराब के लिए रुपए मांगकर मारपीट कर दी थी, जिसमें पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया। कार्रवाई में थाना प्रभारी अनूप यादव, एएसआइ ओंमकार सिंह, संजय, प्रधान आरक्षक देवेन्द्र की अहम भूमिका रही।

---

# ग्रामीण खेल प्रतिभाओं को मिल रहा है प्रोत्साहन



**सत्ता सुधार ■ देवरी/सागर**

विकासखंड देवरी के ग्राम पंचायत गौरझामर में ग्रामीण क्षेत्र की खेल प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने के लिए खेल एवं युवा कल्याण विभाग के द्वारा विगत कई महीनो से खेल प्रतिभाओं को आगे बढ़ने का कार्य जिला खेल और युवा कल्याण अधिकारी एवं अनुविभागीय अधिकारी राजस्व देवरी के मार्गदर्शन एवं निर्देशन में किया जा रहा है एवं उन्हें प्रशिक्षण भी दिया जा रहा है। ग्राम पंचायत गौरझामर में ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर आयोजित कर खो खो एवं कबड्डी का राष्ट्रीय खिलाड़ी खो खो श्रेया उपाध्याय के माध्यम से प्रशिक्षण दिया गया।विकासखंड समन्वयक वसीम राजा खान खेल और युवा कल्याण विभाग देवरी ने जानकारी दी की मध्य प्रदेश शासन एवं विभाग की मंशाअनुसार ग्रामीण क्षेत्र खेल प्रतिभा आगे बढ़े उसके लिए विभाग सतत प्रयास कर रहा है और ग्रामीण क्षेत्र में भी हम खेल संसाधनों को प्रदान कर रहे है, जिससे खिलाड़ी खेल संसाधनों का उपयोग कर खेलों में आगे बढ़े सके। विभाग का प्रयास है कि विभागीय समस्त योजनाओं का लाभ स्थानीय एवं ग्रामीण क्षेत्र के खिलाड़ियों को मिले।ग्राम पंचायत गौरझामर के खिलाड़ियों के लिए खो-खो के लिए पोलस एवं कबड्डी के खिलाड़ियों के लिए विभागीय रूप से कबड्डी मेट प्रदान की गई है। विभागीय योजना खेलो बढो अभियान अंतर्गत अधिक से अधिक खिलाड़ियों को खेल अधोसंरचनाओ का भ्रमण कराकर, खेल गतिविधियों से जोड़ने का प्रयास कर रहे हैं। आज ग्राम पंचायत की गौरझामर के खिलाड़ियों को ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर के प्रमाण पत्र प्रदान किए गए।

---

# डॉक्टर्स डे पर स्वास्थ्य सेवा संगठन बीना एवं समाज सेवियों द्वारा किया गया डॉक्टर्स का सम्मान एवं दवा दान



**सत्ता सुधार ■ बीना/सागर**

स्वास्थ्य सेवा संगठन एवं समाजसेवियों द्वारा जिला अस्पताल सागर के आपातकालीन चिकित्सा अधिकारी डॉ वीरेन्द्र सिंह ठाकुर एवं सिविल अस्पताल बीना के प्रभारी बीएमओ डॉ संजीव अग्रवाल, महिला रोग विशेषज्ञ डॉ नेहा कटारे, चिकित्सा अधिकारी डॉ हेमंत पालिया, डॉ स्वाति कुशवाहा, डॉ सौरभ जैन, डॉ नारायण यादव, डॉ कनक गुप्ता आदि डॉक्टर्स का पुष्पमाला,श्रीफल, मिष्ठान भेंट कर सम्मान किया गया। स्वास्थ्य सेवा संगठन के अध्यक्ष मनीष सिंघई, राकेश जैन, निक्की जैन, महावीर जैन, पार्षद नवीन? साहू, हरीश राजपूत एवं समस्त सिविल अस्पताल बीना स्टाफ द्वारा डॉक्टर्स के द्वारा मरीजों की दिन-रात निरंतर दी जा रही चिकित्सा सेवाओं के लिए उनका धन्यवाद ज्ञापित किया एवं उनके उज्जवल भविष्य की ईश्वर से कामना की। डॉक्टर्स डे के इस अवसर पर बीना-आगासोद बीएमओ डॉ संजीव अग्रवाल नें सभी समाजसेवियों एवं अस्पताल स्टाफ द्वारा मरीजों की चिकित्सा करने में उनके द्वारा दिए जा रहे सहयोगों के लिए उनका धन्यवाद ज्ञापित किया। डॉ नेहा कटारे द्वारा सभी आम-जनों से समस्त डॉक्टर्स एवं अस्पताल स्टाफ का उचित सम्मान एवं सुरक्षा व सहयोग करने की अपील की गई। जिला अस्पताल सागर के आपातकालीन चिकित्सा अधिकारी डॉ वीरेन्द्र सिंह ठाकुर द्वारा सबको डॉक्टर्स डे की शुभकामनाएं देते हुए सरकार व वरिष्ठ अधिकारियों से सिविल अस्पताल बीना को जल्दी से जल्दी 100 बिस्तरीय बनवा कर? यहां ब्लड बैंक, डायलिसिस यूनिट एवं विशेषज्ञ डॉक्टर्स व समुचित अस्पताल स्टाफ को नियुक्त करने की मांग रखी ताकि मरीजों को जल्दी एवं उचित इलाज बीना में ही दिलाए जा कर उनकी जान की रक्षा की जा सके, मरीजों को जिला अस्पताल सागर व बुंदेलखंड मेडीकल कॉलेज सागर रेफर न करना पड़े। स्वास्थ्य सेवा संगठन की अध्यक्ष मनीष सिंघाई एवं उनके साथियों ने डॉक्टर पी डी साहू एवं जय श्री साहू का पुष्पगुच्छ एवं माला पहनकर स्वागत किया।

---

### भाजपा राष्ट्रीय परिषद के मध्यप्रदेश से विधायक प्रदीप लारिया नवनिर्वाचित सदस्य



**सागर।** नरयावली विधायक इंजी. प्रदीप लारिया भाजपा राष्ट्रीय परिषद के मध्यप्रदेश से नवनिर्वाचित सदस्य हुऐ।राष्ट्रीय परिषद में सदस्य निर्वाचित होने पर क्षेत्रवासियों,भाजपा पदाधिकारी एवं स्वजनों ने हर्ष व्यक्त कर विधायक लारिया को बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

---

**यात्रा** बजरंग दल राष्ट्रीय साहसिक यात्रा

# श्री बाबा बूढ़ा अमरनाथ चट्टानी यात्रा पुंछ-जम्मू कश्मीर,27 जुलाई से 7 अगस्त 2025




**सत्ता सुधार ■ सागर**

सागर।आतंक की छांव में उम्मीद की मशाल पुंछ के हिंदुओं को मिली नई ऊर्जा विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल द्वारा वर्ष 2005 में जब जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले की वादियों में पहली बार बूढ़ा अमरनाथ यात्रा को संगठित रूप में प्रोत्साहित किया गया, तब शायद ही किसी ने सोचा होगा कि यह यात्रा आतंक के अंधेरे में डूबी घाटी में उम्मीद का दीपक बन जाएगी। खासकर पुंछ, राजौरी और सुंदरबनी जैसे अतिसंवेदनशील क्षेत्रों में जहां सीमापार आतंकवाद और घुसपैठ की घटनाएं आम बात थीं, वहाँ यह यात्रा अपने पहले ही वर्ष में तीन बड़े आतंकी हमलों का सामना कर चुकी थी। लेकिन भारतीय सेना की सजगता और बजरंग दल जैसे संगठनों की प्रतिबद्धता ने इस यात्रा को न केवल सुरक्षा दी, बल्कि इसे जनांदोलन बना दिया।धार्मिक यात्रा नहीं, हिंदू अस्तित्व का अभियान-यह यात्रा सिर्फ धार्मिक नहीं, बल्कि एक सांस्कृतिक पुनर्जागरण का प्रतीक बन गई है। पुंछ जिले में मात्र 7 प्रतिशत हिंदू बचे हैं, जो वर्षों से असुरक्षा और पलायन के साए में जीवन व्यतीत कर रहे थे। लेकिन बुद्ध अमरनाथ यात्रा ने न केवल उनके संकल्प को मज़बूती दी, बल्कि उनके आर्थिक जीवन में भी नई बृहदडुद्ध लाई ।बजरंग दल ने फूंका बिगुल - बजरंग दल ने 2005 में इस यात्रा को राष्ट्रवादी आयाम देते हुए अपने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे भारी संख्या में इसमें भाग लें।

यह आह्वान एक जनलहर में तब्दील हो गया और हजारों की संख्या में कार्यकर्ता जम्मू डिवीजन से निकलकर राजौरी, सुंदरबनी और पुंछ की ओर बढ़े। यह वही क्षेत्र हैं जहाँ आए दिन आतंकवादी घटनाएं होती थीं, लेकिन जैसे-जैसे यात्रा की गूंज बढ़ती गई, वैसे-वैसे इन क्षेत्रों में राष्ट्रवादी चेतना ने पैर पसारे ।पहले ही साल में तीन हमले, फिर भी नहीं रुकी श्रद्धा- 2005 में इस यात्रा पर तीन आतंकी हमले हुए। यह भारत विरोधी ताक़तों का सीधा संकेत था कि वे नहीं चाहते कि हिंदू आस्था की यह लहर सीमांत तक पहुँचे। लेकिन भारतीय सेना और सुरक्षा एजेंसियों ने हमलों को नाकाम किया। निष्कर्ष- आतंक को चुनौती देती आस्था की परंपरा- बूढ़ा अमरनाथ यात्रा अब केवल यात्रा नहीं रही - यह एक प्रतिरोध हैं, आतंक के खिलाफ खड़ा राष्ट्रवादी जनांदोलन है। यह यात्रा पुंछ के उन अंतिम गांवों तक पहुंच चुकी है, जहाँ कभी कोई सोच भी नहीं सकता था कि इतना बड़ा धार्मिक आयोजन हो सकता है।यह यात्रा हिंदू समाज को न केवल साहस देती हैं, बल्कि संदेश भी देती है कि भारत के अंतिम कोने तक धर्म, आस्था और आत्मसम्मान की लौ जलती रहेगी।

---

### भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल के नवनिर्वाचित होने पर संगठन ने महापर्व के रूप में मनाया



**बीना/सागर।** भारतीय जनता पार्टी मध्यप्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल के नवनिर्वाचित होने पर भाजपा ने संगठन महापर्व के रूप में मनाया गया। इस मौके पर भाजपा ने अनुशासन की मिशाल पेश की।प्रदेश नेतृत्व के निर्देशानुसार दोपहर 1 बजे भाजपा नगर मंडल के द्वारा उत्सव आयोजित किया गया। जिसमें सभी भाजपा के ज्येष्ठ–श्रेष्ठ कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता बंधुओ ने गांधी तिराहा पर मिष्ठान वितरण कर जमकर आतिशबाजी की। कार्यकर्ताओं ने एक– दूसरे को मिठाई खिलाकर जश्न मनाकर बधाई प्रेषित की।इस मौके पर भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष राजेंद्र उपाध्याय ने कहा कि सारे वरिष्ठ नेताओं के समन्वय से वरिष्ठ कार्यकर्ता हेमंत खंडेलवाल का प्रदेश अध्यक्ष के रूप में चयन हुआ है। हम सभी भाजपा कार्यकर्ता के रूप में खंडेलवाल के नेतृत्व में पार्टी को आगे लेकर जाएंगे। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष राजेंद्र उपाध्याय, महामंत्री आलेख राय, रमाकांत बिलगैया,हरिओम चौबे, भारती राय, विजय लखेरा, रतन यादव, राजेश यादव, राकेश सेन, पवन गुलाटी, राजेश राय, संतोष, सचिन समैया, चीनू काशिव, मनोज अहिरवार,वीरेंद्र भदौरिया,मनीष चंदेल, आनंद राजपूत, सुरेंद्र राय, राकेश बिलगैया, प्रदीप तिवारी, नंदकिशोर चौधरी,आशीष वाधवानी, अमित ताम्रकार,रामबाबू नायक,विश्वनाथ सिंह, संकल्प जैन आदि कार्यकर्ता शामिल रहे।

ब्रीफ न्यूज

### बर्मिंघम में संदिग्ध पैकेट मिलने के बाद भारतीय क्रिकेटरों की सुरक्षा बढ़ी

**बर्मिंघम।** भारत और इंग्लैंड के बीच दूसरे क्रिकेट टेस्ट मैच से पहले बर्मिंघम में एक संदिग्ध पैकेट मिलने के बाद भारतीय टीम की सुरक्षा बढ़ा दी गयी है। इसके साथ ही भारतीय टीम के होटल से बाहर निकलने पर भी रोक लगा दी गयी। भारतीय खिलाड़ी आम-तौर पर घूमने के लिए आसपास के इलाकों में जाते हैं। भारतीय टीम जिस मुख्य इलाके में रुकी उसके के पास वाले इलाके में एक संदिग्ध पैकेट मिला है। पुलिस ने सोशल मीडिया पर कहा कि हालात सामान्य हैं पर वह अपनी ओर से कोई कमी नहीं रखना चाहती है। भारतीय क्रिकेटर आमतौर पर टीम होटल के करीबीइलाकों में घूमते हैं और दूसरे टेस्ट के लिए यहां पहुंचने के बाद वे ब्रॉड स्ट्रीट पर जाते थे। अभी कुछ समय के लिए खिलाड़ियों के बाहर निकलने पर रोक रहेगी। वहीं भारतीय टीम ने कुछ खिलाड़ियों ने इस दौरान अभ्यास किया जबकि कुछ ने आराम किया। वहीं बर्मिंघम सिटी सेंटर पुलिस की ओर से कहा गया, ''हमने सिटी सेंटर के सेंटेनरी स्क्वायर के आसपास घेरा बनाया हुआ है और हम एक संदिग्ध पैकेट की जांच कर रहे हैं।'' उन्होंने कहा, ''हमें दोपहर तीन बजे से ठीक पहले ये जानकारी मिली थी। हमने सुरक्षा के तौर पर कई इमारतों को खाली भी कराया है। इस लिए इन क्षेत्रों में न जायें।।'' पुलिस ने एक घंटे के बाद सुरक्षा घेरा हटा लिया हालांकि उसके बाद भी भारतीय टीम के इन इलाकों में जाने पर रोक है।

### भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने दूसरा टी20 भी जीता

**लंदन।** जेमिमा रॉड्रिग्स और अमनजोत कौर की शानदार बल्लेबाजी से भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने दूसरे टी20 मुकाबले में मेजबान इंग्लैंड को 24 रनों से हराकर पांच मैचों की टी20 सीरीज में 2-0 की बढ़त ले ली है। भारतीय टीम ने पहला मैच भी 97 रनों से जीता था। इस मैच में टॉस जीतकर इंग्लैंड की टीम ने भारतीय टीम को बल्लेबाजी के लिए बुलाया। भारतीय टीम की कप्तान हरमनप्रीत कौर ने भी इस मैच से वापसी की पर वह रन बनाने में विफल रहीं। टीम ने 31 रन देकर 3 विकेट खो दिए थे पर इसके बाद अनुभवी बल्लेबाज जेमिमा रॉड्रिग्स और अमनजोत कौर ने अच्छी बल्लेबाजी कर स्कोर आगे बढ़ाया। जेमिमा ने 9 चौके और एक छक्का लगाकर 41 गेंदों में 63 रन बना दिये जबकि अमनजोत ने 40 गेंदों में 9 चौकों की सहायता से 63 रन बनाये। ऋचा घोष ने 20 गेंदों में 32 रन बनाए। भारतीय टीम ने 20 ओवर में 4 विकेट पर 181 रन बनाये। इंग्लैंड की ओर से लॉरेन बेल ने दो जबकि लॉरेन फिलर और एम अरलॉट से एक-एक विकेट लिया। इसके बाद इंग्लैंड की टीम 182 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए 20 ओवर में 7 विकेट पर 157 रन ही बना पायी इस प्रकार उसे 24 रनों से हार का सामना करना पड़ा। टैम ब्यूमोंट ने 54 जबकि एमी जोन्स ने 32 रन बनाये पर अन्य बल्लेबाज असफल रहीं।

गिल-जडेजा नाबाद, क्रिस वोक्स 2 विकेट ले चुके

# दूसरा टेस्ट- भारत पहली पारी में 250 पार: 5 बैटर्स पवेलियन लौटे

एजेंसी ■ बर्मिंघम

भारत और इंग्लैंड के बीच एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी का दूसरा टेस्ट बर्मिंघम के एजबेस्टन स्टेडियम में खेला जा रहा है। इंग्लैंड ने टॉस जीतकर गेंदबाजी चुनी। बुधवार को मुकाबले का पहला दिन है और आखिरी सेशन का खेल जारी है। टीम इंडिया ने पहली पारी में 5 विकेट खोकर 251 रन बना लिए हैं। कप्तान शुभमन गिल और रवींद्र जडेजा नाबाद हैं। गिल ने टेस्ट करियर में 8वीं फिफ्टी पूरी कर ली है। नीतीश कुमार रेड्?डी (1 रन) को क्रिस वोक्स ने बोल्ड कर दिया। यह उनका दूसरा विकेट है। उन्होंने केएल राहुल (2 रन) को भी आउट किया। ऋषभ पंत 25 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें शोएब बशीर ने



जैक क्रॉली के हाथों कैच कराया। यशस्वी जायसवाल (87 रन) को बेन स्टोक्स, करुण नायर (31 रन) को ब्रायडन कार्स ने पवेलियन भेजा। भारत और इंग्लैंड के बीच दूसरा टेस्ट मुकाबला खेला जा रहा है। इस मैच में इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। इसके बाद भारतीय कप्तान शुभमन गिल ने प्लेइंग इलेवन में तीन बदलाव किए। उन्होंने शार्दुल ठाकुर, जसप्रीत बुमराह और साई सुदर्शन को बाहर करके प्लेइंग इलेवन में नीतिश रेड्डी, वॉशिंगटन सुंदर और आकाश दीप को मौका दिया। लेकिन अब नीतिश ने अपने प्रदर्शन से टीम मैनेजमेंट और कप्तान को निराश किया है।

### इंग्लैंड के खिलाफ सिर्फ एक रन बना सके नीतिश रेड्डी

अब इंग्लैंड दौरे पर अपने पहले ही टेस्ट मैच में नीतिश रेड्डी बुरी तरह से फ्लॉप साबित हुए। उन्होंने 6 गेंदों में सिर्फ एक बनाया। वह क्रिस वोक्स की गेंद पर क्लीन बोल्ड हो गए। नीतिश को लगा कि गेंद उनके स्टंप से काफी दूर है और उन्होंने उसे बिना देखे ही छोड़ने का फैसला किया। लेकिन गेंद की मूवमेंट ने उन्हें चौका दिया और सीधे उनके स्टंप पर जाकर लगी। इस तरह से उनकी पारी का अंत हो गया। कप्तान शुभमन गिल ने टॉस के समय कहा था कि पिछले मैच में निचले क्रम के बल्लेबाजों ने ज्यादा योगदान नहीं दिया। इसी वजह से उन्होंने बल्लेबाजी लाइन-अप को मजबूत किया है। लेकिन अब नीतिश रेड्डी को निचले क्रम पर बेहतरीन बैटिंग करने के लिए प्लेइंग इलेवन में मौका मिला था, लेकिन उन्होंने कप्तान के कहे को गलत साबित किया है। फ्लॉप प्रदर्शन की वजह से ही वह टीम की नाव बीच मंझधार में ही छोड़कर पवेलियन लौट गए। नीतिश ने ऐसे समय मैदान पर कदम रखा था, जब ऋषभ पंत आउट हो गए और उनको कप्तान शुभमन गिल के साथ मिलकर बड़ी साझेदारी करने की जरूरत थी, लेकिन वह ऐसा नहीं कर सके। इससे पिछले मैच में शार्दुल ठाकुर भी अपने नाम के अनुरूप प्रदर्शन नहीं कर पाए थे। तब उनके बल्ले से कुल पांच रन निकले थे और वह गेंदबाजी करते हुए सिर्फ दो विकेट ले पाए थे। ऐसे में कप्तान को प्लेइंग इंग्लेवन में शामिल खिलाड़ी ने फिर धोखा दिया है।

# टी20 विश्वकप के लिए 13 टीमें तय, बचे हुए 22 स्थानों के लिए 22 टीमों में होगा मुकाबला

### सुपर 8 के मुकाबले होंगे और फिर सेमीफाइनल और फाइनल मैच खेले जाएंगे

एजेंसी ■ मुम्बई

अगले साल की शुरुआत में संयुक्त रुप से भारत और श्रीलंका में होने वाले टी20 विश्व कप के लिए अभी तक 13 टीमें तय हो गयी हैं जबकि बचे हुए सात स्थानों के लिए 22 टीमों के बीच मुकाबला होना है। इस टूर्नामेंट में कुल 20 टीमों को खेलने का अवसर मिलेगा। हैं। इनमें से मेजबान भारत और श्रीलंका सहित कुल 13 टीमें घोषित को गयी हैं जबकि सात और टीमों की घोषणा इस साल अक्टूबर तक होगी। कनाडा की टीम ने इसके लिए क्वालीफाई कर लिया है जबकि यूरोप क्वालीफायर्स के जरिए दो टीमों पर फैसला होगा। ये टूर्नामेंट भी पिछले टूर्नामेंट के प्रारुप के अनुसार ही होगा। जिसके तहत पहले 20 टीमों को चार ग्रुप में बांटा जाएगा। इसके बाद सुपर 8 के मुकाबले होंगे और फिर सेमीफाइनल और फाइनल मैच खेले जाएंगे। मेजबान के रूप में भारत और श्रीलंका को पहले दो स्थान मिले हैं। उसके बाद अगले 10 स्थानों का पिछले संस्करण में सुपर आठ क्वालीफायर और 30 जून 2024 की कट-ऑफ डेट पर टीम रैंकिंग के आधार पर हुआ। पिछले टी20 विश्व कप 2024 में सुपर 8 में प्रवेश के कारण अफगानिस्तान, ऑस्ट्रेलिया, बांग्लादेश, इंग्लैंड, दक्षिण अफ्रीका और वेस्टइंडीज को 2026 टी20 विश्व कप में




जगह मिली। अमेरिका ने भी टॉप 8 में पाकिस्तान को हराकर प्रवेश किया था। सुपर 8 में नहीं पहुंचने के बाद भी पाक ने न्यूजीलैंड और आयरलैंड के साथ अपनी टी20ढ्ढ रैंकिंग के आधार पर अगले संस्करण में अपना स्थान तय किस है। अब तक भारत, श्रीलंका, अफगानिस्तान, ऑस्ट्रेलिया, बांग्लादेश, कनाडा, इंग्लैंड, आयरलैंड, न्यूजीलैंड, पाकिस्तान, दक्षिण अफ्रीका, अमेरिका और वेस्टइंडीज ने इसके लिए प्रवेश हासिल किया है। इन टीमों के अलावा सात और टीमें इस टूर्नामेंट में खेलेंगी। एक तरह से देखा जाए तो 22 टीमों में बाकी के सात स्थानों के लिए मुकाबला होगा। एशिया और पूर्वी एशिया पेसिफिक रीजन से तीन टीमें प्रवेश करेंगी, जबकि दो-दो टीमें यूरोप क्वालीफायर और अफ्रीका क्वालीफायर से आएंगी। एशिया-ईस्ट एशिया पेसेफिक रीजन से जापान, कुवैत, मलेशिया, नेपाल, ओमान, पापुआ न्यू गिनी, कतर, समोआ और यूएई की टीमें क्वालीफायर्स खेलेंगी और इनमें से तीन टीमें सीधे टूर्नामेंट में प्रवेश करेंगी। वहीं, यूरोप क्वालीफायर्स में इटली, जर्सी, ग्वेर्नसे, नीदरलैंड और स्कॉटलैंड की टीम खेलेगी। इनमें से दो टीमें टी20 विश्व कप के लिए क्वालीफाई करेंगी।

### शमी को हर माह पत्नी व बेटी को देने होंगे चार लाख रुपये : हाईकोर्ट

**कोलकाता।** कोलकाता हाईकोर्ट ने क्रिकेटर मोहम्मद शमी को हर माह अपनी पत्नी हसीन जहां व बेटी आयरा को गुजारा भत्ता के तौर पर चार लाख रुपये देने के निर्देश दिये हैं। निर्देश के तहत शमी को पत्नी को डेढ़ लाख और बेटी को ढाई लाख हर महीने खर्चे के लिए देने होंगे। हाईकोर्ट की बेंच ने हसीन जहां की एक याचिका पर सुनवाई के बाद ये आदेश पारित किया है। अदालत ने अपने आदेश में कहा, याचिकाकर्ता पत्नी को 1.5 लाख रुपये प्रति माह और बेटी को 2.5 लाख रुपये प्रति माह दे। अदालत ने यह भी कहा कि शमी अपनी बेटी के लिए निर्धारित राशि से अधिक शिक्षा या अन्य खर्चों के लिए दे सकते हैं। इससे पहले हसीन जहां ने जिला सत्र न्यायालय के आदेश के खिलाफ हाईकोर्ट में अपील की थी, जिसमें शमी को 2023 में अपनी पत्नी को 50 हजार रुपये और बेटी को 80 हजार रुपये देने का निर्देश दिया गया था। वहीं हसीन ने अदालत से अपने लिए 7 लाख रुपये और अपनी बेटी के लिए 3 लाख रुपये प्रति माह का मुआवजा मांगा था। हसीन साल 2014 में शमी से शादी से पहले कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के लिए मॉडल और चीयरलीडर रही हैं। उनकी बेटी आयरा का जन्म 2015 में हुआ था। हसीन ने शमी पर साल 2018 में घरेलू हिंसा, दहेज उत्पीड़न का आरोप लगाया था। तभी से दोनो के बीच मामला अदालत में चल रहा है। इन दोनो का अभी तक कानूनी रूप से तलाक नहीं हुआ है।

# लाबुशेन एक बार फिर वापसी करेंगे : स्मिथ



एजेंसी ■ सिडनी

ऑस्ट्रेलिया के अनुभवी बल्लेबाज स्टीव स्मिथ अब खराब फार्म के कारण टीम से बाहर हुए मार्नस लाबुशेन के बचाव में उतरे हैं। स्मिथ ने कहा है कि लाबुशेन की प्रतिभा और तकनीक पर किसी को भी संदेह नहीं है और वह फार्म हासिल करने के बाद वह एक बार फिर टीम से खेलते दिखेंगे। लाबुशेन को पिछले कुछ समय से लगातार खराब प्रदर्शन के कारण टीम से बाहर कर दिया गया है।


विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप (डब्ल्यूटीसी) फाइनल में भी वह रन नहीं बना पाये थे। इसी कारण लाबुशेन को वेस्टइंडीज के खिलाफ पहले टेस्ट के लिए टीम से बाहर कर दिया गया था। पूर्व कप्तान के अनुसार वह अपनी तकनीक में कुछ सुधार करने के बाद फिर वापसी करेंगे। स्मिथ ने कहा, ÷वह बल्लेबाजी में खराब स्थिति में हैं। मेरा मानना है कि लाबुशेन ने डब्ल्यूटीसी फाइनल में बहुत अच्छे तरीके से गेंदों का सामना किया वह बड़ा स्कोर नहीं बना पाये। इस दौरान मूवमेंट्स और बल्लेबाज का अंदाज गलत नहीं था। स्मिथ ने साथ ही कहा, जब वह ऑफ-स्टंप लाइन से ऐसा कर रहे होते हैं, तो मुझे लगता है कि वह अच्छी स्थिति में होते हैं, उनका संतुलन अच्छा होता है और उनके मूवमेंट्स भी अच्छे होते हैं।

मुझे लगा कि वह अच्छी बल्लेबाजी कर रहे थे। उन्होंने आखिरी टेस्ट मैच नहीं खेला है, और उनके पास कुछ चीजों पर काम करने और उसे बेहतर करने का अवसर है। इसे वह खेल के दबाव के बिना करना चाहेंगे। अपने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के समय वह विश्व के बेहतरीन बल्लेबाजों की बराबरी करता है। इसलिए मुझे पूरा भरोसा है कि वह एक बार फिर आगे आयेगा।÷ डब्ल्यूटीसी फाइनल फाइनल के बाद लाबुशेन की जगह पर शामिल सैम कॉनस्टास भी अब तक अच्छी बल्लेबाजी नहीं कर पाये हैं पर स्मिथ के अनुसार समय के साथ वह सीख जाएंगे

# धवन बोले शुभमन, ईशान के आने से अपना करियर समाप्त होने का अंदाजा हुआ

एजेंसी ■ नई दिल्ली

भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व सलामी बल्लेबाज शिखर धवन ने कहा है कि शुभमन गिल और ईशान किशन के आने के बाद ही उन्हें अपने करियर के समाप्त होने का अंदाज हो गया था। इसका कारण है कि शुभगन सभी प्रारुपों में अच्छा कर रहे थे। वहीं ईशान ने एक दौहरा शतक भी लगा दिया था। जब प्रदर्शन कमजोर हो गया तब उन्हें समझ आ गया कि अब उन्हें टीम में जगह नहीं मिलेगी। धवन ने साल 2013 में मोहाली की पिच पर ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 85 गेंदों में शतक लगाकर टेस्ट डेब्यू में सबसे तेज शतक का रिकॉर्ड बनाया था। उनकी 187 रन की आक्रामक पारी सबसे आकर्षण का केन्द्र रही।



33 टेस्ट में कई अच्छी पारियां खेलने के बाद भी धवन का टेस्ट करियर ज्यादा समय नहीं चला। साल 2018 की इंग्लैंड सीरीज के बाद उन्हें टेस्ट टीम से बाहर कर दिया गया। इस क्रिकेटर के अनुसार उसने प्रयास किया पर तब वह अपने सर्वश्रेष्ठ दौर में नहीं थे। वहीं जब वह अपने करियर को देखते हैं तो उन्हें काई पछतावा नहीं होता। साथ ही कहा कि मैं पीछे देखता हूं तो खुश हूं कि मैंने जो हासिल किया, वो किसी सपने से कम नहीं हैं। धवन को टी-20 विश्व कप 2021 में जगह नहीं मिली पर वह समझ गये थे कि अब बदलाव तय है।

# काउंटी में ईशान ने लगातार दूसरे मैच में अर्धशतक लगाया

### मैच के बाद भोजपुरी गाने पर डांस करते दिखे

एजेंसी ■ लंदन

भारतीय क्रिकेट टीम से बाहर चल रहे विकेटकीपर बल्लेबाज ईशान किशन आजकल इंग्लैंड में काउंटी क्रिकेट खेल रहे हैं। ईशान भारत ए टीम के साथ यहां आये थे जिसमें अच्छे प्रदर्शन के आधार पर उन्हें काउंटी क्रिकेट में नॉटिंघमशायर ने अपने यहां शामिल कर लिया था। उसके बाद से वह लगातार छाये हुए हैं। ईशान ने काउंटी क्रिकेट चैंपियनशिप डिविजन 1 में लगातार दो मुकाबलों में अर्धशतक लगाये हैं।

लीग के दूसरे मुकाबले में ईशान ने तेजी से बल्लेबाजी करते हुए 128 गेंदों में ही 77 रन बनाए हैं। अपनी इस पारी में ईशान ने 8 चौके और 2 छक्के लगाए। वहीं इससे पहले मैच में भी ईशान ने अर्धशतकीय पारी खेली थी। यॉर्कशायर के खिलाफ इस डेब्यू मैच में ईशान ने 98 गेंदों में 87 रन बनाये। इस पारी में इन्होंने 12 चौके और एक छक्का लगाया। इंग्लैंड में काउंटी क्रिकेट



चैंपियनशिप डिविजन 1 का 42वां मैच नॉटिंघमशायर और समरसेट के बीच खेला जा रहा है। इस मैच में सोमरसेट ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 379 रन बनाए। वहीं नॉटिंघमशायर ने इसका पीछा करते हुए 125 ओवर में ही 5 विकेट के नुकसान पर 396 रन बना दिये। नॉटिंघमशायर ने ईशान की बल्लेबाजी से पहली पारी में ही 17 रनों की बढ़त हासिल कर ली। ईशान काउंटी मैच में लंदन की सड़कों पर भोजपुरी गाने पर डांस करते भी दिखे। इसका एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हुआ हैं। . ईशान किशन के साथी क्रिकेटरों का भी कहना है कि जब भी उन्हें अवसर मिलता है वह भोजपुरी गाने पर डांस करने लगते हैं।

आलोचना

भारतीय बल्लेबाजों ने खेल में पांच शतक बनाए, लेकिन निचले क्रम के बल्लेबाज कुछ नहीं कर पाये

# गेंदबाजों के बचाव में उतरे अश्विन

एजेंसी ■ चेन्नई

भारतीय टीम के पूर्व स्पिनर आर अश्विन ने इंग्लैंड के खिलाफ पहले टेस्ट में मिली हार के लिए गेंदबाजों को जिम्मेदार बताने की आलोचना की है। अश्विन ने कहा कि जिस प्रकार से कहा जा रहा है गेंदबाजी कमजोर रही वह सही नहीं है। यहां तक कि कमेंट्री के दौरान भी गेंदबाजों पर ही निशान साधा गया उन्होंने कहा कि शुरुआती बल्लेबाजों ने शतक लगाये पर निचले क्रम के बल्लेबाज असफल रहे जिससे टीम बड़ा स्कोर नहीं बना पायी। अश्विन ने कहा है कि भारतीय गेंदबाजों के बारे में कमेंट्री अपमानजनक रही पर ये भी पुछा जाना चाहिये निचले क्रम के बल्लेबाजों ने रन क्यों नहीं बनाये? एक वीडियो में अश्विन ने कहा कि हार के बाद गेंदबाजों को हार के लिए दोषी बताया गया। उन्होंने बताया कि इंग्लैंड ने जिस तरह चौथी पारी में 370 रनों से ज्यादा स्कोर का पीछा किया है। उसमें सिर्फ गेंदबाजों की गलती नहीं थी। अश्विन ने कहा कि



भारतीय बल्लेबाजों ने खेल में पांच शतक बनाए, लेकिन निचले क्रम के बल्लेबाज कुछ नहीं कर पाये।

उन्होंने कहा, एक बार जब 370 से अधिक रनों के लक्ष्य का पीछा किया गया, तो मुझे लगा कि कमेंट्री भारतीय गेंदबाजों के बारे में अपमानजनक हो गई है। ऐसा कहा जाने लगा कि भारतीय गेंदबाज मैच जिताने में असफल रहे पर य नहीं भूलना चाहिये कि बल्लेबाजों को जिम्मेदारी लेनी चाहिए। उन्होंने गेंदबाजी को लेकर कहा, टेस्ट में, मुझे लगता है कि मेडन ओवर्स को काफी कम आंका जाता है। मुझे जसप्रीत बुमराह द्वारा हाई इकॉनमी रेट के साथ जाने में कोई दिक्कत नहीं होगी, लेकिन अन्य को कम जाना चाहिए। टेस्ट में, आपको पहले दिन से धीरे-धीरे अपनी गेंदबाजी को विकसित करना होता है और इसका लाभ अंतिम पारी में मिलता है।

### सिराज ने भी खोला रेस्टोरेंट

**हैदराबाद।** भारतीय टीम के अधिकतर क्रिकेटर खेल के साथ ही अपना कारोबार भी कर रहे है। विराट कोहली सहित टीम के कई क्रिकेटरों ने अपने रेस्टोरेंट खोले हैं। अब इसी में एक नाम मोहम्मद सिराज का जुड़ गया है। सिराज ने अपने गृह नगर हैदराबाद में अपना पहला रेस्टोरेंट जोहारफा खोला है। इसमें मुगलई, पारसी, अरबी और चीनी व्यंजन परोसे जाएंगे। ये रेस्टोरेंट शहर के पॉश इलाके बंजारा हिल्स में है। सिराज ने अपने इस रेस्टोरेंट को लेकर कहा , 'जोहारफा मेरे दिल के काफी करीब है। हैदराबाद शहर ने मुझे नाम , पैसा और पहचान दी है। अब इस रेस्टोरेंट के जरिये मैं शहर को कुछ लौटाना चाहता हूं। इससे यहां के लोगों को घर जैसा खाना परोसा जाएगा।' सिराज के अनुसार उनके रेस्टोरेंट जोहारफा में बेहद अनुभवी शेफ हैं। यहां खाने में गुणवत्ता का पूरा ध्यान रखा जाएगा। इस रेस्टोरेंट की सबसे बड़ी विशेषता यह होगी कि यहां पारंपरिक खानों ध्यान दिया जाएगा।

### साक्षी, जैस्मिन और लक्ष्य विश्व मुक्केबाजी कप के क्वार्टर फाइनल में पहुंचे

**अस्ताना।** भारतीय मुक्केबाजों साक्षी, जैस्मिन, मीनाक्षी और लक्ष्य चाहर व मनीष राठौर ने कजाकिस्तान में जारी विश्व मुक्केबाजी कप में शानदार प्रदर्शन करते हुए क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया है। इस टूर्नामेंट में महिलाओं के 54 किग्रा भार वर्ग में साक्षी ने अच्छा प्रदर्शन करते हुए प्री-क्वार्टर फाइनल मुकाबले में इंग्लैंड की चार्ली डेविसन को 5-0 से हराया। साक्षी के अलावा जैस्मिन ने 57 किग्रा वर्ग में अजरबैजान की अयनुर मिकायिलोवा को 5-0 से हराकर अंतिम आठ में प्रवेश किया।

दैनिक
सत्ता सुधार
समाचार एवं विज्ञापन के लिए संपर्क करें
विनोद तिवारी
जिला ब्यूरो प्रमुख दमोह
मो. 6266038075



सत्ता सुधार

काशी में गंगा का जलस्तर लगातार बढ़ रहा है। कई मंदिरों तक गंगा का पानी पहुंच गया है। वहीं जल पुलिस द्वारा लोगों से सतर्क रहने की अपील। वाराणसी में गंगा के बढ़ते जलस्तर को देखते हुए जल पुलिस ने नाविकों व स्नानार्थियों से सतर्कता बरतने के लिए अपील कर रही है। लोगों से कहा जा रहा है कि स्नान करते समय बच्चों का हाथ पकड़ कर रखें।



# किसान को 14 दिन तक रखा डिजिटल अरेस्ट, 1.04 करोड़ ठगे

## एमबीए पास युवक समेत सात गिरफ्तार

**एजेंसी ■ शाहजहांपुर**

शाहजहांपुर में प्रगतिशील किसान को डिजिटल अरेस्ट कर एक करोड़ चार लाख रुपये की ठगी की गई थी। इस साइबर ठगी के मामले में पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने सात आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इनमें दिल्ली का रहने वाला आरोपी एमबीए पास है। शाहजहांपुर के चौक कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला दीवान जोगराज निवासी शरद चंद्र सक्सेना को डिजिटल अरेस्ट कर एक करोड़ चार लाख 47 हजार रुपये की ठगी के मामले में सात आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। एमबीए पास युवक समेत सात आरोपी दो से दस प्रतिशत कमीशन के लिए कार्य करते थे। पुलिस उनके गिरोह के सरगना की तलाश में जुटी है। शरद चंद्र सक्सेना प्रगितशील किसान हैं। उन्हें साइबर ठगों ने डिजिटल अरेस्ट किया था। धोखाधड़ी के केस में जमानत देने के नाम पर 14 दिन तक फंसाए रखा और फिर बरी होने का प्रपत्र जारी कर मोबाइल फोन बंद कर लिए। इससे पहले उनसे रकम ट्रांसफर करा ली गई थी। एसपी सिटी देवेंद्र सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम ने ठगी के ट्रांसफर हुए रुपयों की जांच शुरू की। पुलिस को एक ऐसा खाता मिला, जिसके जरिये आरोपी हत्थे चढ़ गए।



### 40 खातों में ट्रांसफर की गई थी रकम

बुधवार को पुलिस लाइन में पत्रकार वार्ता में एसपी राजेश द्विवेदी ने बताया कि अभियुक्तों ने पीड़ित को गुमराह कर खाते में दो करोड़ 80 लाख का गैर कानूनी ट्रांजेक्शन होने की जानकारी दी थी। विभिन्न एजेंसी के अधिकारी बनकर वीडियो कॉल पर डिजिटल अरेस्ट कर लिया था। जमानत व सारे आरोपों से बरी करने के नाम पर चार खातों में एक करोड़ चार लाख 47 हजार रुपये ट्रांसफर कराए गए थे। इसके बाद धनराशि को 40 बैंक खातों में ट्रांसफर किया गया। एसपी ने बताया कि धनराशि में 71 लाख रुपये का ट्रांजेक्शन हैदराबाद के कार्पोरेट खाते में किया। उसी दिन लगभग तीन करोड़ का ट्रांजेक्शन हुआ। खाताधारक से जानकारी करने पर उसने बताया कि उसके मूल खाते का दुरुपयोग करने के संबंध में साइबर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस की जांच पड़ताल में सात नाम सामने आए। इन सभी को गिरफ्तार कर लिया गया।

### आषाढ़ी एकादशी विशेष

# पंढरपुर वारी के लिए एसटी ने 5200 बसों की व्यवस्था की

**शिवानी शर्मा ■ पुणे**



विठ्ठल-रुकमिणी के दर्शनार्थ पंढरपुर की ओर रवाना हो रहे लाखों वारकरूयां (भक्तों) की सुविधा के लिए महाराष्ट्र राज्य मार्ग परिवहन महामंडल (एसटी) ने 5,200 विशेष बसों की व्यवस्था की है। यह सेवा 5, 6 और 7 जुलाई को आषाढ़ी एकादशी के दौरान संचालित की जाएगी। परिवहन मंत्री व एसटी महामंडल अध्यक्ष प्रताप सरनाईक ने जानकारी देते हुए बताया कि इस विशाल सेवा को सफलतापूर्वक अंजाम देने के लिए ड्राइवर, कंडक्टर, यांत्रिक कर्मचारी और पर्यवेक्षकों की टीम दिन-रात मेहनत कर रही है। उनकी सेवा भावना को देखते हुए तीन दिनों तक चाय, नाश्ता और व्रतानुसार भोजन की निःशुल्क व्यवस्था की गई है। वारकरी विठोबा की सेवा करते हैं, और एसटी कर्मचारी वारकरूयां की सेवा – इस पुण्य कार्य में योगदान देना मेरे लिए सौभाग्य है, मंत्री सरनाईक ने कहा। खास बात यह है कि यह भोजन स्वयं मंत्री सरनाईक अपने निजी खर्च से उपलब्ध करा रहे हैं। चंद्रभागा बस स्टेशन, भीमा स्टेशन, विठ्ठल और पांडुरंग बस स्टेशनों पर यह सुविधा उपलब्ध होगी। एसटी कर्मियों की बरसात, गर्मी और भीड़ के बीच ड्यूटी को नमन करते हुए मंत्री ने घोषणा की कि यह पहल अब हर वर्ष आषाढ़ी वारी के दौरान नियमित रूप से लागू की जाएगी।

## ब्रीफ न्यूज

### मायावती ने सरकारी स्कूलों के विलय का किया विरोध

**लखनऊ।** बसपा सुप्रीमो मायावती ने सरकारी स्कूलों के विलय का विरोध करते हुए इसे गरीब विरोधी फैसला करार दिया है। उन्होंने सरकार से इसे वापस लेने की अपील की है। बसपा सुप्रीमो मायावती ने यूपी में सरकारी स्कूलों के विलय को अनुचित और गरीब विरोधी करार दिया है। उन्होंने कहा कि सरकार को इस फैसले को वापस लेना चाहिए और अगर नहीं लेती है तो बसपा की सरकार आने पर इस फैसले को निरस्त किया जाएगा। उन्होंने एक्स पर कहा कि बेसिक शिक्षा परिषद, उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा प्राथमिक विद्यालयों के युग्मन/एकीकरण की आड़ में बहुत सारे स्कूलों को बंद करने वाला जो फैसला लिया गया है, वह गरीबों के करोड़ों बच्चों को उनके घर के पास दी जाने वाली सुगम व सस्ती सरकारी शिक्षा व्यवस्था के प्रति न्याय नहीं, बल्कि पहली नजर में ही स्पष्ट तौर पर यह अनुचित, गैर-जरूरी एवं गरीब-विरोधी प्रतीत होता है।

### पति ने पत्नी की गला काटकर कर दी हत्या

**भदोही।** भदोही में पत्नी की हत्या के बाद पति सिंदूर पीकर आत्महत्या का प्रयास किया। वारदात के बाद मौके पर अफरा-तफरी का माहौल हो गया। जानकारी होने पर पहुंची पुलिस छानबीन कर रही है। भदोही जिले में सुरियावां कोतवाली क्षेत्र के ग्राम वारी में बुधवार सुबह एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई। यहां आपसी विवाद के चलते पति ने अपनी पत्नी की चाकू से गला रेतकर हत्या कर दी। मृतका की उम्र करीब 25 वर्ष बताई जा रही है। पुलिस के अनुसार, आरोपी रोहित बिन्द पुत्र रामजीयावन बिन्द, निवासी वारी, ने घरेलू विवाद में तैश में आकर पत्नी पर चाकू से हमला किया। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई।

### बस में लगी आग, यात्रियों ने कूद कर बचाई जान

**जौनपुर।** टूरिस्ट बस में अचानक आग लगने से यात्रियों में हड़कंप मच गया। दमकल विभाग की गाड़ियां आग पर काबू पाने के लिए मौके पर पहुंचीं। डेढ़ घंटे बाद आग पर काबू पाया जा सका। जौनपुर राय बरेली राज मार्ग पर प्रतापगंज बाजार के पास बुधवार को दोपहर में दिल्ली से वाराणसी जा रही हाईवे स्टार बस सर्विस की एक टूरिस्ट बस में शॉर्ट शर्किट से लगी आग से बस आग का गोला बन गई। बस में सवार 14 यात्रियों ने किसी तरह कूद कर अपनी जान बचाई। सूचना पर पहुंचे दो दमकल वाहनों की मदद से आग पर काबू पाया गया। इस बीच हाईवे पर दोनों तरफ वाहनों की लंबी कतार लग गई।

# बिजली के निजीकरण के विरोध में देश भर में हुए प्रदर्शन

## 9 जुलाई को राष्ट्रव्यापी हड़ताल का एलान

**सत्ता सुधार ■ लखनऊ**

प्रदर्शन के दौरान केंद्रीय नेताओं ने आरोप लगाया कि पावर कॉरपोरेशन लिमिटेड और शासन के कुछ बड़े अधिकारियों की कुछ चुनिंदा निजी घरानों के साथ मिली भगत है। नेशनल कोऑर्डिनेशन कमेटी ऑफ इलेक्ट्रिसिटी इंप्लाइज एंड इंजीनियर्स के आह्वान पर बुधवार को देश भर में विरोध-प्रदर्शन हुआ।



निजीकरण के विरोध में हुए प्रदर्शन में बिजली कर्मचारियों, अभियंताओ के साथ ही किसान संगठनों और उपभोक्ता संगठनों ने भी हिस्सा लिया।सभी ने नौ जुलाई को राष्ट्रव्यापी हड़ताल में हिस्सा लेने का संकल्प लिया। इस दौरान पूर्वांचल और दक्षिणांचल का निजीकरण प्रस्ताव रद्द करने की मांग की गई। विभिन्न राज्यों में विरोध प्रदर्शन में संबंधित राज्यों की बिजली समस्या के साथ ही पूर्वांचल और दक्षिणांचल का मुद्दा उठा। उत्तर प्रदेश के विभिन्न जिलों और परियोजना कार्यालयों पर हुए प्रदर्शन में निजीकरण को भ्रष्टाचार की उपज बताया गया। राजधानी लखनऊ में रेजिडेंसी पर हुए विरोध-प्रदर्शन में काफी संख्या में संयुक्त किसान मोर्चा का बैनर लेकर किसान शामिल हुए। रेजिडेंसी और मध्यांचल मुख्यालय पर प्रदर्शन के बाद सभा हुई। इस दौरान पदाधिकारियों ने आरोप लगाया कि प्रदेश सरकार ने विद्युत वितरण निगमों में घाटे के भ्रामक आंकड़ों देकर पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम एवं दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम के निजीकरण का निर्णय लिया है, जिससे प्रदेश के बिजली कर्मियों में काफी गुस्सा है। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रदेश में गलत पावर परचेज एग्रीमेंट के चलते विद्युत वितरण निगमों को निजी बिजली उत्पादन कंपनियों को बिना एक भी यूनिट बिजली खरीदे 6761 करोड़ का सालाना भुगतान करना पड़ रहा है। इसके अतिरिक्त निजी घरानों से बहुत महंगी दरों पर बिजली खरीदने के कारण लगभग 10000 करोड़ सालाना का अतिरिक्त भार आ रहा है। उत्तर प्रदेश में सरकारी विभागों पर 14400 करोड़ का बिजली राजस्व का बकाया है। प्रदेश सरकार की नीति के अनुसार किसानों को मुफ्त बिजली दी जाती है, गरीबी रेखा से नीचे के बिजली उपभोक्ताओं को 03 रुपये प्रति यूनिट की दर पर बिजली दी जाती है। जबकि बिजली की लागत 07.85 रुपये पैसे प्रति यूनिट है। बुनकरों आदि को भी सब्सिडी दी जाती है। सब्सिडी की धनराशि ही लगभग 22000 करोड़ रुपये है। प्रदेश सरकार इन सबको घाटा बताती है और इसी आधार पर निजीकरण का निर्णय लिया गया है।

### निजी घरानों से मिलीभगत का आरोप

प्रदर्शन के दौरान केंद्रीय नेताओं ने आरोप लगाया कि पावर कॉरपोरेशन लिमिटेड और शासन के कुछ बड़े अधिकारियों की कुछ चुनिंदा निजी घरानों के साथ मिली भगत है। वे लाखों करोड़ रुपये की बिजली की परिसंपत्तियों को कौड़ियों के मोल निजी घरानों को बेचना चाहते हैं। पूर्वांचल में प्रदेश की सबसे गरीब जनता रहती है। दक्षिणांचल में बुंदेलखंड के क्षेत्र में बेहद गरीब लोग रहते हैं जहां पीने के पानी की भी समस्या है। निजीकरण होने के बाद यहां के उपभोक्ताओं की सब्सिडी समाप्त होने का अर्थ होगा कि उपभोक्ताओं को 10 से 12 रुपये प्रति यूनिट की दर पर बिजली खरीदनी पड़ेगी जो वे नहीं कर पाएंगे। इस प्रकार उत्तर प्रदेश की गरीब जनता को लालटेन युग में धकेला जा रहा है। बिजली कर्मचारियों ने चेतावनी दी है कि यदि उत्पीड़न करने की कोशिश की गई तो देश के 27 लाख बिजली कर्मी मूक दर्शन नहीं रहेंगे। वे सड़क पर उतर कर आंदोलन करने के लिए बाध्य होंगे। जिसकी सारी जिम्मेदारी प्रदेश सरकार की होगी।

### अब 'एस्ट्रोप्रेन्योर' कहलाएंगे ज्योतिषी : डॉ. मिलिंद पांडे

**पुणे।** ज्योतिष शास्त्र अब केवल परंपरा नहीं, बल्कि व्यवसाय और उद्यमिता का एक नया क्षेत्र बनता जा रहा है। इसी विचार को बल देते हुए डॉ. मिलिंद पांडे ने ज्योतिष महोत्सव के उद्घाटन सत्र में कहा कि ज्ञान और श्रद्धा के बीच संतुलन साधते हुए ज्योतिष का अभ्यास करना ही आज के युग की मांग है।

उन्होंने यह भी प्रस्ताव रखा कि जैसे अन्य व्यवसायों में कार्यरत लोगों को एंटरप्रेन्योर (उद्यमी) कहा जाता है, वैसे ही ज्योतिष के क्षेत्र में काम करने वाले विद्वानों को अब 'एस्ट्रोप्रेन्योर' के रूप में पहचाना जाना चाहिए। डॉ. पांडे ने एक महत्वपूर्ण तथ्य भी साझा किया कि वर्तमान समय में देशभर में करीब 20 लाख से अधिक लोग ज्योतिष से जुड़े व्यवसाय में कार्यरत हैं।

### मानसून में हरियाली की गोद में बसा मुलशी - पुणे के पास प्रकृति का स्वर्ग

**पुणे।** जैसे ही महाराष्ट्र में मानसून ने दस्तक दी, पुणे के पश्चिमी छोर पर बसा मुलशी घाट प्रकृति प्रेमियों के लिए आकर्षण का केंद्र बन गया है। टाम्हिणी घाट, मुलशी डैम, और हरियाली से लिपटी घाटियाँ इस समय अपने पूरे सौंदर्य पर हैं। बारिश की फुहारें, झरने की कलकल, कुहासे में ढके पहाड़ और झीलों की नीरवता – इन सभी के मेल से मुलशी घाट मानसून में जादुई रूप ले लेता है। यह क्षेत्र न केवल पर्यटकों के लिए बल्कि ट्रेकर्स, फोटोग्राफर्स और बाइकर्स के लिए भी आदर्श ठिकाना बन चुका है। अनगिनत छोटे-बड़े झरने सड़क किनारे बहते हुए यात्रियों का स्वागत करते हैं। टाम्हिणी घाट की हरियाली, घाटियों में तैरते बादल और ठंडी हवा मन मोह लेती है।

# अब जमीन, मकान, दुकान खरीदना होगा और महंगा

### प्रशासन ने 10 वर्ष के बाद जारी किया नया डीएम सर्किल रेट

**सत्ता सुधार ■ लखनऊ**



प्रशासन ने 10 वर्ष के बाद नया डीएम सर्किल रेट जारी कर दिया है। इसके बाद से जमीन, मकान और दुकान खरीदना और महंगा हो जाएगा। ये रेट एक अगस्त से लागू किए जाएंगे। राजधानी लखनऊ में अब जमीन, मकान, दुकान खरीदना और महंगा हो जाएगा। 10 वर्ष बाद प्रस्तावित नया डीएम सर्किल रेट जारी किया गया है। आपत्तियां दूर करने के बाद एक अगस्त से इसको लागू किया जाएगा। नये डीएम सर्किल रेट में कृषि भूमि पर 15, व्यावसायिक पर 25 और बहुमंजिला भवनों पर 20 फीसदी तक की बढ़ोतरी की गई है। दुकान, कार्यालय व गोदाम पर औसतन 20 फीसदी की वृद्धि की गई है। गैर कृषि भूखंड व भवन, जिसकी चौहद्दी में यदि कोई व्यवसायिक गतिविधि है, तो ऐसे भूखंडों व भवनों की दर निर्धारित करने के बाद 20 फीसदी मूल्य बढ़ाया जाएगा।

# कांवड़ यात्रामार्ग पर हर फूड पॉइंट पर लगेगी रेट लिस्ट, आयुक्त डॉ. ऋषिकेश

## मालिक की जानकारी व क्यूआर कोड होगा शामिल

**सत्ता सुधार ■ मेरठ**



कांवड़ यात्रा मार्ग पर हर भोजनालय व फूड पॉइंट पर अब रेट लिस्ट लगाना जरूरी होगा। दुकान पर मालिक का नाम, रजिस्ट्रेशन नंबर और एक क्यूआर कोड लगाना अनिवार्य होगा। खुद आयुक्त डॉ. ऋषिकेश भास्कर यशोद ने व्यवस्था लागू करने के निर्देश दिए हैं। मेरठ में कांवड़ यात्रा के दौरान लाखों की संख्या में आने वाले श्रद्धालुओं को शुद्ध व गुणवत्तापूर्ण भोजन मिले, इसके लिए प्रशासन ने विशेष तैयारियां शुरू कर दी हैं। मेरठ मंडल के आयुक्त डॉ. ऋषिकेश भास्कर यशोद ने जानकारी दी कि कांवड़ मार्ग पर स्थित हर खाने-पीने की दुकान पर रेट लिस्ट, मालिक की जानकारी और रजिस्ट्रेशन नंबर प्रदर्शित करना अनिवार्य होगा।

### खाद्य सुरक्षा विभाग रखेगा निगरानी

आयुक्त ने बताया कि खाद्य सुरक्षा विभाग यह सुनिश्चित करेगा कि हर दुकान पर फूड सेफ्टी रजिस्ट्रेशन का प्रमाण पत्र लगा हो, जिसमें दुकानदार का नाम और पंजीकरण संख्या स्पष्ट रूप से दर्ज हो। इससे यात्रियों को दुकानों की प्रामाणिकता की जानकारी मिलेगी।

### क्यू आर कोड से मिलेगी पूरी डिटेल

डॉ. यशोद ने बताया कि हर दुकान पर एक क्यूआर कोड भी लगाया जाएगा, जिसे स्कैन करके कांवड़ यात्री दुकानदार और पंजीकरण से जुड़ी जानकारी तुरंत प्राप्त कर सकेंगे। इस व्यवस्था का उद्देश्य यह है कि कांवड़ियों को उनकी यात्रा के दौरान शुद्ध, सुरक्षित और गुणवत्तापूर्ण भोजन मिल सके।

### व्यवस्था से बढ़ेगा भरोसा और पारदर्शिता

प्रशासन को उम्मीद है कि इस कदम से न केवल खाने की दुकानों पर निगरानी बढ़ेगी, बल्कि कांवड़ यात्रियों को भी भरोसेमंद विकल्प मिलेंगे और शिकायतों की संभावना कम होगी।

# हाईकोर्ट पहुंचा सरकारी स्कूलों के विलय का मामला

**लखनऊ।** यूपी में सरकारी स्कूलों के विलय का मामला हाईकोर्ट पहुंच गया है। फैसले को चुनौती देने वाली याचिका पर सुनवाई के लिए कोर्ट ने 3 जुलाई की तारीख तय की है। उत्तर प्रदेश के परिषदीय प्राथमिक विद्यालयों के मर्जर (विलय) आदेश को हाईकोर्ट की लखनऊ पीठ में चुनौती दी गई है। याचिकाओं पर 3 जुलाई को सुनवाई की जाएगी। पहली याचिका, सीतापुर के प्राथमिक व उच्च प्राथमिक स्कूलों में पढ़ने वाले 51 बच्चों ने दाखिल की है। जबकि, इसी मामले में एक अन्य याचिका भी दाखिल हुई है। 16 जून को जारी उस आदेश को चुनौती देकर रद्द करने का आग्रह किया गया है जिसके तहत प्रदेश के प्राथमिक विद्यालयों के बच्चों की संख्या के आधार पर उच्च प्राथमिक या कंपोजिट स्कूलों में विलय करने का प्रावधान किया गया है।

**फैसले को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुनवाई आज**

### मुठभेड़ में हिस्ट्रीशीटर तौफीक गिरफ्तार, पैर में गोली लगने से घायल

**बरेली।** बरेली में शेरगढ़ थाने से हिस्ट्रीशीटर घोषित तौफीक उर्फ गुड्डू को बहेड़ी पुलिस ने मुठभेड़ में गिरफ्तार कर लिया। उसके खिलाफ विभिन्न थानों में 28 मुकदमे दर्ज हैं। बरेली के बहेड़ी थाना क्षेत्र में पुलिस ने मंगलवार रात मुठभेड़ के बाद हिस्ट्रीशीटर तौफीक उर्फ गुड्डू को गिरफ्तार कर लिया। कार्रवाई के दौरान पुलिस की गोली लगने से हिस्ट्रीशीटर घायल हो गया।










**स्वत्वाधिकारी, मुद्रक व प्रकाशक गोपाल श्रीवास्तव** के लिए भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, बाराघाटा इंडस्ट्रीयल एरिया प्लाट नं. 12ए झांसी रोड़ ग्वालियर से मुद्रित एवं रामतलाई हनुमान मंदिर के पास शिवपुरी रोड श्योपुर से प्रकाशित। संपादक - गोपाल श्रीवास्तव। **मोबाईल न. 9893126900, 7869966100**, फोन- फोन- 0751-4922849, भोपाल ऑफिस-0755-4002626, 4939910, आरएनआई नं. एमपीएचआईएन/2006/17513, विधिक सलाहकार श्री राजेंद्र जैन, एडवोकेट। **शिकायत एवं सुझाव हेतु संपर्क करें-6261052058, ई मेल- sattasudhar@gmail.com* समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार।**